# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

रायपुर, शुक्रवार 19 अप्रैल 2024






# हरिभूमि रण भूमि
## लोकसभा
## सत्ता संग्राम-2024



लोकसभा चुनाव में भाजपा ने दूसरे चरण के साथ तीसरे चरण के लिए भी अभी से पूरी ताकत झोंक दी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की 23 और 24 अप्रैल को छत्तीसगढ़ में तीन सभाएं होंगी। इसके पहले 22 अप्रैल तो प्रदेश में केंद्रीय मंत्री अमित शाह के साथ ही राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा रहेंगे। 21 अप्रैल को उप्र के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ राजनांदगांव के साथ ही बेलतरा और कोरबा में एक ही दिन में तीन सभाएं होंगी। कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी की 21 अप्रैल को डोंगरगांव और बालोद में सभा होगी।



# 23 को मोदी की सक्ती, धमतरी और 24 को सरगुजा में सभा, 22 को कांकेर में गरजेंगे शाह

### 21 को योगी आदित्यनाथ की खुज्जी, बेलतरा, कोरबा में सभा

### 22 को नड्डा की रायपुर, बिलासपुर और दुर्ग में सभा







हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ में लोकसभा का चुनाव तीन चरणों में होना है। पहले चरण में बस्तर की सीट पर शुक्रवार को मतदान होना है। ऐसे में अब भाजपा ने अपनी पूरी ताकत दूसरे और तीसरे चरण के चुनाव में लगा दी। भाजपा ने लगातार राष्ट्रीय नेताओं की ताबड़तोड़ सभाएं तय की है। 21 से 24 अप्रैल तक लगातार सभाएं होंगी।

### 21 को योगी-प्रियंका की सभाएं

राजनांदगांव की सीट हाई प्रोफाइल हो गई है, क्योंकि यहां से भाजपा के संतोष पांडेय के सामने प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल चुनाव लड़ रहे हैं। भाजपा और कांग्रेस दोनों ने यहां पर ताकत झोंकी है। केंद्रीय मंत्री अमित शाह की खैरागढ़ में सभा हो चुकी है। अब 21 अप्रैल को उप्र के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सभा तय की गई है। यह सभा राजनांदगांव में होगी। इसी दिन डोंगरगांव में प्रियंका गांधी की भी सभा होगी। उनकी एक सभा बालोद में भी होगी। योगी आदित्यनाथ की राजनांदगांव के अलावा बेलतरा और कोरबा में भी सभा होगी।

### 23 को दो और 24 को मोदी की एक सभा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का एक बार फिर से 23 और 24 अप्रैल को लगातार दो दिनों तक छत्तीसगढ़ आना होगा। इस दौरे में उनकी एक सभा दूसरे चरण के लिए महासमुंद लोकसभा के धमतरी में दोपहर को तीन बजे होगी। तीसरे चरण के लिए होने वाले चुनाव में जांजगीर चांपा में भी पीएम मोदी की इसी दिन सभा सक्ती में दोपहर एक बजे होगी। दूसरे दिन सुबह को 9 बजे सरगुजा में प्रधानमंत्री की सभा होगी।

### 22 को शाह और नड्डा की सभाएं

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा का पहला दौरा 22 अप्रैल को होने वाला है। उनके इस दौरे में एक साथ तीन सभाओं की रणनीति बनी है। पहली सभा बिलासपुर के लोरमी में होगी। इसके बाद दूसरी सभा दुर्ग लोकसभा के भिलाई और तीसरी रायपुर लोकसभा के चंदखुरी में होगी। इसी के साथ राष्ट्रीय अध्यक्ष शाम को रायपुर में प्रदेश संगठन की लोकसभा चुनाव को लेकर बैठक भी लेंगे। इसी दिन केंद्रीय मंत्री अमित शाह की कांकेर में एक बजे सभा होगी। इस सभा के बाद श्री शाह महाराष्ट्र जाएंगे।



## आमने/सामने

### सुप्रिया ने भूपेश के कहने पर तो नहीं दिया बयान
**रंजना साहू**



*भाजपा की प्रवक्ता रंजना साहू ने कांग्रेस की राष्ट्रीय प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत पर तीखा हमला करते हुए कहा, यह करके कांग्रेस ने इस बात को स्पष्ट कर दिया कि छत्तीसगढ़ के सारे नेता सुप्रिया के साथ हैं व नक्सलियों को शहीद मानते हैं। कहीं न कहीं छत्तीसगढ़ कांग्रेस और भूपेश बघेल के कहने पर ही उन्होंने यह बयान दिया था। उन्होंने कहा, छत्तीसगढ़ के पत्रकारों का भी सुप्रिया ने अपमान किया, उनके सवालों को अभद्र बताया। छत्तीसगढ़ के पत्रकार अभद्र नहीं हैं, हां जरूर सुप्रिया आपको अपने अंदर झांकने की जरूरत है आप क्या हैं?*

### भाजपा ने मेरे बयान को कांटछाट कर वायरल किया
**सुप्रिया श्रीनेत**



*कांग्रेस की राष्ट्रीय प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत ने कहा, नक्सल घटना पर मेरी जानकारी में एक जवान शहीद होने की थी। उनके प्रति मेरी संवेदना है, इस सवाल से मैं आहत हूं, दुखी हूं। आप उस कांग्रेस पार्टी से ऐसे सवाल कर रहे हैं, जिसके पूरा शीर्ष व्यक्तित्व का सफाया करने का काम नक्सलियों ने किया था। हम भूले नहीं हैं। उन्होंने बीजेपी पर सवाल उठाते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी काट छांटकर बयान चलाती है। यह दो कौड़ी के टुच्ची हरकत है। भाजपा ने बयान को इधर से काट दिया उधर से काट दिया है।*

## मेरठ में योगी-गोविल



मेरठ। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ गुरुवार को मेरठ जिले में लोकसभा चुनाव के पहले चरण की पूर्व संध्या पर सिसोली में एक सार्वजनिक बैठक के दौरान मेरठ निर्वाचन क्षेत्र से भाजपा उम्मीदवार अरुण गोविल और अन्य के साथ।

# ईवीएम में गड़बड़ी का सबूत जुटाने चुनाव लड़ रहे वकील



**रामपुर।** मशहूर वकील महबूब प्राचा रामपुर लोकसभा सीट से चुनाव लड़ रहे हैं लेकिन वो ये चुनाव जीत या हार के बदले इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) में गड़बड़ी के आरोपों के पक्ष में पुख्ता सबूत जुटाने के लिए लड़ रहे हैं। रामपुर लोकसभा सीट पर 19 अप्रैल को पहले चरण में मतदान है जहां अखिलेश यादव की सपा ने दिल्ली की एक मस्जिद के इमाम मोहिबुल्लाह नदवी तो भाजपा ने मौजूदा सांसद घनश्याम लोधी को दोबारा उतारा है। रामपुर सीट से निर्दलीय लड़ रहे महमूद प्राचा का कहना है कि वह ईवीएम से मतदान के खिलाफ पुख्ता सबूत जमा करने के लिए चुनाव लड़ रहे हैं। उन्होंने ईवीएम के खिलाफ अपनी लड़ाई में विपक्षी दलों के साथ नहीं देने पर अफसोस जताया। खुद को आंबेडकरवादी कहने वाले प्राचा ने कहा, "मेरा मानना है कि चुनाव कानूनन तभी वैध है, जब वह मतपत्र से हो। मेरे पास इसके सारे सबूत हैं। विपक्षी गठबंधन से राहुल गांधी और फारूख अब्दुल्ला ने ईवीएम के खिलाफ बात तो की लेकिन वह सड़कों पर नहीं आए।"

## गुरुग्राम में बुलेटरानी



गुरुग्राम। बाइक सवार राजलक्ष्मी मंदा, जिन्हें बुलेट रानी के नाम से भी जाना जाता है, लोकसभा चुनाव से पहले भाजपा और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के समर्थन में अपनी बाइक यात्रा चुनाव अभियान के दौरान गुरुवार गुरुग्राम में लोगों के साथ।

## लोकसभा चुनाव

### कांग्रेस व राकांपा के बीच सीधा मुकाबला अजित गुट के आने से रोचक हुआ चुनाव

# लक्षद्वीप में इंडिया गठबंधन के दो दलों में होगी सीधी जंग

*केंद्र शासित प्रदेश लक्षद्वीप की एक मात्र लक्षद्वीप लोकसभा सीट पर 19 अप्रैल को मतदान कराया जाएगा। यह सीट कांग्रेस की परंपरागत सीट के रुप में पहचानी जाती है, जहां अब तक हुए 16 लोकसभा चुनाव में कांग्रेस ने 12 चुनावों में जीत दर्ज की है। खास बात ये है कि इस सीट पर लक्षद्वीप की राजनीति में बड़ा नाम माने जाने वाले पीएम सईद लोकसभा चुनाव जीते हैं। भाजपा को इस सीट पर अभी तक कभी जीत नसीब नहीं हुई।*

ओपी पाल ▶▶| नई दिल्ली

मोदी की लहर में कांग्रेस का विजय रथ तो थमा, लेकिन इसका श्रेय राकांपा के मोहम्मद फैसल पदीपुरा को रहा, जिन्होंने पिछले दोनों लोकसभा चुनाव में कांग्रेस को धूल चटाई है। इसी वजह से इस सीट पर कांग्रेसनीत गठबंधन का हिस्सा होते हुए भी रांकापा(शरद पवार) कांग्रेस प्रत्याशी के खिलाफ चुनाव मैदान में हैं। जबकि राजग गठबंधन का हिस्सा बनी राकांपा (अजित) ने भी इस मुकाबले में प्रत्याशी उतारकर त्रिकोणीय मुकाबला बनाने का प्रयास किया है।, लेकिन मुख्य मुकाबला इंडिया गठबंधन के दोनों दलों के बीच ही चुनावी जंग होने की उम्मीद जताई जा रही है। इस सीट पर कुल चार प्रत्याशियों के लिए 55 मतदान केंद्रों पर 19 अप्रैल को होने वाले मतदात में 57729 मतदाता वोटिंग करेंगे, जिनमें 29232 पुरुष और 28497 महिला मतदाता है। इस सीट पर बनाए गये 55 मतदान केंद्रों पर वहीं इस सीट पर 169 सर्विस मतदाता भी अपना वोट करेंगे।

### 36 द्वीपों का समूह

भारत के केंद्र शासित प्रदेशों में सबसे छोटे यूटी लक्षद्वीप 36 द्वीपों के समूह से बना हुआ है, जहां केवल सात द्वीपों पर ही आबादी है। बाकी द्वीप पर्यटन केंद्र के रुप में विकसित हैं, लेकिन पर्यटकों को केवल छह द्वीपों पर ही जाने की अनुमति है। भौगोलिक और प्राकृतिक सुंदरता के केंद्र में शुमार लक्षद्वीप केवल 32 वर्ग किमी क्षेत्र में फैला हुआ है।





### यह है चुनावी इतिहास

*दरअसल लक्षद्वीप लोकसभा सीट पर साल 2019 और साल 2014 के लोकसभा चुनाव में राकांपा (शरद पवार) इस बार भी चुनाव मैदान में हैं, जिन्हें कांग्रेस का गढ़ तोड़कर इसे अपना सियासी गढ़ बनाया है। इंडिया गठबंधन के बावजूद इस सीट पर कांग्रेस ने भी पूर्व सांसद मोहम्मद हमदुल्ला सईद को अपने प्रत्याशी बनाकर विरासत बचाने की रणनीति अपनाई है। लेकिन इन दोनों प्रमुख दलों के प्रत्याशियों के बीच भाजपा समर्थित राकांपा (अजित) ने भी टीपी युसूफ को सियासी जंग में उतारकर चुनाव को रोचक बना दिया है। इस बार इस सीट पर केवल चार प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं, जिनमें चौथे प्रत्याशी कोया निर्दलीय रुप अपनी किस्मत आजमा रहे हैं। इससे पहले राजनीतिक इतिहास पर गौर की जाए तो यहां पहले चुनाव में कांग्रेस ने जीत दर्ज कर विजय रथ शुरू किया था, लेकिन 1967 के चुनाव में यहां पीएम सईद ने निर्दलीय प्रत्याशी के रुप में शानदार जीत दर्ज कर कांग्रेस को जवाब दिया। लेकिन इसके बाद कांग्रेस ने लगातार पीएम सईद को चुनाव लड़ाया, जो निरंतर दस दस बाद लोकसभा सांसद रहे। हालांकि 2004 के चुनाव में इस सीट पर जदयू ने विजय पताका लहराया, लेकिन इसके बाद फिर 2009 तक कांग्रेस इस सीट पर कब्जा करती रही, जिस पर राकांपा के मो. फैसल ने पलटवार करके अपना विजय रथ अभियान शुरु किया। इस बार उन्हें अपनी जीत की हैट्रिक की उम्मीद है।*

## अंडमान निकोबार

### भाजपा को जीत की उम्मीद




देश के सदूर आईलैंड के रूप में अंडमान और निकोबार द्वीप समूह की एक मात्र लोकसभा सीट के चुनावी इतिहास को देखते हुए यहां राजनीतिक समीकरणों में उलटफेर देखे गये हैं। इस सीट पर जहां 2014 के चुनाव में मोदी लहर में इस सीट पर भाजपा के विष्णु पद रे ने चुनाव जीता था, लेकिन पिछले 20219 के चुनाव में कांग्रेस के कुलदीप राय ने पलटवार करके इस सीट पर जीत दर्ज की थी। इस सीट पर भाजपा ने साल 1999 में भजापा जीती, तो 2004 में यह बाजी कांग्रेस ने पलटी। फिर अगले लोकसभा चुनाव में यहां लगातार यहां लगातार दो बार भाजपा काबिज रही। लेकिन इस बार भाजपा के प्रत्याशी विष्णु पद रे को अपनी जीत की उम्मीद है। इस सीट पर कांग्रेस के कुलदीप राय से ही उनका मुकाबला होना है। इसके अलावा इस सीट पर सीपीआई, बसपा, एडीएमके जैसे क्षेत्रीय दलों समेत कुल 14 प्रत्याशी चुनावी जंग में हैं, जिन्हें 19 अप्रैल को 412 मतदान केंद्रों पर होने वाले चुनाव में 317876 मतदाताओं के चक्रव्यूह को भेदने की चुनौती रहेगी।

### ये है संक्षिप्त इतिहास

अंडमान और निकोबार द्वीप समूह भी लक्षद्वीप की तरह ही 572 छोटे बड़े द्वीपों का गढ़ है। अंडमान और निकोबार ही वही प्रदेश हैं, आजादी की जंग में सबसे पहले अंग्रेजो से आजाद कराकर यहां पहली बार तिरंगा फहराया गया था। यहां की राजधानी पोर्ट ब्लेयर की सेल्यूलर जेल में काली पानी की सजा दी जाती थी। भारत के दक्षिण-पूर्वी किनारे पर स्थित अंडमान निकोबार द्वीप समूह में विभिन्न राजनीतिक, सांस्कृतिक और ऐतिहासिक घटनाओं का संगम देखते ही बनता है।

### केरल की चुनावी सभा में बोले रक्षामंत्री राजनाथ

# राहुल गांधी में अमेठी से चुनाव लड़ने की हिम्मत नहीं

एजेंसी ▶▶| तिरुवनंतपुरम

लोकसभा चुनाव की शुरुआत होने वाली ही है और सभी पार्टी जोरो-शोरो से प्रचार प्रसार में लगे हुए हैं। इसी बीच बीजेपी के वरिष्ठ नेता और केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कांग्रेस के नेता राहुल गांधी पर तंज कसते हुए बयान दिया है। केरल के पथानामथिट्टा निर्वाचन क्षेत्र से बीजेपी उम्मीदवार अनिल के एंटनी को चुनाव प्रचार के दौरान राजनाथ सिंह ने कहा कि राहुल गांधी साल



2019 में उत्तर प्रदेश के अमेठी लोकसभा सीट से चुनाव हार गए थे, जिसकी वजह से उनमें इस बार अमेठी से चुनाव लड़ने की हिम्मत नहीं है। उन्होंने कहा कि राहुल अपनी हार के बाद उत्तर प्रदेश से केरल चले गए।

## राहुल का चुनावी कैंपेन संभालने वाला भाजपा में शामिल

**अमेठी।** यूपी की हॉटसीट अमेठी (लोकसभा चुनाव 2024) पर सबकी नजर है। अभी तक कांग्रेस तय नहीं कर पाई है कि यहां से पूर्व सांसद राहुल गांधी दोबारा चुनाव लड़ेंगे या नहीं। अमेठी से उम्मीदवार के सवाल पर खुद राहुल गांधी स्पष्ट जवाब देने से बच रहे हैं। इस बीच, यहां से कांग्रेस को तगड़ा झटका लग गया है। राहुल गांधी का चुनाव प्रचार संभालने वाले कांग्रेस नेता विकास अग्रहरि ने अब बीजेपी का दामन थाम लिया है। केंद्रीय मंत्री स्मृति इरानी की मौजूदगी में उन्होंने बीजेपी की सदस्यता ग्रहण की है।

### वायरल वीडियो से जमुई में मचा तूफान

# तेजस्वी की सभा में चिराग की मां को दी गई गाली

एजेंसी ▶▶| जमुई

बिहार के जमुई में राजद नेता तेजस्वी यादव की चुनावी सभा में राजद कार्यकर्ताओं द्वारा लोजपा (रामविलास) के प्रमुख चिराग पासवान और उनके परिवार को अपशब्द कहे जाने का एक वीडियो वायरल हो रहा है। इस वायरल वीडियो को लेकर लोजपा प्रमुख चिराग पासवान ने कहा कि तेजस्वी यादव के व्यवहार से दुखी हूं। दरअसल, जमुई क्षेत्र का एक वीडियो वायरल हो रहा है जिसमें तेजस्वी यादव मंच पर भाषण देते दिख रहे हैं और नीचे से राजद



कार्यकर्ताओं द्वारा चिराग और उनके परिवार को लेकर भद्दी-भद्दी बातें कही जा रही है। वीडियो के संज्ञान में आने के बाद चिराग पासवान ने कहा कि वे तेजस्वी यादव से दुखी हैं। उन्होंने तेजस्वी को छोटा भाई बताते हुए कहा कि उस मंच पर मेरे छोटे भाई तेजस्वी यादव खड़े थे।

### जनसभा का वीडियो हुआ है वायरल

जमुई में तेजस्वी यादव की जनसभा का एक वीडियो वायरल हुआ। इस वीडियो में साफ दिख रहा है कि तेजस्वी यादव जनसभा को संबोधित करने के लिए माइक पर हैं। उनके बगल में जमुई की राष्ट्रीय जनता दल प्रत्याशी अर्चना रविदास खड़ी हैं। मंच के ठीक सामने राजद की महिला प्रत्याशी के आगे चिराग पासवान और उनकी मां को लेकर आपत्तिजनक बातें कही जा रही हैं। एक बार नहीं, बार-बार। राजद समर्थक यह अपशब्द बोल रहे हैं और सामने राजद के पूर्व विधायक विजय कुमार को संबोधित करते हुए जीत का दावा कर रहे हैं।

### पुडुचेरी लोकसभा सीट पर इस बार त्रिकोणीय मुकाबला होने के आसार

# राजग के लिए आसान नहीं कांग्रेस का सियासी किला ढहाना!

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

दक्षिण भारत में सियासी जमीन तलाशती भाजपा के लिए पुडुचेरी लोकसभा सीट पर इस बार त्रिकोणीय मुकाबला होने के आसार हैं। जबकि पुडुचेरी लोकसभा क्षेत्र को कांग्रेस का सियासी गढ़ माना जाता है। इस बार लोकसभा चुनाव में जहां पीएमके व सत्तारुढ एनआरकांग्रेस के सहयोगी दलों के साथ राजग ने भाजपा प्रत्याशी के रुप में पुडुचेरी सरकार के मंत्री ए. नमस्सिवयम को चुनावी मैदान में उतारा है, जो इस सीट कांग्रेस प्रत्याशी एवं मौजूदा सांसद वी वैथिलिंगम को चुनौती दे सकते हैं। वी वैथिलिंगम इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी हैं। जबकि



तमिलनाडु की द्रविड़ सियासत के चलते एडीएमके के चुनाव मैदान में आने से इस सीट पर त्रिकोणीय मुकाबला होने के आसार बने हुए हैं। इसके बावजूद पुडुचेरी लोकसभा पर कांग्रेस के सियासी गढ़ को फेतह करना राजग के भाजपा प्रत्याशी के लिए आसान नहीं होगा? लोकसभा चुनाव के पहले चरण में पुडुचेरी की राजनीतिक समीकरण बदलने के लिए सियासी जमीन तैयार कर रही भाजपा ने पुडुचेरी को अपने चुनावी घोषणा पत्र में पूर्ण राज्य का दर्जा देने का वादा किया है। वहीं भाजपा पुडुचेरी में किये गये विकास कार्यो को भी मुद्दा बनाकर इस बार जीत के प्रति आश्वस्त है। वहीं कांग्रेसनीत गठबंधन भाजपा के ऐसे वादों को जुमला बताकर अपने वर्चस्व को कायम रखने के प्रयास में है। राजनीति के जानकारों के मुताबिक इस सीट पर इस बार उतरे 26 प्रत्याशी चुनावी नतीजों को प्रभावित कर सकते हैं।

### पुडुचेरी में महिलाओं की बड़ी भूमिका

पुडुचेरी की 38 विधानसभा क्षेत्रों को मिलाकर बनी एक मात्र लोकसभा सीट पर 19 अप्रैल को मतदान होगा। हालांकि पुडुचेरी विधानसभा 33 सदस्यीय सदन है, जहां तीन विधायक मनोनीत किये जाते हैं। पुडुचेरी लोकसभा सीट पर चुनाव मैदान में उतरे 26 प्रत्याशियों को 10,23,699 मतदाताओं के बने चक्रव्यूह को भेदने की चुनौती है। खास बात ये है कि इस बार के चुनाव में 480569 पुरुष मतदाताओं के मुकाबले 542979 महिला मतदाताओं की वोट अहम भूमिका निभाएगी। इस सीट पर 151 थर्डजेंडर भी मतदान करेंगे। साल 2019 में कुल मतदाताओं की संख्या 7,90,760 थी, जिसमें 5,41,505 पुरुष व 4,79,932 महिला मतदाता थे।

### कांग्रेस का गढ़ रहा है पुडुचेरी

केंद्र शासित प्रदेश पुडुचेरी में अब तक हुए 14 लोकसभा चुनावों में से दस बार कांग्रेस ने अपना परचम लहराया है। मोदी लहर के बावजूद पिछले 2019 के चुनाव में कांग्रेस के वैथीलिंगम ने एआईएनआरसी प्रत्याशी के. नारायणसामी को हराकर जीते थे। मसलन इस लोकसभा के पहला और पिछला अंतिम चुनाव भी कांग्रेस के नाम दर्ज हुआ। इसके अलावा यहां एडीएमके, डीएमके, एआईएनआरसी व पीएमके एक-एक बार चुनाव जीत सकी है। इस बार इस सीट पर भाजपा प्रत्याशी ए नमस्सिवायम अपनी समृद्ध राजनीतिक पृष्ठभूमि के बल पर चुनाव जीतने की जुगत में हैं।

### पुडुचेरी का इतिहास

तमिलनाडु से सटे केंद्र शासित प्रदेश पुडुचेरी की भाषा तमिल है, लेकिन यहां तेलुगु के साथ मलयालम भाषा भी बोली जाती हैं। समुद्र के किनारे होने के कारण पुडुचेरी में बड़े स्तर पर मछली पालन किया जाता हैं।



भीषण गर्मी में पीने का पानी भी हुआ खत्म तब हरिभूमि ने की मदद


# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी


नक्सलियों के आईईडी और हमले से बचने जवानों ने तीन लेयर में किया था सुरक्षा घेरा

**पैदल ले जाया जा रहा**

एक दिन पहले दंडवन में नक्सली वारदात हुआ था, जहां उपसरपंच की नक्सलियों द्वारा हत्या कर दी गई थी इस लिहाज़ से सुरक्षा को देखते हुए हमें फोर्स के द्वारा पैदल ले जाया जा रहा है। जंगल में 10 किलोमीटर पैदल चलने के बाद हम सब थक चुके हैं। पीने का पानी भी खत्म हो चुका है, लोकतंत्र के महापर्व में सब की सहभागिता जरूरी है। शांतिपूर्ण मतदान करवाकर हम जरूर लौट आएंगे।

-राजेंद्र कुमार यादव, मतदान दल कर्मी

## नक्सलगढ़ में लोकतंत्र की अग्नि परीक्षा!

## जहां हुई थी भाजपा नेता की हत्या, वहां 10 किमी पैदल चलकर पहुंचा मतदान दल

शेख महमूद ▶▶| नारायणपुर

हरिभूमि लाइव

बस्तर लोकसभा चुनाव को लेकर पुलिस हाई अलर्ट दिख रही है। धुर नक्सल प्रभावित मतदान केंद्रों में वोटिंग कराने के लिए हेलीकॉप्टर से मतदान दल को भेजने के बाद गुरुवार को सड़क मार्ग से मतदान दलो को भेजा गया हैं, इसी बीच दो दलों को ▶▶| शेष पेज 2 पर

तीन घंटे नक्सली हमले की चुनौतियों के बीच सफर हुआ तय



**पानी की थोड़ी समस्या**

नक्सली इलाके में पार्टी को सीधे रोड से ले जाना बहुत ही खतरनाक हो सकता है। ईवीएम मशीन और मतदान दल के लोगों को हम अपनी सुरक्षा घेरा में लेकर जा रहे हैं। गर्मी की वजह से पानी की ▶▶| शेष पेज 2 पर

### दिग्गजों का भाग्य ईवीएम में आज होगा कैद

# पहला चरण... भीषण-रण, बस्तर समेत 102 सीटों का होगा फैसला

लोकसभा चुनाव में 19 अप्रैल को पहले चरण का मतदान होगा। बस्तर की एक सीट समेत देशभर में 102 सीटों के लिए वोट डाले जाएंगे। जिन सीटों पर मतदान होगा, उसके आसपास के जिलों की सीमाएं सील कर दी गई हैं। बस्तर के नक्सल प्रभावित क्षेत्र और उत्तर पूर्व के इलाकों में स्थित मतदान कर्मियों को बूथ तक पहुंचाने के लिए हेलिकॉप्टर की मदद ली गई है। केंद्रीय अर्धसैनिक बलों के करीब तीन लाख जवानों ने तीन स्तरीय सुरक्षा घेरा तैयार किया है। चुनावी जिलों में इंटीग्रेटेड कंट्रोल रूम स्थापित किए गए हैं।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

खास खबर

लोकसभा चुनाव के पहले चरण में शुक्रवार को मतदान शुरू होने के साथ ही विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र में चुनावी महाकुंभ का शंखनाद होने जा रहा है। पहले चरण में 21 राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों की 102 संसदीय सीटों पर मतदान होगा। पहले चरण में अरुणाचल प्रदेश (60 सीटें) और सिक्किम (32 सीटें) में विधानसभा चुनाव भी होंगे। इस चरण के प्रमुख उम्मीदवारों में केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी, सर्बानंद सोनोवाल और भूपेन्द्र यादव, कांग्रेस के गौरव गोगोई, और द्रमुक की कनिमोई शामिल हैं। निर्वाचन आयोग के ▶▶| शेष पेज 2 पर



- 21 राज्य में मतदान
- 41 हेलीकॉप्टर
- 84 विशेष रेलगाड़ियां
- 1,00,000 वाहन



### इन राज्यों में चुनाव

पहले चरण में जिन राज्यों की सभी लोकसभा सीटों पर मतदान होगा उनमें तमिलनाडु (39), उत्तराखंड (5), अरुणाचल प्रदेश (2), मेघालय (2), अंडमान और निकोबार द्वीप ▶▶| शेष पेज 2 पर

### इन दिग्गजों के भाग्य का फैसला

- नितिन गडकरी
- किरेन रीजीजू
- अर्जुन राम मेघवाल
- सर्बानंद सोनोवाल
- संजीव बालियान
- जितेंद्र सिंह
- भूपेन्द्र यादव
- नकुलनाथ

### बस्तर में रहेगा तीन स्तरीय सुरक्षा घेरा

**जगदलपुर।** छत्तीसगढ़ की बस्तर सीट पर मतदान के लिए कड़े सुरक्षा प्रबंध किए गए हैं। तीन स्तरीय सुरक्षा घेरा तैयार किया गया है। मतदान कर्मियों को हेलीकॉप्टर के जरिए बूथों तक पहुंचाया गया। नक्सली हमले के खतरे के मद्देनजर, सीआरपीएफ ▶▶| शेष पेज 2 पर

### छग की इकलौती सीट बस्तर में 60 हजार फोर्स तैनात

**रायपुर।** बस्तर में लोकसभा चुनाव को लेकर निर्वाचन आयोग ने तैयारियां पूरी कर ली हैं। यहां पहले चरण का मतदान शुक्रवार को है। यहां मुख्य रूप से भाजपा के महेश कश्यप और कांग्रेस के कवासी लखमा के बीच मुकाबला है। कई और प्रत्याशी भी चुनाव मैदान पर हैं। इधर, मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी रीना बाबा कंगाले ने जानकारी दी कि बस्तर में होने वाले प्रथम चरण के लोकसभा चुनाव के लिए लगभग 60 हजार सुरक्षा बल तैनात रहेंगे, जिनमें 350 कंपनी केंद्रीय सुरक्षा बल के साथ 300 कंपनियां स्टेट पुलिस की होंगी। कुल मिलाकर 650 कंपनियां तैनात रहेंगी। बस्तर में एसटीएफ, डीआरजी, बस्तर फाइटर्स, सीआरपीएफ, आईटीबीपी जैसे अन्य सुरक्षाबल के जवान तैनात किए गए हैं। तैनात सुरक्षा बलों के जरिए एरिया डोमिनेशन, डी-माइनिंग और ड्रोन से भी निगरानी रखी जा रही है।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी रीना बाबासाहेब कंगाले ने पहले चरण के मतदान की तैयारियों को लेकर कहा, 19 अप्रैल को बस्तर लोकसभा के लिए मतदान होना है। ▶▶| शेष पेज 2 पर

**INDIAN PREMIER LEAGUE 2024 स्कोर बोर्ड**

| मुंबई | | पंजाब |
|---|---|---|
| 192/7 | VS | 183/10 |

9 रन से जीती मुंबई

3 विकेट : जसप्रीत बुमराह

प्लेयर ऑफ द मैच

आज का मैच

लखनऊ VS चेन्नई

समय : शाम 7.30 बजे

### ड्रग्स गिरोह का भंडाफोड़

**नई दिल्ली।** ग्रेटर नोएडा में किराये के एक मकान से 25 किलोग्राम मादक पदार्थ एमडीएमए कथित तौर पर बरामद किये जाने के बाद चार नाइजीरियाई नागरिकों को गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने 50 करोड़ रुपये मूल्य का कच्चा माल भी जब्त किया है, जिसका इस्तेमाल एमडीएमए को बनाने के लिए किया जा सकता था।

## अशोका में इलेक्ट्रिशियन को गटर में उतारा, दो की मौत, जमकर हंगामा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

तेलीबांधा थाना क्षेत्र के अशोका बिरयानी में गटर साफ करने उतरे दो कर्मचारियों की दम घुटने से मौत हो गई। खबर है, मृतकों में एक वहां इलेक्ट्रिशियन का काम करता था। ऐसे में सवाल उठता है कि बिरयानी सेंटर के संचालक ने अपने यहां काम करने वाले इलेक्ट्रिशियन को गटर की सफाई करने क्यों नीचे उतारा। दोनों कर्मचारियों की दम घुटने से मौत होने की आशंका व्यक्त की जा रही है। घटना के बाद वहां जमकर हंगामा हो गया। कवरेज करने गए पत्रकारों से झूमाझटकी और मारपीट की गई। हंगामे के बाद पुलिस ने अशोका बिरयानी के तीन ▶▶| शेष पेज 2 पर



- घटना की कवरेज करने गए पत्रकारों के साथ झूमाझटकी मारपीट
- मारपीट करने के आरोप में पुलिस ने तीन को गिरफ्तार किया

### पत्रकारों के साथ मारपीट के बाद हंगामा

दो की मौत के बाद घटना को कव्हरेज करने गए एक निजी न्यूज चैनल के पत्रकार के साथ वहां काम करने वाली दो महिला कर्मचारियों सहित तीन लोगों ने मारपीट की और उनका कैमरा तोड़ दिया। मौके पर उपस्थित आईएनएच न्यूज चैनल की टीम बीच-बचाव करने पहुंची, तब अशोका बिरयानी के गुंडों ने उनके साथ भी बदसलूकी करते हुए ▶▶| शेष पेज 2 पर

**चुनाव ड्यूटी से अपना नाम कटवाने के लिए आवेदन भी करने लगे हैं अधिकारी -कर्मचारी**

# परिवार में शादी... कमर दर्द और बीपी, शुगर का हवाला, चुनाव से छुट्टी मांगने 2000 अर्जियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

अलग खबर

रायपुर लोकसभा चुनाव में कार्य करने वाले अधिकारियों व कर्मचारियों की ड्यूटी की सूची तैयार कर ली गई है। इस सूची में शामिल कई अधिकारी और कर्मचारी चुनाव ड्यूटी से अपना नाम कटाने के लिए आवेदन भी करने लगे हैं। जिले से ऐसे करीब दो हजार कर्मचारियों के आवेदन जिला निर्वाचन अधिकारी कार्यालय को ▶▶| शेष पेज 2 पर

### लोकसभा चुनाव की ड्यूटी से बचने सीरियस मामलों के अलावा बहानेबाजी भी चल रही, आवेदनों का हो रहा परीक्षण

### ड्यूटी से बचने तरह-तरह के बहाने


चुनाव ड्यूटी से बचने के लिए कई कर्मचारी तरह-तरह के बहाने भी बना रहे हैं। इसके लिए आवेदन में शुगर, बीपी, कमर दर्द सहित कई तरह की छोटी-छोटी बीमारी का हवाला दे रहे हैं, तो कोई घर के बड़े-बुजुर्ग की सेवा, कोई बच्चों की देखभाल तो कोई परिवार व रिश्तेदारी में शादी का हवाला ▶▶| शेष पेज 2 पर



### गंभीर बीमारी व समस्या देखकर काट रहे नाम

*लोकसभा चुनाव की ड्यूटी से नाम कटवाने के लिए हजारों आवेदन आए हैं। इनमें फिलहाल गंभीर बीमारी से ग्रस्त तथा गर्भवती महिला कर्मचारियों के नाम ही ड्यूटी से काटे गए हैं। अन्य आवेदनों का परीक्षण के बाद 20 अप्रैल को निराकरण किया जाएगा।*

*- विश्वदीप, प्रभारी अधिकारी व सीईओ, जिला पंचायत रायपुर*

चिंतन

# वैश्विक तनाव के दौर में सतर्क रहे भारत

पहले चरण के चुनाव और ईरान व इजराइल के बीच शुरू जंगी तनाव के बाद से भारतीय शेयर बाजार और सर्राफा बाजार ने उतार-चढ़ाव वाली प्रतिक्रिया दी है। शेयर बाजार में गिरावट दर्ज की गई है तो सर्राफा बाजार में तेजी देखी जा रही है। पहले चरण में 19 अप्रैल को 102 लोकसभा सीटों पर मतदान होने जा रहा है। इसके लिए अंतिम दिनों में प्रचार अभियान के दौरान सियासी दलों का पारा बेशक गर्म रहा, लेकिन भारतीय शेयर बाजार में उतार जारी रही है। भारतीय शेयर बाजारों में बृहस्पतिवार को लगातार चौथे कारोबारी सत्र में गिरावट रही। सेंसेक्स 455 अंक और निफ्टी 152 अंक गिर गया। लोकसभा चुनाव, ईरान व इजराइल के बीच युद्ध जैसा तनाव, नीतिगत दर में कटौती की उम्मीद कम होने और घरेलू बाजार से विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) की लगातार पूंजी निकासी के चलते शेयर बाजार में बिकवाली जारी है। पश्चिम एशिया में बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव और अमेरिकी ब्याज दर में कटौती की उम्मीद कम होने से भी कारोबारी धारणा निगेटिव रूप से प्रभावित हो रही है। अमेरिकी शेयर बाजार में भी गिरावट का चक्र चल रहा है। सेंसेक्स में चार दिन से जारी तेज गिरावट के कारण निवेशकों की संपत्ति 9.30 लाख करोड़ रुपये कम हो गई। चार दिन में सेंसेक्स 2,549.16 अंक या 3.39 प्रतिशत टूट चुका है। बीएसई मानक सूचकांक के 10 अप्रैल को 75,000 के ऐतिहासिक आंकड़े के पार बंद होने के बाद 12 अप्रैल से बाजार में गिरावट जारी है। इसके उलट सोने का भाव एतिहासिक रूप से बढ़ रहे हैं। ईरान व इजराइल के बीच जंगी तनाव शुरू होने के बाद से सोने भाव 11 हजार रुपये प्रति दस ग्राम तक बढ़ चुके हैं, यहा दिखाता है कि निवेशकों में कितनी घबराहट है। दरअसल, जब वैश्विक स्तर पर किसी संकट के गहराने की आशंका प्रबल होती है तो निवेशकों का रुख बदलने लगता है, वह शेयर बाजार से विमुख होकर सोने में निवेश शुरू कर देता है। यही कारण है कि शेयर बाजार में गिरावट दर्ज होने लगती है और सर्राफा बाजार में तेजी आने लगती है। इस समय वैश्विक स्तर पर भूराजनीतिक तनाव अपने चरम पर है। रूस व यूक्रेन जंग तीसरे वर्ष में जारी है, हमास व इजराइल के बीच जंग चल ही रही है, ईरान ने ड्रोन व मिसाइल से हमले कर इजराइल के खिलाफ नया मार्चा खोल दिया है, अब इजराइल बदले की ताक में है। वैश्विक रक्षा व कूटनीतिक विशेषज्ञ इस स्थिति को विस्फोटक मान रहे हैं, वे आशंका जता रहे हैं कि कहीं यह तीसरे विश्व युद्ध का रूप न ले ले। इसके पीछे सोच यह है कि इन युद्धों के चलते दुनिया दो ध्रुवों में विभाजित होती जा रही है, धीरे-धीरे युद्ध में प्रत्यक्ष वा अप्रत्यक्ष देशों की संख्या बढ़ती जा रही है। संयुक्त राष्ट्र जिस तरह कमजोर संस्था बन रह गई है, और वह वैश्विक संघर्ष को कम करने में विफल साबित हो रही है, उससे तीसरे विश्व युद्ध जैसे हालात उत्पन्न होने की आशंका प्रबल होती जा रही है। जो अमेरिका वैश्विक शांति व सुरक्षा में बढ़चढ़ कर भूमिका निभाता रहा है, इजराइल प्रेम व ईरानी दुश्मनी के चलते खुद ही संघर्ष में लिप्त होता जा रहा है। भारत बेशक तटस्थ है, लेकिन वैश्विक स्थिति का उस पर भी प्रभाव अवश्य पड़ेगा। वैश्वीकृत अर्थव्यवस्था के चलते सबसे अधिक प्रभाव अर्थव्यवस्था पर पड़ेगा। भारतीय शेयर बाजार ने रिएक्ट करना शुरू कर दिया है। चूंकि भारत विकास पथ पर है, उसके विकसित अर्थव्यवस्था बनने के संकल्प हैं, इसलिए भारत को अत्यधिक सतर्क रहना होगा।

# मध्य पूर्व में अमन कायम हो



इजराइल-ईरान तनाव
प्रभात कुमार रॉय

ईरान द्वारा इजराइल पर सैन्य धावा अंजाम देने के पश्चात क्या इजराइल और ईरान के बीच पैदा हुआ जबरदस्त सैन्य तनाव किसी बड़े विकराल युद्ध में परिवर्तित हो सकता है और समस्त मध्य पूर्व को अपनी चपेट में ले सकता है? फिलिस्तीन की गाजा पट्टी से सात अक्टूबर 2023 को फिलिस्तीन तंजीम हमास द्वारा इजराइल पर किए गए आकस्मिक आक्रमण से प्रारंभ हुए संघर्ष के वर्तमान दौर में ईरान द्वारा फिलिस्तीन के हमास, यमन के हूतियों, लेबनान के हिज्बुल्लाह, इराक के शिया मिलिशिया और सीरिया सरकार को फिलिस्तीनियों की मदद करने के लिए दौलत और हथियार फराहम कराए जाते रहे हैं।

यक्ष प्रश्न है कि ईरान द्वारा इजराइल पर सैन्य धावा अंजाम देने के पश्चात क्या इजराइल और ईरान के बीच पैदा हुआ जबरदस्त सैन्य तनाव किसी बड़े विकराल युद्ध में परिवर्तित हो सकता है और समस्त मध्य पूर्व को अपनी चपेट में ले सकता है? फिलिस्तीन की गाजा पट्टी से सात अक्टूबर 2023 को फिलिस्तीन तंजीम हमास द्वारा इजराइल पर किए गए आकस्मिक आक्रमण से प्रारंभ हुए संघर्ष के वर्तमान दौर में ईरान द्वारा फिलिस्तीन के हमास, यमन के हूतियों, लेबनान के हिज्बुल्लाह, इराक के शिया मिलिशिया और सीरिया सरकार को जबरदस्त तौर पर फिलिस्तीनियों की मदद करने के लिए बेशुमार दौलत और हथियार फराहम कराए जाते रहे हैं। इजराइल और हमास के मध्य जारी संघर्ष के इस दौर में इजराइल द्वारा सीरिया की राजधानी दमिश्क में ईरान के वाणिज्य दूतावास पर घातक आक्रमण किया, जिसमें कि ईरान के रिवॉल्यूशनरी गार्ड्स के दो जनरल तथा अनेक सैन्य अधिकारियों सहित 13 ईरानी हलाक हो गए थे। इन सैन्य अधिकारियों में ईरान की कुद्स फोर्स के ब्रिगेडियर जनरल मोहम्मद रेजा जाहेदी भी शामिल थे। कुद्स फोर्स ईरान के इलीट सैन्य फोर्स रिवॉल्यूशनरी गार्ड्स का ईरान से बाहर सैन्य कार्यवाही अंजाम देने वाला सैन्य दस्ता है।

हालांकि इजराइल ने अभी तक कदाचित यह नहीं कबूल किया है कि उसने ही दमिश्क में ईरान के वाणिज्य दूतावास पर घातक हमला किया था। इस आक्रमण के प्रतिशोध में ईरान ने इजराइल पर 300 से अधिक ड्रोन विमानों तथा ब्लास्टिक और क्रूज मिसाइलों से सीधा धावा बोल दिया। ईरान द्वारा अंजाम दिए गए आक्रमण में इजराइल को बहुत कम नुकसान उठाना पड़ा, क्योंकि इजराइल ने दावा किया है कि ईरान द्वारा दागी गई 90 प्रतिशत ब्लास्टिक और क्रूज मिसाइलों को हवा में ही मार गिराया गया। हालांकि इस जवाबी हमले में ईरान ने अपनी सैन्य क्षमता का बहुत कम प्रयोग किया, क्योंकि ईरान केवल सांकेतिक तौर पर इजराइल को यह पैगाम देना चाहता था कि वह इजराइल के विरुद्ध सीधा सैन्य आक्रमण अंजाम दे सकता है। ईरान के रिवॉल्यूशनरी गार्ड्स वस्तुतः सीरिया के माध्यम से ही हिज़बुल्लाह तंजीम के लिए हथियार और सैन्य साज़ो सामान भेजा करते हैं। इनमें मिसाइलें और रॉकेट आदि शामिल रहे हैं। इजराइल इन हथियारों की आपूर्ति को रोकने की सदैव कोशिश में रहा है। साथ ही वह सीरिया में ईरान की सैन्य ताक़त को मज़बूत होता भी नहीं देखना चाहता। यदि हम अतीत पर एक विहंगम दृष्टि डालें तो फिर यह ज्ञात होता है कि वर्ष 1979 तक ईरान और इजराइल एक दूसरे के जबरदस्त सहयोगी देश बने रहे थे, किंतु 1979 में ईरान में इस्लामी क्रांति संपन्न हो जाने के पश्चात एक दूसरे के दुश्मन देश बन गए हैं। ईरान द्वारा अंजाम दिए गए इस आक्रमण से पहले भी दोनों ही देश एक दूसरे पर अप्रत्यक्ष तौर पर आक्रमण करते रहे हैं, लेकिन इन आक्रमणों में प्रायः एक दूसरे के सैन्य ठिकानों को निशाना बनाया जाता रहा था, दोनों देशों ने कभी इन हमलों की जिम्मेदारी नहीं ली। अभी तक ईरान ने इजराइल के अस्तित्व को बाकायदा कूटनीतिक तौर पर स्वीकार नहीं किया है।




ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्लाह अली खामेनेई फरमाते हैं इजराइल एक कैंसर का ट्यूमर है और उसे पूरी तरह नेस्तनाबूद कर दिया जाएगा। इजराइल हुकूमत बयान करती कि ईरान उसके अस्तित्व के लिए बहुत गंभीर खतरा बना हुआ है। इजराइल हुकूमत इल्जाम आयद करती है कि ईरान फिलिस्तीनियों को हथियारबंद करता रहता है, लेबनान को फंडिंग करता है और हथियार फराहम कराता है। इजराइल का इल्जाम है कि ईरान गुप्त तौर पर परमाणु हथियार निर्मित कर रहा है, जबकि ईरान न्यूक्लियर बम बनाने से एकदम स्पष्ट इनकार करता है। मध्य-पूर्व में अमेरिका और इजराइल के हितों को चुनौती देने के लिए ईरान ने सहयोगियों का एक शक्तिशाली नेटवर्क निर्मित कर लिया है। ईरान किसी न किसी स्तर पर इन सहयोगियों का मदद करता रहता है। हकीकत बयान करती है कि इजराइल के पास परमाणु हथियार विद्यमान हैं, लेकिन आधिकारिक तौर पर इजराइल इसे स्वीकार नहीं करता है और ईरान परमाणु बम निर्मित कर पाने की क्षमता से कुछ कदम ही दूर है। इजराइल हमेशा ही ईरान के साथ किसी भी तरह के समझौते का विरोधी रहा है। सीरिया वस्तुत ईरान का सबसे बड़ा सहयोगी देश रहा है। रूस की मदद से ईरान ने सीरिया में बशर अल-असद की सरकार की निरंतर इमदाद और हिमायत की है। एक दशक से चल रहे गृह युद्ध के बावजूद बशर अल-असद रूस और ईरान की सक्रिय इमदाद से सीरिया के राष्ट्रपति पद पर आसीन हैं। यूक्रेन युद्ध के दौर में ईरान द्वारा रूस को भारी संख्या में ड्रोन विमान प्रदान किए जा रहे हैं। विश्व राजनीति के पटल पर एक दफा पुनः परस्पर विरोधी दो शक्तिशाली सैन्य गुटों का उदय हो चुका है और दुनिया के दरवाजे पर एक और कोल्ड वॉर बाकायदा दस्तक दे चुकी है। एक तरफ अमेरिका की कयादत में नॉटो सैन्य संधि के राष्ट्र हैं तो दूसरी तरफ चीन, रूस, ईरान, नार्थ कोरिया, सीरिया, लेबनान, यमन, क्यूबा आदि राष्ट्र एकजुट हैं। इजराइल को ईरान के विरुद्ध सीधी सैन्य कार्यवाही अंजाम देने से अमेरिका द्वारा फिलहाल रोक दिया गया है। अमेरिका को प्रबल आशंका है कि इजराइल द्वारा ईरान के विरुद्ध जवाबी सैन्य कार्यवाही से युद्ध का विकट विस्तार हो सकता है। विश्व पटल पर ईरान अब अकेला और अलग थलग देश नहीं रह गया है, वरन रूस और चीन सरीखी प्रबल सैन्य शक्तियों का समर्थन ईरान के साथ सन्नद हो चुका है। चीन द्वारा सऊदी अरब और ईरान के मध्य कूटनीतिक मित्रता स्थापित करने का समुचित प्रयास किया जा रहा है। यूक्रेन युद्ध में दो वर्षों से निरंतर उलझा हुआ अमेरिका कदाचित नहीं चाहता है कि उसके लिए जंग का एक नया मोर्चा अभी और खुल जाए, इजराइल वस्तुतः अमेरिका के समर्थन और सैन्य सहयोग के अभाव में ईरान से कदापि सीधे युद्ध करने की हिम्मत कदाचित नहीं जुटा सकता है। दरअसल जब तक फिलिस्तिनियों को खुदमुख्तार और आजाद राष्ट्र नहीं हासिल हो जाएगा तब तक मध्यपूर्व में शांति स्थापित नहीं हो सकेगी। पश्चिम के नॉटो राष्ट्रों ने फिलीस्तिनियों के साथ घनघोर अन्याय किया है। अमेरिका की कयादत में नॉटो राष्ट्रों द्वारा इजराइल का अन्ध समर्थन किया जाता रहा है और फिलिस्तिनियों के वाजिब हक की उपेक्षा की जाती रही है। वर्ष 1948 में संयुक्त राष्ट्र द्वारा नवनिर्मित राष्ट्र इजराइल को 55 फीसदी और फिलिस्तिनियों को 45 फीसदी जमीन पर हक प्रदान किया गया। जबकि आजकल फिलिस्तिनियों पास केवल 15 फीसदी जमीन रह गई है। विगत अक्तूबर से गाजा में इजराइल द्वारा जो जुल्म बच्चों और महिलाओं को कत्ल औ गारद अंजाम देकर ढाया जा रहा है। मानवाधिकारों का ढोल पीटने वाले पश्चिमी देश एकदम खामोश बने हुए है। फिलिस्तीन समस्या के समुचित और न्यायपूर्ण निदान के बिना मध्यपूर्व में शांति और अमन की स्थापना नहीं की जा सकेगी और विनाशकारी युद्ध की आशंकाएं निरंतर कायम बनी रहेंगी।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

आम चुनाव
विवेक शुक्ला




# पूर्वोत्तर भाजपा के लिए क्यों अहम

पूर्वोत्तर भारत के राज्यों में 19, 26 अप्रैल और फिर 9 मई को लोकसभा की 25 सीटों के लिए मतदान होना है। भाजपा की चाहत है कि वह अपने सहयोगियों के साथ पूर्वोत्तर के राज्यों में इस बार क्लीन स्वीप करे। 2019 के लोकसभा चुनाव में अलग-अलग लड़ने के बावजूद भाजपा और उसकी सहयोगी पार्टियों को 25 में से 19 सीटों पर जीत मिली थी। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने भाजपा की तरफ से पूर्वोत्तर में कैंपेन की कमान संभाली हुई है। उन्होंने बीते सोमवार को एक चुनावी सभा में कहा कि मोदी के नेतृत्व वाली सरकार की प्राथमिकता शांति स्थापित करना और मणिपुर में सभी समुदायों के बीच एकता सुनिश्चित करना है। इस बार का चुनाव मणिपुर को एकजुट करने और राज्य के विभाजन का विरोध करने के लिए है। गृहमंत्री ने सभा में कहा, 'हम किसी भी कीमत पर मणिपुर को विभाजित नहीं होने देंगे।' पीएम मोदी हमेशा कहते रहे हैं कि देश की किस्मत तब बदलेगी, जब पूर्वोत्तर और मणिपुर की किस्मत बदलेगी। मोदी न केवल क्षेत्र और देश का विकास कर रहे हैं, बल्कि मणिपुर और भारत की भी रक्षा कर रहे हैं। पूर्वोत्तर भारत में लोकसभा की 25 सीटें आठ राज्यों में फैली हुई हैं। इनमें, अकेले असम में 14 सीटें हैं। मणिपुर, अरुणाचल प्रदेश, मेघालय और त्रिपुरा में दो-दो सीटें हैं, जबकि नगालैंड, सिक्किम और मिजोरम में एक-एक सीट है। वहीं, विपक्षी दलों ने भी भाजपा के विजयरथ को रोकने के लिए साथ आने का फैसला किया है। इस बार के चुनाव में सबकी नजर नॉर्थ ईस्ट पर हैं। इस बीच, एक खबरिया चैनल के मुताबिक, 14 लोकसभा सीट वाले असम में सत्तारूढ़ भाजपा 11 से 13 सीट जीत सकती है, जबकि कांग्रेस के 0 से 1 सीट जीतने की उम्मीद है। वहीं, बदरुद्दीन अजमल की ऑल इंडिया यूनाइटेड डेमोक्रेटिक फ्रंट (एआईयूडीएफ) की भी 0 से 1 सीट जीतने की उम्मीद है. वहीं, नॉर्थ ईस्ट के अन्य राज्यों की 11 सीट में बीजेपी 4 से 6 सीट जीत सकती है। सर्वे के अनुसार कांग्रेस को नॉर्थ ईस्ट में 0 से 2 सीट मिल सकती हैं, जबकि अन्य के खाते में 4 से 6 सीट जा सकती हैं। इस बीच, पूर्वोत्तर मामलों के जानकार भी कहते हैं कि केन्द्र सरकार ने देश के पूर्वोत्तर राज्यों के इंफ्रास्ट्रक्चर विकास के लिए दिल खोलकर मदद की है। इसका भाजपा को लाभ मिलेगा। पूर्वोत्तर क्षेत्र के लिए प्रधानमंत्री विकास पहल (पीएम-डिवाइन) को केन्द्रीय बजट 2022-23 में 100 प्रतिशत केंद्रीय वित्त पोषण के साथ एक नई केंद्रीय क्षेत्र योजना के रूप में घोषित किया गया था और 12 अक्टूबर, 2022 को केंद्रीय मंत्रिमंडल ने 2022-23 से 2025-26 तक 4 साल की अवधि (15वें वित्त आयोग की अवधि के शेष वर्ष) के लिए 6,600 करोड़ के कुल परिव्यय के साथ अनुमोदित किया था। पीएम डिवाइन योजना के लिए विस्तृत दिशा निर्देश 21 अगस्त 2023 को जारी किए गए थे। उधर, राजधानी में रहने वाले पूर्वोत्तर राज्यों के नागरिक अपने राज्य के चुनावी माहौल पर नजरें टिकाए हुए हैं। पेशे से सिविल इंजीनियर जेम्स मणिपुर कहते हैं, अब दिल्ली-एनसीआर अपना लगता है। हम यहां ही 25 मई को अपना वोट देंगे। इधर हमारे साथ नस्लीय हिंसा और भेदभाव की घटनाएं गुजरे दौर की बातें हो चुकी हैं। जेम्स की टिप्पणी से भरोसा जागता है, पर अरुणाचल प्रदेश के नौजवान निडो तानिया के साथ जो हुआ था वह भी तो भुलाया नहीं जाता। उनकी 2014 में लाजपत नगर में नस्लीय टिप्पणी का विरोध करने पर हत्या कर दी गई थी। उस भयावह घटना की गूंज दूर तक गई थी। दिल्ली शर्मसार भी हुई थी। टी. वांगमू नोरबू दार्जिलिंग से हैं। कहती हैं, दिल्ली पुलिस ने नार्थ ईस्ट, दार्जिलिंग और लद्दाख के नागरिकों के मसलों को देखने के लिए एक अलग से यूनिट बनाकर ठोस पहल की थी। बेशक, इसके गठन के बाद हमारी एक पुरानी मांग पूरी हुई थी। पर्वतारोही वांगमू नोरबू को अब रात को किसी पार्टी से अपने वसंत कुंज वाले घर वापस आते हुए डर नहीं लगता। वजह दिल्ली पुलिस का उनको लेकर अधिक सेंसटिव होना है। इसके कामकाज को खुद गृह मंत्री अमित शाह देखते हैं। 2014 में जब नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केन्द्र में एनडीए की सरकार बनी तब तत्कालीन गृह मंत्री राजनाथ सिंह ने पूर्वोत्तर परिषद के सदस्य एमपी बेजबरुआ की अध्यक्षता में एक समिति का गठन किया था। समिति का एक सुझाव यह भी था कि दिल्ली पुलिस में एक डेडिकेटिड यूनिट पूर्वोत्तर के नागरिकों के मसलों को सुलझाने के लिए बने। सरकार ने इस सिफारिश को माना। जाहिर है, तब से दिल्ली पुलिस का समावेशी चेहरा भी सामने आया। वर्ना पहले तो दिल्ली पुलिस का मतलब दिल्ली देहात और हरियाणा ही होता था। बहरहाल, भाजपा को अगर 370 सीटों को जीतने के अपने लक्ष्य को प्राप्त करना है, तो उसे पूर्वोत्तर राज्यों में पहले से बेहतर प्रदर्शन करना ही होगा।

(लेखक वरिष्ठ स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## जीवन का मार्गदर्शन करती है अंतःकरण की आवाज



संकलित
प्रेरणा

हमारे अंतःकरण की आवाज हमारी मुख्य मार्गदर्शक होती है। यही हमें सही और गलत में अंतर का आभास कराती है। मनोविज्ञान के अनुसार, जब किसी मनुष्य का कोई कार्य, विचार और अभिव्यक्ति नैतिक मूल्यों के विपरीत परिणाम देती है तो अंतर्मन की आवाज उस व्यक्ति में ग्लानि और पश्चाताप की भावना को जन्म देती है, लेकिन जब हमारे कार्य नैतिक मूल्यों के अनुरूप परिणाम देते हैं तो इससे मन भीतर से प्रसन्न होता है। आज के इस कोलाहल भरे समय में हम प्रायः अपने अंतःकरण की आवाज को सुन नहीं पाते या उसे सुनकर उस पर अपेक्षित मनन नहीं करते। यही कारण है कि हम अपने जीवन में भटकाव महसूस करते हैं। महात्मा गांधी तो अंतःकरण की आवाज को ही सर्वोच्च मानते थे। उनके कई निर्णयों का आधार ही अंतःकरण की आवाज थी। इसी कारण गांधीजी सत्य के साथ खड़े रहे। इसीलिए उनके द्वारा किए गए अधिकांश प्रयोग सफल रहे। जीवन में सदैव संतुष्ट एवं प्रसन्न रहने का सरल सा तरीका यही है कि हम अपने अंतःकरण की आवाज सुनें, क्योंकि हमारे अंदर से आने वाली आवाज प्रत्येक परिस्थिति में सही होती है। हम जब कभी भी कुछ गलती या बुरा आचरण कर रहे होते हैं, तब हम अपनी भूल को जानते हैं। हमें कुछ अटपटा सा लगता है। भीतर से आवाज आती है कि यह कार्य उचित नहीं है। यही हमारे अंतःकरण की आवाज होती है। यही आवाज हमें कुछ गलत करने से रोकती है। जब हम अपने अंतःकरण की आवाज को अनसुना करते हैं तो अंतरात्मा से हमारा संपर्क कमजोर हो जाता है।

## मृत्यु अटल है, जो समझते हैं, वे प्रसन्न रहेंगे



संकलित
दर्शन

एक प्रवचन के बाद एक व्यक्ति तुकाराम के पास आया और बोला कि आप इतने आनंद में और शांत कैसे रहते हैं? तुकाराम जी ने उस व्यक्ति की बातें ध्यान से सुनीं और अचानक बोले कि भाई सात दिनों के बाद तुम्हारी मृत्यु होने वाली है। ये बात सुनते ही तुरंत ही उस व्यक्ति की हालत खराब हो गई। क्योंकि वह मानता था कि तुकाराम जी बहुत सिद्ध संत हैं, इनकी बात गलत नहीं हो सकती है। उसने तय किया कि जीवन के सात दिन बचे हैं तो अब आनंद के साथ ही जीना चाहिए। उस व्यक्ति ने अपनी जीवन शैली ही बदल दी। सभी के साथ प्रेम से रहने लगा। उसने जो गलतियां की थीं, उनमें सुधार किया। जिन लोगों को उसकी वजह से नुकसान हुआ था, उनसे क्षमा मांगी। हर पर प्रसन्न रहने लगा। इसी तरह सातवां दिन आ गया। उनसे सोचा कि अंतिम दिन अपने गुरु से भी मिल लेना चाहिए। वह तुरंत ही तुकाराम जी के पास पहुंच गया। उसने कहा कि जैसा आपने कहा था कि मेरी सात दिन बात मृत्यु होगी। आज सातवां दिन है। अंतिम दिन मैं आपसे मिलने आया हूं। तुकाराम जी ने उसकी बात सुनी और कहा कि जुग-जुग जियो। ये बात सुनकर उस व्यक्ति ने कहा कि गुरु जी मैं अगले दिन तो मैं मर जाऊंगा तो आप ऐसा आशीर्वाद क्यों दे रहे हैं? तुकाराम जी ने कहा कि मैंने तो तुम्हें तुम्हारे ही सवाल का जवाब दिया था, तुमने मेरे प्रसन्न रहने का रहस्य पूछा था।

## अंतर्मन




## आज की पाती


### कुप्रथा का अंत कैसे होगा

दहेज का मतलब होता है बेटी को शादी के समय अपनी खुशी से कोई उपहार देना। भारत में यह प्रथा प्राचीन काल से चली आ रही है। लेकिन आधुनिक और भौतिकवाद के समय में आज कुछ लालची लोगों ने इसे कुप्रथा बना दिया है। हमारे देश में दहेज कुप्रथा अभी भी पैर पसारे हुए है। हमारे राज्य में भी इस कुप्रथा का चलन कोई कम नहीं है। यहां भी दहेज लेने-देने की रूढ़िवादी परंपरा गरीबों के लिए अभिशाप बनी हुई है। दहेज के बहुत से रूप हैं, सोना, चांदी, गाड़ी, इलेक्ट्रॉनिक सामान, और भी न जाने क्या कुछ। शादी के समय वधू पक्ष की तरफ से वर पक्ष के रिश्तेदारों को कपड़े, कंबल आदि सामान देने की रूढ़िवादी रीत चली हुई है। वर पक्ष जब वधू पक्ष के घर पर बारात लेकर पहुंचते हैं तब मिलनी कराने के नाम पर भी दहेज दी जाती है।

*– ज्योति पाठक, रायगढ़*

## ट्रेंड


### रिफॉर्म, परफॉर्म पर जोर



भारत का पूरा जोर रिफॉर्म, परफॉर्म और ट्रांसफॉर्म पर है। विकास के प्रति हमारा दृष्टिकोण भविष्यवादी है और इसका उद्देश्य एक बेहतर और अधिक टिकाऊ ग्रह का निर्माण करना भी है। हम इसके लिए पूरी शिद्दत से प्रयास में जुटे हैं।

-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

### प्रसन्नता विचार सापेक्ष



जब मनुष्य के पास सद्विचारों का प्रकाश आता है, तो उसे शाश्वत आह्लाद की संप्राप्ति होती है।आनंद का अर्थ है, प्रसन्नता, शांति, स्फूर्ति, उमंग और उल्लास का आना। प्रसन्नता वस्तु और पदार्थ सापेक्ष नहीं अपितु विचार सापेक्ष है।

-अवधेशानंद, आध्यात्मिक गुरु

### क्रांतिकारी कदम होगा



कांग्रेस ने कर्नाटक में हर गरीब महिला के खाते में हर महीने 2000 रुपये डाल कर दिखाया। अब पूरे देश की गरीब महिलाओं के खाते में हर माह 8500 रुपये डालकर दिखाएगी। महालक्ष्मी योजना करोड़ों 'क्रांतिकारी कदम' बनने जा रही है।

-राहुल गांधी, कांग्रेस नेता

### बुनियादी जरूरतों का होना खुशी




हम में से बहुत से लोग कहते हैं कि पैसे से खुशी नहीं खरीदी जा सकती, लेकिन पैसे से भोजन खरीदा जा सकता है, आवास खरीदा जा सकता है, स्वास्थ्य बिल चुकाए जा सकते हैं, फीस भरी जा सकती है, इन बुनियादी जरूरतों का होना खुशी है।

-हर्ष गोयनका, उद्योगपति

## करंट अफेयर

### यूएन का सदस्य बन जाएगा फिलिस्तीन?



मान्यता को लेकर फिलिस्तीन के लिए शुक्रवार बड़ा दिन साबित होने वाला है। खबर है कि संयुक्त राष्ट्र में फिलिस्तीन की पूर्ण सदस्यता के लिए मतदान होने जा रहा है। हालांकि, यह राह पूरी तरह से आसान नहीं है। संभावनाएं जताई जा रही हैं कि अमेरिका की तरफ से इसे वीटो किया जा सकता है। खास बात है कि यह ऐसे समय पर हो रहा है, जब इजरायल और हमास के बीच गाजा में जारी जंग 6 महीने से जारी है। रॉयटर्स के अनुसार, राजनयिकों का कहना है कि फिलिस्तीन की यूएन में पूर्ण सदस्यता के लिए अनुरोध पर शुक्रवार को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में मतदान होगा। उन्होंने कहा कि 15 सदस्यीय परिषद दोपहर 4 बजे उस मसौदा प्रस्ताव पर मतदान करेगी, जिसमें 193 सदस्यीय संयुक्त राष्ट्र महासभा से सिफारिश की गई है कि फिलिस्तीन को यूएन की सदस्यता दी जाए। अब खास बात है कि प्रस्ताव को पास होने के लिए पक्ष में कम से कम 9 मतों की जरूरत है। साथ ही अमेरिका, ब्रिटेन, फ्रांस, रूस या चीन इसपर वीटो न करें। काउंसिल के सदस्य अल्जीरिया ने मसौदा प्रस्ताव पेश किया था और गुरुवार को मिडिल ईस्ट पर सुरक्षा परिषद की बैठक साथ मतदान करने का अनुरोध किया था।

## ऑफ बीट

### क्या एआई हमारे दिमाग को पढ़ सकता है? शायद नहीं




इस साल की शुरुआत में, न्यूरालिंक ने 29-वर्ष के एक अमेरिकी युवक नोलैंड आर्बॉघ, जो कंधे से नीचे तक लकवाग्रस्त है, के मस्तिष्क में चिप प्रत्यारोपित किया था। चिप ने आर्बॉघ को माउस पॉइंटर को स्क्रीन पर घूमने की कल्पना मात्र से स्थानांतरित करने में सक्षम बना दिया है। मई 2023 में, अमेरिकी शोधकर्ताओं ने जेनेरिक एआई के संयोजन में मस्तिष्क स्कैन से किसी के मन में आने वाले शब्दों को 'डीकोड' करने के लिए एक गैर-आक्रामक तरीके की भी घोषणा की। इसी तरह की एक परियोजना ने 'दिमाग पढ़ने वाले एआई हैट' का जिक्र करके सुर्खियां बटोरीं। क्या तंत्रिका प्रत्यारोपण और जनरेटिव एआई वास्तव में ''दिमाग पढ़ सकते हैं''? क्या वह दिन आ रहा है जब कंप्यूटर किसी के भी पढ़ने के लिए हमारे विचारों की सटीक वास्तविक प्रतिलिपि तैयार कर सकेंगे? ऐसी तकनीक के कुछ लाभ हो सकते हैं - विशेष रूप से ग्राहक लक्ष्यीकरण डेटा के नए स्रोतों की तलाश करने वाले विज्ञापनदाताओं के लिए - लेकिन यह गोपनीयता के अंतिम गढ़ को ध्वस्त कर देगा: हमारे अपने दिमाग का एकांत। हालाँकि, इससे पहले कि हम घबराएँ, हमें यह पूछना बंद कर देना चाहिए: क्या तंत्रिका प्रत्यारोपण और जनरेटिव एआई वास्तव में ''दिमाग पढ़ने'' का काम कर सकते हैं?

## अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

रायपुर
शुक्रवार, 19 अप्रैल 2024
चैत्र शुक्ल पक्ष एकादशी
वर्ष : 22, अंक : 271
पृष्ठ : 12+4+4 = 20 मूल्य : 5.00**

मौसम
अधि. 40.7
न्यून. 26.2

हरिभूमि
छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com


# इस सीजन बीज महंगा, मोटा धान 3400, पतला 3900 रुपए, रागी का रेट गिरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

खास खबर

छत्तीसगढ़ में खरीफ सीजन में उगाई जाने वाली फसलों की खेती थोड़ी महंगी होगी। छत्तीसगढ़ राज्य बीज एवं कृषि विकास लिमिटेड ने अनाज, दलहन एवं तिलहन फसलों के प्रमाणिक बीजों की कीमतें बढ़ा दी हैं। राज्य स्तरीय बीज विक्रय दर निर्धारण समिति ने नई दरें अनुमोदित की है। ये दरें धान की तीन किस्मों के साथ कुल 14 प्रकार की फसलों पर लागू होंगी। हालांकि अभी सोसायटियों में नए बीज नहीं आए हैं। राज्य स्तरीय बीज ▶▶ शेष पेज 2 पर

### आधार बीज का रेट प्रति क्विंटल 100 रुपए अधिक सोसायटियों में अभी नहीं पहुंचा है बीज



### धान की सबसे अधिक कीमत छत्तीसगढ़ में

राज्य में हालांकि धान की तीनों किस्मों के बीजों की दरों में वृद्धि हुई है, लेकिन यह भी उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ में धान की सबसे अधिक कीमत 31 सौ रूपए प्रति क्विंटल यहां मिलती। न्यूनतम समर्थन मूल्य के अतिरिक्त अंतर की यह राशि राज्य सरकार अदा करती है। यही कारण है कि राज्य में धान का उत्पादन हर साल तेजी से बढ़ रहा है। धान उत्पादन के रकबे में भी वृद्धि हुई है। राज्य सरकार ने पिछले खरीफ सीजन में किसानों से 144.92 लाख मीट्रिक टन धान खरीदा है। किसानों के यह राशि उनके बैंक खातों में ट्रांसफर की गई है।

### बीज की दरें



| किस्में | नई दर 2024 | पुरानी दर 2023 |
|---|---|---|
| धान मोटा | 3400 | 2800 |
| धान पतला | 3900 | 3000 |
| धान सुगंधित | 4500 | 3400 |
| कोदो | 7200 | 6000 |
| रागी | 3400 (कमी) | 4600 |
| उड़द | 12500 | 10250 |
| मूंग | 11200 | 10100 |
| सोयाबीन | 8200 | 8100 |
| मूंगफल्ली | 11900 | 9500 |
| तिल | 19300 | 14700 |
| रामतिल | 13000 | 11050 |
| ढेंचा | 9900 | 8350 |
| सनई | 11600 | 7800 |

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

# नक्सलियों ने माना, मारे गए उनके 29 साथी 27 के बताए नाम, शव लेने पहुंचे परिजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कांकेर/जगदलपुर

हरिभूमि फॉलोअप

कलपर के जंगल में 16 अप्रैल को हुई मुठभेड़ में मारे गए नक्सलियों के शव लेने के लिए उनके परिजन मेडिकल कॉलेज पहुंचने लगे हैं। गुरुवार तक 9 नक्सली के परिजन मेडिकल कॉलेज पहुंचकर शव की पहचान कर चुके हैं। पुलिस ने अभी तक 16 नक्सलियों की पहचान का जिक्र किया है। इधर, नक्सलियों के महिला संगठन ने बयान जारी कर अपने 29 साथियों के मारे जाने की पुष्टि की और 27 के नाम भी बताए।

जानकारी के अनुसार मेडिकल कॉलेज के एटॉनामी विभाग में 17 और 18 अप्रैल को पीएम हुआ। यहां दो दिनों में 29 शव का पीएम किया गया। शव की पहचान के लिए नक्सली रजिता के परिजन आदिलाबाद, सुकनाम पद्दा के परिजना छिंदपुर छोटेबेठिया से, लखमी नुरेटी के परिजना ओरछा से, रीता सलामे कोहका (मानपुर), जनिला नुरेरी कलपर, गीता हुपेंडी परतापुर और बैजनाथ पद्दा बटटेकाल से पहुंचे थे। परिजनों ने शव की पहचान कर ली है और पुलिस उन्हें शव सुपुर्द कर रही है।

### 16 की शिनाख्त, परिजनों को सौंपा जा रहा शव, नक्सलियों ने जारी की चिट्ठी



### महिला संगठन ने पत्र में बताए सही नाम

दण्डकारण्य जोनल की क्रांतिकारी आदिवासी महिला संगठन प्रवक्ता रामको हिचामी ने प्रेसनोट जारी करते हुए बताया कि कांकेर के छोटे बेठिया के जंगल में मारे गए जिन नक्सलियों के नाम फोर्स प्रचारित कर रही है, वह गलत है। इन गलत नामों की वजह से लोगों में चिंताजनक व भ्रम की स्थिति बनी हुई है। मुठभेड़ में मारे गए 29 में से 27 नक्सलियों के नाम जारी करते हुए बताया मुठभेड़ में मारे गए साथियों में शंकर निवासी जिला वारंगल के अलावा बदरू करिगुंडम, अनिता पूर्व बस्तर खोन्डोम, विनोद मानपुर, रीता, मानपुर, रमेश ओयम भैरमगढ़, बचनु, गंगालूर, सुरेखा गढ़चिरौली महाराष्ट्र, कविता नेण्डूर, रजिया आदिलाबाद, भूमे दक्षिण बस्तर ग्राम अपेल, कार्तिक पश्चिम बस्तर ग्राम मरूम, रोशन दरभा डिविजन, देवाल गंगालूर पिड़िया, दिनू गुड्डू दुरदा, अन्वेश दक्षिण बस्तर उकूड़, जनिला उर्फमोदी कोवादी बस्तर कोरेन्जेड़, ▶▶ शेष पेज 2 पर

### 25 साल पहले मामा ने समझाया पर नहीं माना, बन गया नक्सली लीडर



■ कलपर मुठभेड़ में मारे गए शंकर राव के शव की शिनाख्त हुई


कांकेर। कलपर जंगल में हुई मुठभेड़ में नक्सलियों के सबसे बड़े लीडर तेलंगाना के शंकर राव के शव की पहचान के लिए परिवार के छह लोग, सरपंच व दो वाहन चालक पहुंचे। मां ने सिर के बाल, नाक व दांए पैर में चोट के निशान देखकर उसकी शिनाख्त की। पैर में चोट के निशान देखकर मां रो पड़ी, उसके साथ आए परिजनों ने मां को संभाला। तेलंगाना राज्य के जयशंकर भूपालपल्ली जिला के मंडल चित्याल के ग्राम चल्लागारिमा से पहुंचे शंकर राव की मां, मामा शाम, शंकर का चचेरा भाई तिरूपति और नरसैया, शंकर की बहन का बेटा श्रवण जन्ना व शंकर की बहन की बेटी सुजनिता जन्नो, ▶▶ शेष पेज 2 पर

#### मिलिट्री इंटेलिजेंस का था प्रभारी

पुलिस की मानें तो वर्तमान में डीवीसी सदस्य के अलावा शंकर राव नार्थ डिविजन मिलिट्री इंटेलिजेंस और राव मेडिकल टीम का इंचार्ज था। शंकर राव इसके पहले मेढ़की एलजीएस में सदस्य भी रह चुका है। पुलिस उसके बारे में अन्य जानकारियां जुटा रही है।

धनशोधन मामले में ईडी की बड़ी कार्रवाई

## शिल्पा, उनके पति कुंद्रा की 98 करोड़ की संपत्ति कुर्क



हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

प्रवर्तन निदेशालय ने गुरुवार को कहा कि उसने कथित पोंजी योजना से जुड़े धनशोधन की जांच के सिलसिले में अभिनेत्री शिल्पा शेट्टी और उनके पति राज कुंद्रा के करीब 98 करोड़ रुपए के शेयरों के अलावा एक बंगले और एक फ्लैट को कुर्क किया है। संघीय एजेंसी ने दंपति की संपत्ति कुर्क करने के लिए धनशोधन रोकथाम कानून के तहत एक अस्थायी आदेश जारी किया। यह मामला बिटकॉइन जैसी क्रिप्टो करेंसी के इस्तेमाल के जरिए निवेशक ▶▶ शेष पेज 2 पर

#### न्यायपालिका में पूरा भरोसा

शेट्टी और कुंद्रा के वकील ने कहा कि वे अपने मुवक्किल की आजादी और संपत्ति की रक्षा करने के लिए पीएमएलए के अनुसार कानून की उचित प्रक्रिया का पालन करेंगे और आवश्यक कदम उठाएंगे। वकील प्रशांत पाटिल ने एक बयान में कहा, हमारा न्यायपालिका में पूरा भरोसा है। मुझे विश्वास है कि जब हम माननीय प्रवर्तन निदेशालय के समक्ष अपना उचित पक्ष रखेंगे तो जांच एजेंसियां भी हमें न्याय दे सकती हैं। इसमें कहा गया है, हमारा निष्पक्ष जांच में भरोसा है।

#### मुख्य आरोपी अभी भी फरार

ईडी ने पिछले साल इस मामले में सिम्पी भारद्वाज, नितिन गौड़ और निखिल महाजन को गिरफ्तार किया था। वे अभी न्यायिक हिरासत में जेल में हैं। ईडी ने बताया कि मुख्य आरोपी अजय भारद्वाज और महेंद्र भारद्वाज फरार हैं। उसने पहले भी मामले में 69 करोड़ रुपए की संपत्ति कुर्क की थी। मामले में अभी तक दो आरोपपत्र दाखिल किए गए हैं। पहला आरोपपत्र जून 2019 में और दूसरा इस साल फरवरी में दाखिल किया गया।


### खबर संक्षेप

#### इंडिगो उड़ान में परोसे गए उपमा में सोडियम अधिक



नई दिल्ली। एक सोशल मीडिया उपयोगकर्ता ने दावा किया है कि इंडिगो एयरलाइन के विमान में यात्रियों को परोसे गए उपमा और पोहा में सोडियम की मात्रा मैगी से भी अधिक होती है। हालांकि, एयरलाइन ने कहा है कि उसके डिब्बाबंद खाद्य उत्पादों में नमक की मात्रा निर्धारित मानदंडों के भीतर ही है।

#### 1.21 करोड़ के सोना के साथ दो तस्कर धरे गए



नई दिल्ली। दिल्ली के अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर सीमा शुल्क अधिकारियों ने 1.21 करोड़ रुपए मूल्य का सोना तस्करी करने के आरोप में दो लोगों को गिरफ्तार किया है। जेद्दा से आए आरोपियों को अलग-अलग मामलों में गिरफ्तार किया गया।

#### तीन ट्रकों में आग दो की मौत



अलीगढ़। अलीगढ़ जिले के जवां क्षेत्र में बृहस्पतिवार को आपसी टक्कर के बाद तीन ट्रकों में लगी आग में झुलसकर दो लोगों की मौत हो गई। जवां थाना क्षेत्र के नागौला गांव के पास रसायन से लदे एक ट्रक की दूसरे ट्रक से टक्कर हो गई।

## कोर्ट ने कहा- ईवीएम यूके-यूएसए में बंद तो भारत में क्यों हो रहा इस्तेमाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन-वोटर वेरिफिएबल पेपर ऑडिट ट्रेल से जुड़े मामले में गुरुवार को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई। ईवीएम के साथ वीवीपैट का इस्तेमाल करके डाले गए वोटों के पूरे सत्यापन के अनुरोध से जुड़ी याचिकाओं पर हियरिंग के दौरान यह भी पता चला कि यूनाइटेड किंगडम (यूरोप) और ▶▶ शेष पेज 2 पर



■ कोर्ट के सवाल पर ईसी भारतीय मशीन की बताई खासियत

#### सुनवाई पूरी, फैसला सुरक्षित

सुप्रीम कोर्ट ने ईवीएम के जरिए डाले गए मतों का वीवीपीएटी के साथ पूर्ण मिलान की मांग वाली विभिन्न याचिकाओं पर अपना फैसला गुरुवार को सुरक्षित रख लिया। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता की पीठ ने याचिकाओं पर निर्वाचन आयोग का जवाब सुनने के बाद अपना फैसला सुरक्षित रख लिया।

## सीएम साय बोले- प्रदेश की सभी 11 सीटें जीतेगी भाजपा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोरबा

भाजपा प्रत्याशी सुश्री सरोज पाण्डेय के नामांकन में शामिल होने कोरबा पहुंचे प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी प्रदेश की सभी 11 सीटों पर जीत दर्ज करेगी। पत्रकारों से चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि 2018 के विधानसभा चुनाव में बड़े बड़े वादे कर सत्ता हासिल करने वाली कांग्रेस ने 5 साल में एक भी वादा पूरा नहीं किया है जिसके परिणाम स्वरुप 2023 में संपन्न हुए विधानसभा ▶▶ शेष पेज 2 पर

### भाजपा प्रत्याशी सुश्री सरोज पाण्डेय ने भरा नामांकन



#### आदिवासी लाभार्थी महिला बनीं सरोज की प्रस्तावक

लोकसभा क्षेत्र कोरबा से भाजपा प्रत्याशी सुश्री सरोज पांडे ने गुरुवार को अपना नामांकन दाखिल किया। तीन सेट में उन्होंने नामांकन पत्र दाखिल किया है। शासन की योजनाओं की लाभार्थी आदिवासी महिला श्याम बाई सिदार ▶▶ शेष पेज 2 पर



विजय शंखनाद रैली में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, उप मुख्यमंत्री अरुण साव, भाजपा प्रत्याशी सुश्री सरोज पाण्डेय, भरतपुर सोनहत विधायक रेणुका सिंह, धरम लाल कौशिक, पूर्व जिला भाजपा अध्यक्ष अशोक चावलानी एवं सहसंयोजक मनोज शर्मा मौजूद रहे।

ईडी ने कोर्ट में किया दावा

## शुगर होने के बाद भी आम मिठाई खा रहे केजरीवाल



हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

आबकारी नीति घोटाला मामले में गिरफ्तार दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल 'टाइप 2' मधुमेह होने के बावजूद हर दिन आम और मिठाई जैसे उच्च शर्करा वाले खाद्य पदार्थ खा रहे हैं ताकि चिकित्सा आधार पर उन्हें जमानत मिल सके। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने बृहस्पतिवार को यहां की एक अदालत के समक्ष यह दावा किया। सीबीआई और ईडी मामलों की विशेष न्यायाधीश कावेरी बावेजा के समक्ष ईडी ने ▶▶ शेष पेज 2 पर

#### आप ने कहा- केजरीवाल को जेल में मारने की साजिश

दिल्ली सरकार में मंत्री आतिशी ने आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के घर में बने खाने की आपूर्ति बंद कर उन्हें जेल में मारने की साजिश की जा रही है। ईडी ने आहार को लेकर कोर्ट में झूठ बोला है कि वह चीनी वाली चाय पी रहे हैं और आम व मिठाई खा रहे हैं। यह पूरी तरह से झूठ है। केजरीवाल कृत्रिम स्वीटनर ले रहे हैं। आतिशी ने कहा कि ईडी ने कोर्ट को बताया कि केजरीवाल केले खा रहे हैं। कोई भी डॉक्टर बता देगा कि डायबिटीज के रोगियों को केला या कोई टॉफी या चॉकलेट अपने पास रखने के लिए कहा जाता है।

#### आप विधायक अमानतुल्लाह गिरफ्तार

ईडी ने वक्फ बोर्ड घोटाले में आम आदमी पार्टी के विधायक अमानतुल्लाह खान को गिरफ्तार कर लिया है। ईडी ने वक्फ बोर्ड में नियुक्ति मामले में घोटाले के आरोप में गिरफ्तार किया है। आप के ओखला से विधायक अमानतुल्लाह खान पर आरोप है कि दिल्ली वक्फ बोर्ड का अध्यक्ष रहते हुए उन्होंने 32 लोगों की अवैध रूप से नियुक्ति की थी। खान पर वक्फ बोर्ड की संपत्तियों को अवैध रूप से किराए पर देने का भी आरोप है। इसके साथ ही अमानतुल्लाह खान के कई करीबियों के भी इसमें शामिल होने का आरोप है।



## जैकेट के शेष

### जहां हुई थी भाजपा ....

नक्सल हमले की चुनौती के बीच दण्डवन भेजा गया हैं, जिला मुख्यालय से करीब तीस किमी दूर इस मतदान केंद्र में दो दल रवाना किया गया था जिसमे करीब दो दर्जन अधिकारियों और कर्मचारियों की ड्युटी लगाई गई थी इनके साथ evm मशीन और चुनावी सामग्री भी थी, नक्सली हमले की आशंका के चलते दल के लोगों को पहाड़ियों और जंगली रास्ते का सफर पैदल तय करना पड़ा, नक्सली बारूद की धमाके से बचने के लिए फोर्स के जवानों ने अपनी सूझबूझ से दल के लोगों की सुरक्षा घेरा में लेकर चल रहीं थी सुरक्षा के तगड़े इंतजाम किए गए थे तीन अलग-अलग लेयर में सुरक्षा व्यवस्था की गई थी। डीआरजी के जवानों के साथ बस्तर बटालियन और आईटीबीपी के जवान सुरक्षा में तैनात थे। भीषण गर्मी मे कुछ उम्र दराज कर्मचारियों की ड्युटी लगाई गई थी जो पैदल चलकर थक गए थे। जंगल में नक्सली उत्पात की चर्चा के बीच कुछ युवा साथी आगे बढ़ रहे थे। जंगल में इनके साथ हरिभूमि की मौजूदगी भी थी। जंगल में कुछ देर आराम करने के बाद लोकेशन आउट होने की बात कहते फोर्स के जवान आंखों ही आंखों में इशारा कर आगे बढने को कहते फिर मतदान दल जान हथेली में रखकर लोकतंत्र की आहुति देने आगे निकल जाता, इस दौरान आईएनएच ने मतदान दल के लोगों से अनुभव साझा किया तो उन्होंने बताया कि नक्सलगढ़ में चुनाव कराना काफी चुनौती भरा हैं लेकिन वे इस अग्नि परीक्षा मे सफल होकर लौट आएंगे, आप को बता दें कि कल इस इलाके में भाजपा नेता पंचम दास की नक्सलियों के द्वारा बेरहमी से हत्या की गई थी। जिसके बाद पूरे इलाके में दहशत और सन्नाटा पसरा हुआ है। 2018 के विधानसभा चुनाव के दौरान नक्सलियों के द्वारा दंडवन गांव के पास सड़क पर आईईडी ब्लास्ट कर मतदान दल पर हमला भी किया गया था।

### पानी की थोड़ी समस्या .....

थोड़ी समस्या हो गई है। इलाके में शांतिपूर्ण मतदान कराने के लिए हम पूरी तरह तैयार हैं। नक्सलियों के हमले का मुंह तो जवाब देने के लिए हमारे जवान पूरी तैयारी के साथ है। सिविलियन का कोई ठिकाना नहीं होता है इसलिए हम एक दिन पहले जाकर बूथ की तैयारी खुद कर रहे हैं।

- **रामदेव सिंह**, एसआई,आईटीबीपी

### पहला चरण... भीषण-रण, ....

अनुसार मतदान सुबह सात बजे शुरू हो कर शाम छह बजे तक चलेगा। आयोग ने 1.87 लाख मतदान केंद्रों पर 18 लाख से अधिक मतदान कर्मियों को तैनात किया है। इन मतदान केंद्रों पर 16.63 करोड़ से अधिक मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकेंगे। मतदाताओं में 8.4 करोड़ पुरुष, 8.23 करोड़ महिलाएं और 11,371 थर्ड जेंडर शामिल हैं। 35.67 लाख लोग पहली बार मतदाता बने हैं। इसके साथ ही 20-29 वर्ष आयु वर्ग के 3.51 करोड़ युवा मतदाता हैं।

**चौथे चरण के लिए नामांकन शुरू** : देश में लोकसभा चुनाव के चौथे चरण के लिए गुरुवार को नामांकन प्रक्रिया प्रारंभ हो गई। चौथे चरण में 13 मई को नौ राज्यों और केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर में कुल 96 सीट पर मतदान होगा।

**पीएम मोदी ने प्रत्याशियों को लिखी चिट्ठी** : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 19 अप्रैल को लोकसभा चुनाव के पहले चरण में चुनाव लड़ने वाले सभी भाजपा और एनडीए उम्मीदवारों को व्यक्तिगत पत्र लिखा।

### इन राज्यों में चुनाव....

समूह (1), मिजोरम (1), नगालैंड (1), पुडुचेरी (1), सिक्किम (1) और लक्षद्वीप (1) शामिल हैं। इसके अलावा राजस्थान में 12, उत्तर प्रदेश में 8, मध्य प्रदेश में 6, असम और महाराष्ट्र में 5-5, बिहार में 4, पश्चिम बंगाल में 3, मणिपुर में 2 और त्रिपुरा, जम्मू कश्मीर और छत्तीसगढ़ में एक-एक सीट पर मतदान होगा। पहले चरण के लिए चुनाव प्रचार बुधवार शाम समाप्त हो गया।

### बस्तर में रहेगा ....

ने कई बूथों पर मोर्चा संभाला है। केंद्रीय बलों की साढ़े तीन सौ कंपनियां तैनात की गई हैं। मतदान केंद्र तक पहुंचने वाले रास्तों पर भारी संख्या में सुरक्षा बल तैनात किए गए हैं। भारतीय वायु सेना के एमआई-17 हेलिकॉप्टरों की मदद ली गई है। 196 मतदान केंद्रों को संवेदनशील/गंभीर श्रेणी में रखा गया है। नक्सल प्रभावित इलाकों में किसी भी आपात स्थिति में हेलिकॉप्टर की सुरक्षित लैंडिंग हो सके, इसके लिए करीब चार दर्जन हेलीपैड तैयार किए गए हैं। ये हेलीपैड, मतदान केंद्रों के आसपास बनाए गए हैं।

### छग की इकलौती .....

मतदान की तैयारियां लगभग पूरी कर ली गई हैं। बस्तर लोकसभा क्षेत्र में 1961 मतदान केंद्र हैं, जिसमें 1957 मुख्य मतदान केंद्र और 4 सहायक मतदान केंद्र बस्तर लोकसभा में बनाए गए हैं। बस्तर लोकसभा चुनाव में 11 प्रत्याशी हैं, जिसमें 3 मान्यता प्राप्त राजनीतिक राजनीतिक दल के और 6 रजिस्ट्रीकृत राजनीतिक दलों के प्रत्याशी, निर्दलीय प्रत्याशी की संख्या 2 है। मतदान का समय आठ विधानसभा क्षेत्र में इस प्रकार रहेगा, जिसमें कोंडागांव, नारायणपुर, जगदलपुर, चित्रकूट, दंतेवाड़ा, कोंटा और बीजापुर में मतदान का समय सुबह 7 बजे से 3 बजे तक होगा। इसी तरह बस्तर और जगदलपुर विधानसभा में मतदान का समय सुबह 7 बजे से 5 बजे तक होगा।

**मतदाताओं की संख्या** : निर्वाचन सीईओ रीना बाबासाहेब कंगाले ने जानकारी दी कि बस्तर लोकसभा क्षेत्र में 2019 के चुनाव में कुल मतदाताओं की संख्या 14 लाख 72 हजार 207 है, जिसमें पुरुष मतदाता 7 लाख 476 हैं। महिला मतदाताओं की संख्या 7 लाख 71 हजार 678 है। थर्ड जेंडर मतदाता 52 हैं। 18 से 19 आयुवर्ग के मतदाता 47 हजार 10 हैं। दिव्यांग मतदाता 12 हजार 703 हैं। 85 प्लस आयुवर्ग के मतदाता 3487 हैं। 100 वर्ष आयु प्लस वर्ग के मतदाता 119, सेवा मतदाता 1603, लिंगानुपात 1102 हैं। प्रति मतदान केंद्र औसत मतदाताओं की संख्या 870 है। प्रथम चरण के मतदान के लिए 1961 मतदान दल बनाए गए हैं, जिसमें 7844 मतदान कर्मी लगाए गए हैं।

**बस्तर में 196 संवेदनशील मतदान केंद्र** : प्रथम चरण में बस्तर लोकसभा क्षेत्र में होने वाले मतदान के लिए 156 मतदान दलों को, जिसमें 919 मतदान कर्मी हैं, उन्हें हैलीकॉप्टर के माध्यम से मतदान केंद्रों तक पहुंचाया गया है। 1805 मतदान दल बस के माध्यम से गुरुवार को मतदान केंद्रों तक पहुंचेंगे। बस्तर लोकसभा के आठ विधानसभा क्षेत्र में 196 मतदान केंद्र संवेदनशील है। 61 मतदान केंद्र अति संवेदनशील हैं। मतदान दलों के अलावा 307 सेक्टर ऑफिसर लगाए गए हैं, जो प्रत्येक 2 घंटे में मतदान की प्रतिशत की जानकारी अपने रिटर्निंग ऑफिसर को उपलब्ध कराएंगे। 1961 मतदान केंद्रों में 2556 कंट्रोल यूनिट, 2600 बैलेट यूनिट और 2729 वीवीपैट है

### अशोका में इलेक्ट्रिशियन ....

कर्मचारियों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार गटर की सफाई करने के दौरान जांजगीर-चांपा निवासी पेशे से इलेक्ट्रिशियन नील कुमार पटेल तथा धमतरी, खम्हरिया निवासी डेविड साहू की मौत हुई है। पुलिस के अनुसार सुबह नौ से दस बजे के बीच दोनों कर्मचारियों को अशोका बिरयानी प्रबंधन ने दबाव पूर्वक गटर साफ करने टंकी में उतारा, आधा घंटे से ज्यादा समय तक अंदर से किसी प्रकार की कोई हलचल नहीं सुनाई देने पर दोनों को आवाज देकर बुलाने की कोशिश की गई, लेकिन अंदर से किसी तरह से कोई आवाज नहीं आने पर अन्य कर्मचारियों को गटर के नीचे उतारा गया तो दोनों कर्मचारियों की सांसे थम गई थी। इसके बाद दोनों को रस्सी, सीढ़ी तथा सक्शन मशीन के माध्यम से बाहर निकालकर डायल-112 की मदद से उपचार के लिए अस्पताल रवाना किया गया, जहां चिकित्सकों ने नील तथा डेविड को मृत घोषित कर दिया।

**निगम के कर्मचारी बुलाकर सफाई कराने मांग की थी** : अशोका बिरयानी में काम करने वाले एक कर्मचारी ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि होटल प्रबंधन ने नील तथा डेविड को गटर की सफाई करने के लिए नीचे उतरने के लिए कहा, तब दोनों ने इसका विरोध करते हुए निगम के सफाई कर्मी से गटर साफ कराने के लिए कहा। इस पर प्रबंधन ने दोनों कर्मचारियों को फटकारते हुए दबाव पूर्वक जबरन गटर में उतरने के लिए मजबूर किया।

**मृतक के भाई ने कार्रवाई की मांग की** : मृतक नील के भाई दिनेश के मुताबिक घटना के बाद होटल प्रबंधन ने उसे कॉल कर नील के बीमार होने की बात कह तत्काल रायपुर आने के लिए कहा। दिनेश ने अपने भाई से बात कराने के लिए कहा तो होटल प्रबंधन ने गोल मोल जवाब देते हुए उसे तत्काल रायपुर आने के लिए कहा। दिनेश के अनुसार रायपुर आने के बाद उसे उसके भाई की मौत के बारे में जानकारी मिली है। नील की ढाई साल पहले शादी हुई है। उसका एक ढाई साल का बेटा है। दिनेश के अनुसार उसका भाई पेशे से इलेक्ट्रीशियन है ऐसे में उसे गटर की सफाई करने नीचे उतारने पर सवाल उठाया है। नील ने दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। घटना के आठ घंटे के बाद चार बजे के करीब फोरेंसिक एक्सपर्ट की टीम मामले की जांच करने पहुंची है। पुलिस पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद घटना की जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई करने की बात कह रही है।

### पत्रकारों के साथ मारपीट ...

झूमाझटकी की। इसके बाद मौके पर भारी संख्या में पत्रकार पहुंच गए और मारपीट तथा बदसलूकी करने वाले आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। इसके बाद पुलिस ने घटना में शामिल रुबिना सहित तीन लोगों को गिरफ्तार किया।

### परिवार में शादी... कमर ....

मिल चुके हैं, जिनमें से गर्भवती महिला, दूधमुंहे बच्चे की मां, हार्ट पैशेंट, कैंसर आदि जैसी बड़ी बीमारी से ग्रस्त कर्मचारियों के नाम तत्काल चुनाव ड्यूटी से हटाए जा रहे हैं। वहीं अन्य आवेदनों को अभी पेंडिंग रखा गया है। जिला पंचायत के सीईओ विश्वदीप ने बताया कि नाम कटाने के लिए वैसे तो हजारों आवेदन आए हैं, लेकिन नाम उन्हीं के काटे जाएंगे, जिनकी बीमारी या समस्या गंभीर है।

**जिला पंचायत कार्यालय में लग रही रोज भीड़** : चुनाव ड्यूटी से नाम कटाने की जिम्मेदारी जिला पंचायत के सीईओ विश्वदीप को सौंपी गई है। इसके कारण इस बार नाम कटाने के लिए आवेदन भी जिला पंचायत कार्यालय में लिए जा रहे है। चुनाव के कारण जिला पंचायत कार्यालय हर रोज खुल रहा है। इसे देखते हुए हर रोज कर्मचारी भी आवेदन लेकर पहुंच रहे हैं, जिसके कारण कार्यालय में प्रतिदिन आवेदन करने वालों की भीड़ लगी रहती है।

**करीब 12 हजार कर्मचारियों की लगी ड्यूटी** : लोकसभा चुनाव के लिए रायपुर जिले में करीब 12 हजार कर्मचारियों की चुनाव कार्यों में ड्यूटी लगाई गई है। इसके लिए सभी कर्मचारियों को सूचना भी दे दी गई है। इस आदेश के जारी होने के बाद अब कर्मचारी चुनाव ड्यूटी से नाम कटाने के लिए आवेदन करने लगे हैं।

**महिलाओं की संख्या ज्यादा** : सूत्रों के अनुसार चुनाव ड्यूटी से नाम कटवाने वालों में ज्यादातर संख्या महिलाओं की है। इनमें कई महिलाओं ने अपने छोटे बच्चों की देखभाल का हवाला दिया है। कुछ महिलाएं तो बच्चों को लेकर आवेदन देने पहुंच रही हैं।

**नाम कटने के बाद साफ्टवेयर में अपडेट की जा रही सूची** : अधिकारियों के अनुसार चुनाव की घोषणा होने के बाद चुनाव में कार्य करने वाले अधिकारियों-कर्मचारियों के नाम की सूची उनके पदों के हिसाब से अलग-अलग कैटेगरी में एनआईसी के साफ्टवेयर में ऑटोमेटिक अपलोड हो जाती है। इस सूची के अनुसार ही सभी की ड्यूटी लगती है। आवेदन के बाद जिनके नाम ड्यूटी से काटे जाने की स्वीकृति दी जा रही, उनके नाम साफ्टवेयर में अपलोड सूची से हटाए जा रहे हैं।

### ड्यूटी से बचने ....

देकर चुनाव ड्यूटी से नाम कटवाना चाहता है। हालांकि ज्यादातर आवेदनों में बीमारी संबंधी कारण बताए गए हैं।

## पेज एक के शेष

### इस सीजन बीज...

विक्रय दर निर्धारण समिति ने किसानों को बेचे जाने वाले बीजों की कीमत के मुकाबले सहकारी समितियों के लिए जो विक्रय दर तय की है उसमें चार प्रतिशत कमीशन कम होगी। यह राशि सहकारी समितियों को कमीशन के रूप में मिलेगी। बीज निगम ने ये साफ किया है कि आधार बीजों की विक्रय दरें प्रमाणित बीजों की विक्रय दरों से 100 रुपए प्रति क्विंटल अधिक होगी। भारत सरकार एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं में प्रावधान अनुसार उत्पादन एवं वितरण अनुदान की राशि को घटाकर बीज विक्रय की प्रति क्विंटल दर तय की गई है।

### महिला संगठन ने पत्र...

संजिला मड़कम बस्तर करका, गीता ताकिलोड इंद्रावती, राजू कुरसाम परकेली, शर्मिला इंद्रावती बटवेड़ा, सुनिला इंद्रावती रेकावाई, शंतिला उत्तर बस्तर कुम्डीगुड़ा, पिन्टो गटूम, वजनात उत्तर बस्तर वटेकल, शीला इंद्रावती ऊतला, जैनी उत्तर बस्तर वटेकल शामिल है। वहीं मुठभेड़ में मारे गए दो नक्सलियों का नाम उपलब्ध नहीं होने की बात कही गई है।

### 25 साल पहले मामा...

ग्राम के सरपंच अशोक रेड्डी गांव के दो वाहन चालकों के साथ बीती रात तेलंगाना से निकले थे और कांकेर पुलिस से संपर्क कर कांकेर पुलिस के साथ मेडिकल कॉलेज गए। मेडिकल कॉलेज में शव की पहचान करने के उपरांत मां रो पड़ी, वहीं शंकर राव की मां के साथ आए लोग हिंदी न तो समझ पा रहे थे और न ही बोल पा रहे थे। उनके साथ आए चालक ने बताया कि उनके परिजनों ने बताया कि शंकर 25 साल पहले कुछ लोगों के साथ चला गया था और तीन माह बाद घर आया। घर में जिनके साथ गया था, उनके बारे में बताया। मामा ने सुनकर उसको डांटा और कहा कि जहां गए हो, अब वहां नहीं जाना है। मामा की एक बात भी न मानकर शंकर राव उनके साथ चला गया और उसके बाद कभी वापिस नहीं आया। दो दिन पहले उसके मौत हो जाने की खबर मीडिया के माध्यम से मिली।

### शिल्पा, उनके पति...

निधि में धोखाधड़ी से जुड़ा है। संघीय एजेंसी ने एक बयान में बताया कि कुर्क संपत्ति में अभी शेट्टी के नाम पर जुहू (मुंबई) में एक रिहायशी फ्लैट और कुंद्रा के नाम पर पुणे में एक रिहायशी बंगला तथा इक्विटी शेयर शामिल हैं। उसने बताया कि इन संपत्तियों की कीमत 97.79 करोड़ रुपए है।

### सीएम साय बोले- प्रदेश की...

चुनाव में कांग्रेस को भुगतना पड़ा और जनता ने उसे सत्ता से बाहर कर दिया। लोकसभा चुनाव में जीत का दावा करने वाले कांग्रेस नेता इसी से अपना आंकलन कर लें। श्री साय ने कहा कि इस चुनाव में भाजपा प्रदेश के सभी 11 सीटों पर जीत दर्ज करेगी।

### आदिवासी लाभार्थी महिला...

उनकी प्रस्तावक बनीं हैं।श्याम बाई कोरबा के आरा मशीन मोहल्ला स्थित पीएम आवास की निवासी हैं। इसके अलावा प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल एवं कटघोरा के विधायक प्रेमचंद पटेल भी प्रस्तावक बने हैं।

### कोर्ट ने कहा- ईवीएम...

अमेरिका में बंद की जा चुकी ईवीएम में और भारत में इस्तेमाल की जा रही इन वोटिंग मशीनों में क्या अंतर है? कोर्ट ने पूछा कि यूके और यूएसए में ईवीएम का इस्तेमाल बंद हो चुका है तो भारत में क्यों हो रहा। इसके जवाब में चुनाव आयोग के वकील यूरोप के देशों और अमेरिका में हटाई गई ईवीएम और भारतीय ईवीएम की तुलना की।

### शुगर होने के बाद...

यह दावा किया। न्यायमूर्ति बावेजा ने तिहाड़ जेल के अधिकारियों को केजरीवाल के आहार चार्ट सहित मामले में एक रिपोर्ट दाखिल करने का निर्देश दिया। केजरीवाल ने मधुमेह के स्तर में उतार-चढ़ाव के कारण वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से अपने डॉक्टर से परामर्श करने की अनुमति मांगने के लिए अदालत का रुख किया है।

## राशिफल

**मेष** — वस्त्रों के प्रति रुझान बढ़ सकता है। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा। किसी मित्र के सहयोग से कारोबार में लाभ के अवसर बढ़ेंगे।

**वृष** — आशा-निराशा के भाव रहेंगे। व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। परिश्रम भी अधिक रहेगा। लाभ के अवसर मिलेंगे। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**मिथुन** — आत्मविश्वास तो बहुत रहेगा, परन्तु मन परेशान हो सकता है। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। खर्चों की अधिकता रहेगी। सुस्वादु खानपान में रुचि रहेगी।

**कर्क** — मन में उतार-चढ़ाव रहेगा। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव रहेगा। कारोबार में कठिनाइयां आ सकती हैं। सचेत रहें। कारोबार में परिश्रम भी अधिक रहेगा।

**सिंह** — आत्मविश्वास से परिपूर्ण रहेंगे, परन्तु आत्मसंयत भी रहें। धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। धार्मिक संगीत में रुचि बढ़ सकती है। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**कन्या** — पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जा सकते हैं। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में मान-सम्मान की प्राप्ति होगी।

**तुला** — आत्मविश्वास तो भरपूर रहेगा, परन्तु धैर्यशीलता में कमी हो सकती है। कारोबार में वृद्धि होगी। शैक्षिक कार्यों के लिए किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं।

**वृश्चिक** — मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा। कार्यक्षेत्र में सफलता के योग हैं।

**धनु** — व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। नौकरी में अफसरों से सदभाव बनाकर रखें। जीवनसाथी से मतभेद हो सकते हैं।

**मकर** — मन प्रसन्न तो रहेगा, परन्तु धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। नौकरी में अफसरों का सहयोग तो मिलेगा, परन्तु स्थान परिवर्तन भी हो सकता है।

**कुंभ** — स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। चिकित्सीय खर्च बढ़ सकते हैं। कारोबार में परिश्रम अधिक रहेगा। कुछ कठिनाइयां भी आ सकती है।

**मीन** — शैक्षिक कार्यों में मन लगेगा। खर्चों की अधिकता रहेगी। शासन सत्ता का सहयोग मिलेगा। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा।

## ‘इजराइली’ जहाज पर थीं सवार

# केरल पहुंची ईरान के चंगुल से छूटी भारतीय महिला

### ईरान में बाकी 16 भारतीय कर्मियों के साथ संपर्क में है भारतीय दूतावास

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



ईरान द्वारा जब्त किए गए इजराइल से संबंध रखने वाले मालवाहक जहाज के चालक दल के 17 भारतीय सदस्यों में से एकमात्र महिला को गुरुवार को रिहा कर दिया गया। विदेश मंत्रालय ने ये जानकारी दी। उन्होंने कहा कि मालवाहक जहाज एमएससी एरीज पर सवार भारतीय चालक दल में शामिल केरल के त्रिशूर की रहने वाली महिला कैडेट ऐन टेस्सा जोसफ कोचीन पहुंच चुकी हैं। इसके अलावा, ईरान में भारतीय दूतावास बाकी 16 भारतीय कर्मियों के साथ संपर्क में है।

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जयसवाल ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि भारतीय दूतावास ने “ईरानी अधिकारियों के समर्थन” से जोसेफ की भारत वापसी सुनिश्चित की है। उन्होंने कहा कि दूतावास शेष 16 भारतीय चालक दल के सदस्यों की भलाई सुनिश्चित करने के लिए ईरानी पक्ष के संपर्क में है। जयसवाल ने क्षेत्रीय पासपोर्ट अधिकारी द्वारा कोचीन हवाई अड्डे पर जोसेफ का स्वागत करते हुए एक तस्वीर पोस्ट की।

**ईरान ने किया है मालवाहक जहाज पर कब्जा**

विदेश मंत्रालय ने कहा कि तेहरान में भारतीय मिशन एमएससी एरीज के चालक दल के बाकी सदस्यों की कुशलता के लिए ईरान के अधिकारियों के साथ संपर्क में है। गौरतलब है कि खाड़ी क्षेत्र में ईरान द्वारा जब्त किए गए इजराइल से जुड़े मालवाहक जहाज पर सवार 17 भारतीयों में केरल की एक महिला भी शामिल थी। 17 भारतीय कंटेनर जहाज एमएससी एरीज के 25 सदस्यीय चालक दल का हिस्सा थे, जिसे 13 अप्रैल को होर्मुज जलडमरूमध्य में ईरान के इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (आईआरजीसी) की एक स्पेशल फोर्स युनिट ने जब्त कर लिया था। ईरान के विदेश मंत्रालय ने इस सप्ताह कहा था समुद्री कानूनों का उल्लंघन करने पर मालवाहक जहाज को जब्त कर लिया गया।

### जयशंकर ने उठाया था मुद्दा

विदेश मंत्रालय ने कहा कि तेहरान में भारतीय दूतावास “मामले से अवगत है” और शेष 16 भारतीय चालक दल के सदस्यों के संपर्क में है। वे सभी अच्छी सेहत में हैं और भारत में अपने परिवार के सदस्यों के संपर्क में हैं। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने 14 अप्रैल को फोन पर बातचीत के दौरान अपने ईरानी समकक्ष होसैन अमीर-अब्दुल्लाहियन के साथ भारतीय नाविकों की रिहाई का मुद्दा उठाया था। जयशंकर ने चालक दल के सदस्यों को लेकर चिंता व्यक्त की थी और ईरान से सहायता का अनुरोध किया। इसके बाद ईरानी मंत्री आमिर-अब्दुल्लाहियन ने उस समय कहा था कि भारतीय अधिकारियों को भारतीय चालक दल के सदस्यों से मिलने की अनुमति दी जाएगी।

**चालक दल के 25 सदस्य**

बता दें कि इजराइल के एक अरबपति कारोबारी से संबद्ध इस जहाज पर चालक दल के 25 सदस्यों में 17 भारतीय सवार थे। ईरान की सरकारी समाचार एजेंसी आईआरएनए के अनुसार, रिवोल्यूशनरी गार्ड की एक विशेष इकाई ने पुर्तगाल के ध्वज वाले एमएससी एरीज जहाज पर हमला किया। यह लंदन स्थित जोडियाक मैरीटाइम से जुड़ा एक कंटेनर जहाज है। जोडियाक मैरीटाइम इजराइली अरबपति इयाल ओफर के जोडियाक ग्रुप का हिस्सा है।

### चुनाव ड्यूटी पर सुरक्षाकर्मी



श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर में लोकसभा चुनाव के पहले चरण से पहले हेलीकॉप्टर पर सवार सुरक्षाकर्मी चुनाव ड्यूटी के लिए रवाना हुए।

### आमिर खान का डीपफेक वीडियो एफआईआर दर्ज

**नई दिल्ली।** आमिर खान इन दिनों अपने वायरल डीपफेक वीडियो के कारण सुर्खियां बटोर रहे हैं। डीपफेक वीडियो एक राजनीतिक दल का विज्ञापन अभियान था, जिसमें वे राजनीतिक पार्टी का प्रचार करते हुए नजर आ रहे थे। हाल ही में अभिनेता के आधिकारिक प्रवक्ता ने इस वीडियो के खिलाफ बयान जारी किया था और पुलिस में शिकायत दर्ज करवाई थी। वहीं अब ताजा जानकारी सामने आई है कि मुंबई पुलिस ने इस मामले में एफआईआर दर्ज कर कार्रवाई की है। आमिर खान का एक राजनीतिक पार्टी को प्रमोट करने वाला डीपफेक वीडियो वायरल होने के बाद मुंबई पुलिस ने एक अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। खबर है कि अभिनेता के ऑफिस की ओर से खार पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज कराया गया है। यह मामला भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 419 (प्रतिरूपण), 420 (धोखाधड़ी), भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) और सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम सहित धाराओं के तहत दर्ज किया गया है।

### रवि किशन की ‘बेटी’ ने डीएनए टेस्ट की उठाई मांग

**नई दिल्ली।** भोजपुरी एक्टर और बीजेपी नेता रवि किशन इन दिनों अपनी पर्सनल लाइफ को लेकर विवादों में हैं। दरअसल, एक महिला अपर्णा सोनी ने रवि किशन को अपना पति बताया है। महिला का आरोप है कि उनकी एक बेटी शिनोवा है जिसके पिता रवि किशन बेटी हैं और वो उसे स्वीकार नहीं कर रहे हैं। रविकिशन की कथित पत्नी और बेटी की तस्वीर भी सामने आई है, जिसे फिल्म क्रिटिक कमाल राशिद खान उर्फ केआरके ने एक्स पर शेयर किया है।



**रवि की पत्नी प्रीति ने दर्ज कराई एफआईआर**

महिला के आरोपों के बाद रवि किशन की पत्नी प्रीति शुक्ला ने उसके खिलाफ ब्लेकमेलिंग की शिकायत दर्ज करवाई है। इधर रविकिशन की कथित बेटी शिनोवा ने प्रीति के आरोपों को खारिज करते हुए रविकिशन के डीएनए टेस्ट की मांग की है।

## भारत की इस मिसाइल से कांपेंगे चीन-पाकिस्तान

# राडार को धोखा देने में माहिर निर्भय क्रूज मिसाइल का सफल परीक्षण

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली




रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) ने 18 अप्रैल 2024 को स्वदेशी इंजन के साथ निर्भय क्रूज मिसाइल का सफल परीक्षण किया। इस मिसाइल में स्वदेशी इंजन लगाने से इसकी ताकत और बढ़ गई है। इस दौरान रेंज सेंसर, इलेक्ट्रो-ऑप्टिकल ट्रैकिंग सिस्टम और टेलिमेट्री की के जरिए मिसाइल के पूरे रास्ते की ट्रैकिंग की गई। इस मिसाइल की उड़ान को वायुसेना के सुखोई एसयू-30-एमके-1 फाइटर जेट से भी ट्रैक किया गया। मिसाइल ने टेस्ट के सभी मानकों को पूरा किया। इस दौरान इसने सी-स्किमिंग यानी समंदर के ऊपर कम ऊंचाई पर उड़ान भर कर दिखाई। निर्भय मिसाइल ने परीक्षण के दौरान 864 किमी से 1111 किमी प्रतिघंटा की गति हासिल की। इस मिसाइल में टेरेन हगिंग कैपेबिलिटी भी है। यह ऐसी स्थिति होती है जिसमें उसपर निशाना लगाकर इसे निष्क्रिय करना बेहद कठिन हो जाता है। यह दो स्टेज की मिसाइल है। पहले स्टेज में ठोस और दूसरे में तरल ईंधन का उपयोग होता है।

**अधिकतम रेंज 1500 किमी**

यह मिसाइल 300 किलोग्राम तक के परंपरागत हथियार ले जा सकती है। अधिकतम रेंज 1500 किमी है। जमीन से कम से कम 50 मीटर ऊपर और अधिकतम 4 किमी ऊपर उड़कर टारगेट को ध्वस्त कर सकती है। इसमें ऐसी प्रणाली है कि यह रास्ते में अपनी दिशा बदल सकता है। यानी चलते-फिरते टारगेट को भी नष्ट कर सकता है।

**यह है खासियत** : यह समुद्र और जमीन दोनों स्थानों से मिसाइल लॉन्चर्स के जरिए दागी जा सकती है। ऐसी उम्मीद है कि सेना में शामिल होने के बाद इन मिसाइलों को चीन से सटी सीमा एलएसी पर तैनात किया जाएगा। निर्भय 6 मीटर लंबी और 0.52 मीटर चौड़ी है। इसके पंखों की कुल लंबाई 2.7 मीटर है। ऐसा माना जा रहा है कि इस मिसाइल में ऐसी तकनीक भी लगी है, जिसके जरिए दुश्मन के टारगेट को खत्म करने से पहले उसकी तस्वीर और वीडियो खींचकर ये कंट्रोल रूम भेज देगी।

## शब्द पहेली - 5486



**बाएँ से दाए**
1. मूर्ख, बेवकूफ (उर्दू-4)
5. संपत्ति-4
9. कटि, पीठ -3
10. प्रणाम, नमस्कार-3
12. अधीन-2
14. पितामह-2
15. कार्य-2
16. पराजय-2
17. अच्छे कुल का-3
19. तरंग, हिलोर-3
21. एक प्रकार की दाल-3
22. ओस, रजनी जल(उर्दू-4)
24. गगन, आकाश-4
25. स्वच्छ करना-5
26. आश्चर्यजनक-4
29. जो लायक न हो-4
33. उल्टी, कै-3
34. रनिवास, जनवासा-3
36. पंक्ति, लाइन-3
37. सुर, लय, आलाप-2
38. दंड, शिक्षा-2
39. पराजय-2
41. झुका हुआ -2
42. कर्म, भाग्य-3
43. भार-3
45. भूल, गलती (उर्दू-4)
46. भाग्य, नसीब-4

**ऊपर से नीचे**
2. अधिकार-2
3. मां का दुलार-3
4. ताली की आवाज-4
5. अनुभवी-4
6. जुड़वा-3
7. दक्षिणा-2
8. राम के पुत्र-2,2
11. अभिलाषा, -4
13. क्रूस, सूली-3
16. पाचनशक्ति-3
18. ईसाई साध्वी-2
20. जीवनसाथी -5
21. गरबा, नृत्य-2
23. मालिश-3
24. दर्पण, शीशा-3
26. ईश्वर-4
27. बाग, गुलिस्तां-3
28. क्रिकेट में बनते हैं-2
30. दुलारा, पुत्र-2
31. भरोसा, विश्वास-3
32. करामात-4
34. शेविंग करना-4
35. हाथी साधने वाला-4
38. आसान, सीधा-3
40. कपड़े धोने वाला-3
42. बलगम-2
44. सरिता-2

**शब्द पहेली - 5485 का हल**



## सूडोकु नवताल - 5497

★★★★★ कठिनतम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | | | | | | 5 | | |
| | 1 | | | 8 | | | | 9 |
| 7 | | | | | 4 | | | |
| | | | 9 | | | 1 | | |
| | 3 | | | | | | 6 | |
| | | 8 | | | 5 | | | |
| | | | 3 | | | | | 8 |
| 5 | | | | 6 | | | 2 | |
| | | 4 | | | | | | 7 |


MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल - 5496 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 3 | 6 | 8 | 5 | 1 | 4 | 9 | 7 |
| 9 | 4 | 5 | 7 | 6 | 3 | 8 | 2 | 1 |
| 1 | 7 | 8 | 2 | 9 | 4 | 6 | 5 | 3 |
| 3 | 1 | 9 | 6 | 7 | 2 | 5 | 4 | 8 |
| 5 | 6 | 2 | 1 | 4 | 8 | 3 | 7 | 9 |
| 7 | 8 | 4 | 5 | 3 | 9 | 1 | 6 | 2 |
| 4 | 9 | 1 | 3 | 2 | 5 | 7 | 8 | 6 |
| 8 | 2 | 7 | 4 | 1 | 6 | 9 | 3 | 5 |
| 6 | 5 | 3 | 9 | 8 | 7 | 2 | 1 | 4 |



# 'कौन बनेगा करोड़पति' के 16वें सीजन का रजिस्ट्रेशन 26 से शुरू

**मुंबई।** अमिताभ बच्चन ने बड़े पर्दे के साथ छोटे पर्दे पर भी अपनी छाप छोड़ी हैं। उनके लोकप्रिय क्विज शो 'कौन बनेगा करोड़पति' को दर्शक काफी पसंद करते हैं। अब यह अपने नए सीजन के साथ वापस आ रहा है। अमिताभ ने 'कौन बनेगा करोड़पति' के 16वें सीजन का ऐलान कर दिया है। 'कौन बनेगा करोड़पति 16' का प्रोमो सामने आ चुका है, जिसे देख प्रशंसक खुशी से झूम उठे हैं। आइए जानते हैं शो के रजिस्ट्रेशन कब से शुरू होंगे। 'कौन बनेगा करोड़पति 16' को आप सोनी टीवी पर देख सकते हैं। फिलहाल इसकी रिलीज तारीख सामने नहीं आई। चैनल ने अपने आधिकारिक एक्स हैंडल पर प्रोमो साझा करते हुए लिखा, 'ऐसा मिला प्यार की लौट रहा है।

## लाइफ Style

# सोनाली

## 'द ब्रोकन न्यूज 2' का ट्रेलर जारी

एजेंसी ▶▶ मुंबई

सोनाली बेंद्रे की वेब सीरीज 'द ब्रोकन न्यूज' को दर्शकों का बेशुमार प्यार मिला था। यह सीरीज 10 जून, 2022 में जी5 पर रिलीज हुई थी। 'द ब्रोकन न्यूज' की सफलता को देखते हुए हाल ही में निर्माताओं ने सीरीज की दूसरी किस्त का ऐलान किया, जिसका दर्शक बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं।

अब 'द ब्रोकन न्यूज' की दूसरी किस्त की रिलीज तारीख से पर्दा उठ चुका है। इसके साथ निर्माताओं ने सीरीज का ट्रेलर जारी कर दिया है। जयदीप अहलावत, श्रिया पिलगांवकर, इंद्रनील सेनगुप्ता, तारुक रैना, आकाश खुराना और किरण कुमार भी इसका हिस्सा हैं। विनय वाइकुल ने इस सीरीज का निर्देशन किया है। पहले भाग का निर्देशन भी उन्होंने ही किया था। समीर गोगेट इस सीरीज के निर्माता हैं। 'द ब्रोकन न्यूज' का प्रीमियर 3 मई से ओटीटी प्लेटफॉर्म जी5 पर होगा। निर्माताओं ने टीजर साझा करते हुए लिखा, 'ब्रेकिंग न्यूज की नई कहानी, सच भी बनेगा सनसनीखेज।' बता दें कि कैंसर की बीमारी ने सोनाली के साथ साथ उनके फैन्स को भी सदमे में डाल दिया। कैंसर का इलाज करने के लिए वे न्यूयॉर्क गईं, जहां कुछ महीनों तक उनका इलाज चला। इसके बाद उन्होंने कैंसर को मात दे दी। सोनाली ने साल 2002 में फिल्म प्रोड्यूसर गोल्डी बहल के साथ शादी की। इसके बाद कुछ समय के लिए सिनेमा से दूर हो गईं। फिल्मों के अलावा फिलहाल टीवी शोज में बतौर जज सोनाली काफी एक्टिव थीं। बॉलीवुड अभिनेत्री सोनाली बेंद्रे ने 19 साल की उम्र में ही अपनी फिल्मी करियर की शुरुआत कर दी थी।



## हॉलीवुड मसाला



# 'मंकी मैन' को मिल रहा भरपूर प्यार

**लॉस एंजिलस।** सोभिता धुलिपाला अपने हॉलीवुड डेब्यू फिल्म 'मंकी मैन' के साथ ओस्कर-नॉमिनेटेड देव पटेल के साथ स्क्रीन शेयर करने के लिए तैयार हैं। यह एक एक्शन-पैक्ड रिवेंज टेल है, जो अब आखिरकार थिएटरों में रिलीज हुई है। इस फिल्म को सोभिता के लिए एक महत्वपूर्ण माइलस्टोन माना जा रहा है, क्योंकि वे अपने कदमों को अंतरराष्ट्रीय फिल्म की ओर बढ़ा रही हैं। फिल्म में उनका किरदार सुपर इंट्रीग्यूइंग है, और उनका इंटेंस प्रेसेंस सभी का ध्यान उनकी तरफ खींच रहा है।




# टाइटैनिक का हीरो 49 का, 29 की गर्लफ्रेंड संग हुआ स्पॉट...

**लॉस एंजिलस।** लियोनार्डो डिकैप्रियो और गीगी हदीद का रोमांस एक बार फिर सुर्खियां बटोर रहा है, अफवाह है कि इस जोड़ी को एक बार फिर एक साथ देखा गया है। ऑस्कर विजेता एक्टर लियोनार्डो डिकैप्रियो और सुपरमॉडल गीगी हदीद के बीच रोमांस काफी समय से हॉलीवुड खबरों का फेवरेट सबजेक्ट रहा है। पिछले साल सितंबर में डेटिंग की अफवाहें फैलने के बाद, डिकैप्रियो और हदीद ने अपने ब्रेक-अप और पैच-अप की अटकलों से कई बार नेटिजन्स और मीडिया का ध्यान आकर्षित किया। अब एक बार फिर दोनों साथ में नजर आए। भले ही डिकैप्रियो 49 साल के हैं और हदीद 29 साल की हैं, लेकिन दोनों की जोड़ी को उनके फैंस काफी पसंद करते हैं।

# धोनी पर बनी रही एक और फिल्म

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता राजकुमार राव और अभिनेत्री जाह्नवी कपूर की आने वाली फिल्म मिस्टर एंड मिसेज माही का नया पोस्टर रिलीज हो गया है। करण जौहर के धर्मा प्रोडक्शंस के बैनर तले बनी फिल्म मिस्टर एंड मिसेज माही भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान और महेंद्र सिंह धोनी पर आधारित है। फिल्म 'मिस्टर एंड मिसेज माही' में राजकुमार राव और जाह्नवी कपूर मुख्य भूमिका में हैं। इस फिल्म का पहला पोस्टर रिलीज कर दिया गया है। पोस्टर में राजकुमार राव और जाह्नवी कपूर खड़े नजर आ रहे हैं, जिनकी जो अपने दोनों हाथ ऊपर की और उठाए खड़े हैं, साथ ही उनकी पीठ दिखाई दे रही है। दोनों इंडियन जर्सी पहने नजर आ रहे हैं, जिस पर दोनों के नाम 'महिमा' और 'महेंद्र' लिखा नजर आ रहा है।




# जूनियर एनटीआर ने पहनी बेहद महंगी घड़ी

**मुंबई।** दक्षिण भारतीय सिनेमा के जान-माने अभिनेता जूनियर एनटीआर का एक वीडियो सामने आया है, जो सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहा है। दरअसल, हाल ही में एनटीआर को मुंबई में एक स्टूडियो के बाहर देखा गया था, जहां उनकी घड़ी ने सबका ध्यान खींच लिया। एनटीआर ने रिचर्ड मिल्ली की घड़ी पहनी हुई थी, जिसकी कीमत हर कोई जानना चाहता है। मीडियो रिपोर्ट्स के मुताबिक, अभिनेता की इस घड़ी की कीमत 7.5 करोड़ रुपये है। एनटीआर इन दिनों अपनी फिल्म 'देवरा' को लेकर सुर्खियां बटोर रहे हैं। इसमें उनकी जोड़ी पहली बार अभिनेत्री जाह्नवी कपूर के साथ बनी है। सैफ अली खान भी इस फिल्म का अहम हिस्सा हैं। यह फिल्म अब 10 अक्टबूर, 2024 को सिनेमाघरों का रुख करेगी। इसके बाद एनटीआर 2019 में आई फिल्म 'वॉर' की दूसरी किस्त में नजर आएंगे। फिल्म में ऋतिक रोशन भी मुख्य भूमिका में दिखाई देंगे। यह फिल्म 2025 में 14 अगस्त को सिनेमाघरों में दस्तक देगी।



# अक्षय साउथ में कदम रखने को तैयार

**मुंबई।** अक्षय कुमार को इन दिनों फिल्म 'बड़े मियां छोटे मियां' में देखा जा रहा है। यह फिल्म शुरुआत से बॉक्स ऑफिस पर अच्छा प्रदर्शन कर रही है। अक्षय की आने वाली फिल्मों में 'सिंघम अगेन', 'वेलकम टू द जंगल', 'फिर हेरा फेरी 3' और 'शंकरा' शामिल हैं। अब अक्षय दक्षिण भारतीय सिनेमा में कदम रखने जा रहे हैं। मुकेश कुमार सिंह के निर्देशन में बन रही फंतासी ड्रामा फिल्म 'कन्नप्पा' की स्टार कास्ट में अक्षय शामिल हो गए हैं। 'कन्नप्पा' विष्णु मंचू मुख्य भूमिका में नजर आएंगे। प्रभास, मोहनलाल, प्रभुदेवा और आर सरथ कुमार भी इस फिल्म का हिस्सा हैं। विष्णु ने अक्षय का स्वागत करते हुए लिखा, 'यह यात्रा और अधिक रोमांचक हो गई है क्योंकि हम अक्षय कुमार का तेलुगु फिल्म सिनेमा में स्वागत कर रहे हैं।



## कपिल को मिला था अमर सिंह चमकीला का ऑफर

**नई दिल्ली।** द ग्रेट इंडियन कपिल शो का नया एपिसोड अब तक का सबसे मनोरंजक था और इसे देखने वाले दर्शकों ने खूब एंजॉय किया क्योंकि इसमें दिलजीत दोसांझ, परिणीति चोपड़ा और इम्तियाज अली अपनी नई फिल्म अमर सिंह चमकीला का प्रमोशन करते नजर आए थे। इस दौरान सभी ने एक दूसरे के साथ काफी मस्ती की और लोगों को हंसाया। कपिल शर्मा ने हाल ही में शो की शूटिंग के पीछे का एक वीडियो साझा किया, जिसमें उन्होंने ऐसा खुलासा किया कि उसे जानकर लोग हैरान रह गए।

## दादासाहेब फाल्के की है लंका दहन साइलेंट मूवी, एक ही शख्स ने निभाया राम-सिया का किरदार

# 107 साल पहले बनी थी भगवान राम पर पहली फिल्म


*नए दौर में नए विजुअल इफेक्ट्स और बड़े बड़े कलाकारों के साथ फिल्मी पर्दे पर आई फिल्म आदिपुरुष कोई कमाल नहीं दिखा सकी लेकिन आज से 107 साल पहले जब भगवान राम की कहानी फिल्मी पर्दे पर आई थी तो थियेटर में दर्शकों की लाइन लग गई थी। बता दें कि उस रामायण में न आवाज थी न कोई भारी भरकम एक्ट्रेस।*

## थियेटर्स में मंदिर जैसा माहौल, दर्शक जूते-चप्पल उतारकर जाते थे भीतर

**नई दिल्ली।** दिलचस्प बात तो ये है कि राम और सिया का रोल प्ले करने के लिए एक ही शख्स को चुना गया। वही फिल्म का राम था और वही सीता भी। उसके बावजूद थियेटर्स में पूरी तरह मंदिर जैसा माहौल रहता था। दर्शक भीतर जाने से पहले जूते और चप्पल निकालकर जाया करते थे। इस रामायण को दादा साहब फाल्के ने लंका दहन के नाम से बनाया था।

### फिल्मों के लिए नहीं मिलती थी हीरोइन

इस फिल्म की खास बात ये थे कि फिल्म के लिए दादा साहब फाल्के को हीरोइन नहीं मिला करती थीं। साल 1913 में दादा साहब ने हरिश्चंद्र फिल्म बनाई। इस फिल्म में भी हीरोइन का रोल अदा किया अन्ना सालुंके नाम के शख्स ने। उनके पतले हाथ और दुबला पतला डील डौल महिला का किरदार निभाने के लिए बिलकुल उपयुक्त था। इसलिए जब 1917 में दादा साहब ने लंका दहन बनाना शुरु की तो अन्ना सालुंके को ही सीता का रोल दिया। चुनौती थी पुरुष का किरदार अदा करने की लेकिन अन्ना सालुंके ने अपने हाव भाव और बॉडी लेंग्वेज पर इतना काम किया कि वो राम के किरदार में भी फिट बैठे और उन्होंने ही राम का किरदार भी निभाया।



### डबल रोल करने वाले पहले आर्टिस्ट बने

राम और सीता दोनों का रोल कर अन्ना सालुंके तो हिंदी सिनेमा के डबल रोल करने वाले पहले आर्टिस्ट बन गए। सबसे बड़ी बात ये थी कि लोगों ने भी उन्हें दोनों रोल में अपनाया। राम सीता की रामायण देखने के लिए बड़ी संख्या में लोग थियेटर तक पहुंचे। नई टेक्निक से डबल या तीन रोल करना आज के कलाकारों के लिए भले ही आसान हो गया है लेकिन सोचिए कि आज से 107 साल पहले डबल रोल वाली फिल्म को बनाने में कितनी न कठिनाइयों का सामना करना पड़ा होगा।

### बिना आवाज के जगाया भक्तिभाव

बता दें कि इस फिल्म की छवि कुछ ऐसी बनी कि लोग कलाकारों को भगवान का ही दर्जा देने लगे। उस जमाने में यह फिल्म जिस थियेटर में लगी थी वहां भक्तिभाव का आलम ये था कि लोग जूते-चप्पल उतार कर ही सिनेमा हॉल के भीतर जाते थे। हालांकि फिल्म में कोई आवाज नहीं थी। उसके बाद भी भगवान के प्रति भक्ति का संदेश लोगों तक साफ साफ पहुंचा।



## सोना 250 रुपए टूटा चांदी अपरिवर्तित



**नई दिल्ली।** वैश्विक बाजारों में सोने की कीमतों में आई गिरावट के बीच राष्ट्रीय राजधानी में बृहस्पतिवार को सोने की कीमत 250 रुपये टूटकर 73,700 रुपये प्रति 10 ग्राम रहा। पिछले कारोबारी सत्र में सोना 73,950 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। सोने की हाजिर कीमत (24 कैरेट) 73,700 रुपये प्रति 10 ग्राम पर रहा, जो पिछले बंद भाव से 250 रुपये की गिरावट को दर्शाता है।'

# विदेशी गेमिंग कंपनियों से 2.5 अरब डॉलर का जीएसटी नुकसान

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

गेमिंग उद्योग निकाय ऑल इंडिया गेमिंग फेडरेशन (एआईजीएफ) ने कहा कि विदेशी अवैध सट्टेबाजी तथा जुए से जुड़ी इकाइयां सरकारी खजाने को प्रति वर्ष 2.5 अरब अमेरिकी डॉलर का नुकसान पहुंचा रही हैं। संगठन ने सरकार से ऐसे मंचों पर अंकुश लगाने के लिए तत्काल कार्रवाई की मांग की है। एआईजीएफ के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) रोलैंड लैंडर्स ने कहा कि विदेशी संस्थाएं अवैध सट्टेबाजी और जुए से विभिन्न खेलों को जोड़ती हैं, जिससे उपयोगकर्ता वैध तथा अवैध गेमिंग के बीच अंतर नहीं कर पाते।

■ ऐसे मंचों पर अंकुश लगाने तत्काल कार्रवाई की मांग की

### एसआरओ के लिए आवेदन

उद्योग से जुड़ी कुछ कंपनियों ने एसआरओ की स्थापना के लिए आवेदन किया था। लैंडर्स ने कहा कि एआईजीएफ को कंपनियों द्वारा दिए आवेदन पर कोई अद्यतन जानकारी नहीं मिली है।

## एआईजीएफ ने कहा, सरकारी खजाने को नुकसान पहुंच रहो

### अवैध तथा वैध गेम के बीच भ्रम

लैंडर्स ने कहा, 'विदेशी इकाइयां अक्सर उपयोगकर्ताओं को नुकसान पहुंचाती हैं और उपयोगकर्ता अवैध तथा वैध गेम के बीच भ्रमित हो जाते हैं। अवैध विदेशी सट्टेबाजी और जुआ मंच के खतरे पर कठोरता से अंकुश लगाया जाना चाहिए।' उन्होंने कहा कि अवैध मंचों के खतरे को रोकने में मदद के लिए सरकार को स्व-नियामक संगठन (एसआरओ) जैसे मॉडल में तेजी लानी चाहिए।




### आईपीएल में जीएसटी व टीडीएस नहीं कटने का विज्ञापन

लैंडर्स ने कहा कि विदेशी संस्थाओं ने उपयोगकर्ताओं को लुभाने के लिए मौजूदा आईपीएल सीजन के दौरान विज्ञापनों में वृद्धि की है। उनमें से कुछ इतनी हिम्मत दिखा रहे हैं कि उनके मंच पर कोई जीएसटी या टीडीएस नहीं लगने का बेबाकी से प्रचार कर रहे हैं।

### विदेशी संस्थाओं का भारत में कोई अधिकारी नहीं

लैंडर्स ने कहा, 'विदेशी संस्थाओं का भारत में कोई अधिकारी नहीं है। एसआरओ जैसी संस्था द्वारा जांच से वैध और अवैध मंचों के बीच अंतर करने में मदद मिल सकती है।' सरकार ने एसआरओ लाने का प्रस्ताव रखा था लेकिन 90 दिन की निर्धारित समय सीमा के भीतर ऐसा नहीं किया जा सका।

### एक साल में 12 अरब डॉलर एकत्र कर रहे

सीईओ ने कहा कि अवैध विदेशी इकाइयां उपयोगकर्ताओं को नुकसान पहुंचाती हैं। इससे भारत में वैध उद्योग को भी नुकसान पहुंच सकता है। लैंडर्स ने कहा, 'विदेशी अवैध सट्टेबाजी तथा जुआ मंच एक साल में 12 अरब अमेरिकी डॉलर की राशि एकत्र कर रहे हैं, जिसका मतलब है कि सरकार को जीएसटी राजस्व में कम से कम 2.5 अरब अमेरिकी डॉलर का नुकसान हो रहा है।'

## इन्फोसिस का मुनाफा चौथी तिमाही में 30 प्रतिशत बढ़कर 7,969 करोड़ रुपए

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



सूचना प्रौद्योगिकी कंपनी इन्फोसिस का मार्च 2024 को समाप्त चौथी तिमाही में एकीकृत लाभ 30 प्रतिशत उछलकर 7,969 करोड़ रुपये हो गया। इन्फोसिस ने बृहस्पतिवार को शेयर बाजार को जनवरी-मार्च, 2024 तिमाही के नतीजों की जानकारी दी। पिछले साल की समान तिमाही में कंपनी का मुनाफा 6,128 करोड़ रुपये रहा था। आलोच्य तिमाही में कंपनी का एकीकृत राजस्व 1.3 प्रतिशत बढ़कर 37,923 करोड़ रुपये हो गया, जो एक साल पहले की समान तिमाही में 37,441 करोड़ रुपये था।

इसके साथ ही इन्फोसिस ने कहा कि स्थिर विनिमय दर के आधार पर उसे चालू वित्त वर्ष 2024-25 में राजस्व में 1-3 प्रतिशत वृद्धि की उम्मीद है।

### परिचालन मार्जिन में बढ़ोतरी

वहीं परिचालन मार्जिन 20 से 22 प्रतिशत रहने की संभावना है। कंपनी ने बीती तिमाही में 20.1 प्रतिशत का परिचालन मार्जिन दर्ज किया जबकि समूचे वित्त वर्ष 2023-24 में यह 20.7 प्रतिशत रहा। कंपनी का शुद्ध लाभ बीते वित्त वर्ष 2023-24 में 8.9 प्रतिशत बढ़कर 26,233 करोड़ रुपये हो गया जबकि एक साल पहले वित्त वर्ष 2022-23 में यह 24,095 करोड़ रुपये था।

## रामकृष्ण हॉस्पिटल ने विश्व लीवर दिवस पर लोगों को किया जागरूक



**रायपुर।** विश्व लीवर दिवस के अवसर पर रामकृष्ण केयर हॉस्पिटल में लीवर से संबंधित बीमारियों के अवेयरनेस के लिए एक विशेष कार्यक्रम रखा। इसमें हॉस्पिटल के डॉ. संदीप पाण्डे, डॉ. ललित निहाल, डॉ. अजीत मिश्रा ने लीवर से संबंधित रोगों एवं बचाव के लिए कई महत्वपूर्ण जानकारियां प्रदान की।

डॉ. संदीप पाण्डे, डॉ. ललित निहाल और डॉ. अजीत मिश्रा ने संयुक्त रूप से जानकारी देते हुए बताया कि विश्व लीवर दिवस पर हमारा थीम फैटी लीवर पर फोकस हैं। लीवर की समस्या का मुख्य कारण लोगों की लाइफस्टाइल एवं खानपान में बदलाव है। जिसके कारण फैटी लीवर, लीवर के सूजन, सिरोसिस जैसी समस्याएं अधिक देखने को मिलती है। खानपान में अशुद्धता के चलते लीवर में परेशानी स्वाभाविक है। वहीं अधिक शराब का सेवन करने से रिस्क और भी ज्यादा बढ़ जाता हैं। उन्होंने आगे बताया कि अगर किसी को डायबिटिज, मोटापा या अनियंत्रित ब्लड प्रेशर जैसी समस्या है तो लीवर की बीमारी होने की आशंका बढ़ जाती है। कमर के आसपास फैट इकट्ठा होना या गर्दन मोटी और काली होना यह भी लीवर की समस्या के प्रारंभिक संकेत है, ऐसी स्थिति में लीवर की जांच अवश्य करानी चाहिए।

***लीवर को स्वस्थ रखने के लिए अपनाएं ये तरीके***

*डॉक्टर्स ने बताया कि लीवर को स्वस्थ रखने के लिए अच्छी डाइट और पर्याप्त एक्सरसाइज, भोजन में चीनी फैट कम से कम रखें। प्रोटीन का अनुपात बढ़ा कर रखना चाहिए, अगर शाकाहारी है तो पनीर, सोया, बादाम, अखरोट इत्यादि ड्राई फ्रूट्स का सेवन करना लाभदायक होगा। शाकाहारी नहीं है तो रेड मीट का सेवन करने से बचें। इससे अच्छा मछली व अंडे का सेवन करें।*

## सहेली ज्वेलर्स का अक्षय तृतीया ट्रिपल फॉर्च्यून ऑफर

■ मार्केट रेट से कम में पाएं सोना, मेकिंग चार्जेस पर 50% की छूट भी

**रायपुर।** जाने-माने ज्वेलरी शोरूमों में से एक सहेली ज्वेलर्स ने अक्षय तृतीया के शुभ अवसर पर ट्रिपल फॉर्च्यून ऑफर कि पेशकश की हैं। जहां शादी-ब्याह समेत अन्य अवसरों के लिए मार्केट रेट से 2,300 रुपए सस्ता सोना मिल रहा हैं। यानी अक्षय तृतीया ट्रिपल फॉर्च्यून ऑफर में सोने का भाव 68,200 रुपए के जगह 65,900 रुपए प्रति 10 ग्राम मिलेगा। साथ ही हीरे एवं पोलकी के मेकिंग चार्जेस पर 50% की छूट भी दी जा रही है।

प्री-बुकिंग ऑफर के तहत आज के भाव पर सोने को बुक भी कर सकते हैं। भाव बुक करने पर भाव बढ़ने पर भी बुकिंग दाम में और कम होने पर कम दाम में सोना खरीदने का सुनहरा मौका मिल रहा है। ये ऑफर अक्षय तृतीया 10 मई तक मान्य है।



### वैवाहिक कलेक्शन की उत्कृष्ट रेंज


शादियों के सीजन को देखते हुए सहेली ज्वेलर्स में वैवाहिक कलेक्शन के उत्कृष्ट व आकर्षक रेंज उपलब्ध कराए गए हैं। जिसमें रिंग्स, इयरिंग्स, बैंगल्स, नेकलेस व पायल इत्यादि का जबरदस्त कलेक्शन रखा गया है। साथ ही सहेली ज्वेलर्स हॉलमार्क गारंटी के साथ सोने की शुद्धता का वादा भी करता है। श्री शिवम मॉल दुर्ग और सदरबाजार रायपुर स्थित सहेली ज्वेलर्स में सोने के अलावा पोलकी, कुंदन, चांदी एवं विभिन्न रत्न जड़ित आभूषणों की 10,000 प्लस डिजाइनों के विशेष कलेक्शन उपलब्ध हैं।


epaper : www.haribhoomi.com

# हरिभूमि CLASSIFIED

Email : response.haribhoomi@gmail.com

आवश्यकता आपकी सुविधा हमारी
Contact for advertisment booking :
Raipur- 79871-19756
6263818152




### Appointment आवश्यकता

#### सिक्योरिटीगार्ड

आवश्यकता है- फैक्ट्री हेतु सुरक्षागार्ड, वेतन 12000 से 19000 तक (PF+ ESI+Bonus+ रहना फ्री) मेस की सुविधा 8वीं से स्नातक वेतन प्रतिमाह 7 तारीख को संपर्क करें:- शिव सिक्योरिटी सर्विस, शॉप नंबर 28, प्रथम तल, कमला सुपर बाजार, तेलघानी नाका चौक, रायपुर छत्तीसगढ़ मोबाइल 07714036689, 8120957510, 9770304037.(RO-1186)

आवश्यकता है- रायपुर लिमिटेड कंपनी में सिक्योरिटी गार्ड,सुपरवाइजर हेतु हाईट 5 फीट 6 इंच, 4 फोटो, आधार कार्ड सहित मिले रहना,खाना,फ्री,वेतन 10000 से 15000 MO. 8109070600, 7869230888.(RO-1174)

विज्ञापन बुकिंग टाइम सुबह 10:30 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक

#### टीचर

आवश्यकता है- अंग्रेजी, विज्ञान समूह (गणित/बायो) कॉमर्स, संस्कृत, आर्ट्स शिक्षक/ शिक्षिका हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित हैं। साक्षात्कार 28/04/24 (रविवार) को प्रातः 8:30 से 10:30 संपर्क नूतन उच्च माध्यमिक शाला, आरडीए कॉलोनी टिकरापारा रायपुर मोबाइल 9009088455, 6260449398 कार्यालय में जमा करें।(RO-1197)

#### दुकान कार्य

आवश्यकता है- सबमर्सिबल पंप एवं प्लास्टिक पाइप नल दुकान में काम करने हेतु लड़कों की आवश्यकता है। सैलरी 9000 - 12000 योग्यता अनुसार। हमाल की भी आवश्यकता है। बजाज इंटरप्राइजेज रायपुर 9644433085, 9425843865.(RO-4405)

नोट - विज्ञापन प्रकाशन के पहले दिन ही करेक्शन मान्य होगा।

#### देखरेख

आवश्यकता है- नंदनवन हथबंध रोड स्थित फार्म हाउस देखरेख हेतु मेहनती युवक परिवार वाला चाहिए। सम्पर्क करें: मो. नं. 8109411676, 6263558400.(RO-7478)

आवश्यकता है- विकलांग युवक के देखभाल हेतु होनहार, कामकाजी युवक की आवश्यकता है,रहना खाना फ्री वेतन योग्यतानुसार। संपर्क नंबर -7354988225 Addrees Hotel AD Tower Siddharth chowk Tikrapara Raipur(RO-1196)

#### डिलीवरी कार्य

आवश्यकता है- स्टेशनरी दुकान चौबे कॉलोनी रायपुर में डिलीवरी कार्य करने हेतु नवयुवकों की आवश्यकता है अनुभवी या फ्रेशर उम्र 18 से 30 सम्पर्क करें- 9754247247.(RO-4407)

#### चिकित्साकर्मी

आवश्यकता है- नर्स (ANM/ GNM अनुभवी) ऑर्थो ड्रेसर, OT & एक्सरे, टेक्नीशियन, ड्राइवर, मार्केटिंग PRO आवास सुविधा उचित वेतन कैलाश कांता हॉस्पिटल मेन रोड जोरा रायपुर 0771-2994153, 93007 734153.(RO-4486)

आवश्यकता है- नर्सिंग होम मे कार्य हेतु प्रशिक्षित अप्रशिक्षित अनुभवी नर्सिंग स्टाफ, एएनएम, जीएनएम एवं आया की आवश्यकता है। संपर्क करें समय 10 से 5 तक केजीएन नर्सिंग होम फव्वारा चौक बैरनबाजार रायपुर 9425502209, 9893042209 (RO-1194)

#### मार्केटिंग

आवश्यकता है- अनुभवी एवं प्रॉपर्टी की मार्केटिंग के लिए लड़के / लड़कियों की आवश्यकता है मासिक वेतन + कमीशन के साथ योग्यता 12वीं पास इंटरव्यू -दिनांक 21/4/24 को सुबह 10से 12बजे तक संपर्क- 4th फ्लोर, चौहानपार्क व्यू जुनवानी रोड, भिलाई (छ.ग.) चौहान ग्रुप संपर्क - mo-79995-39844, 93004-08631, 94241-36179.(आरो क्र.-6329)

#### टीचर

SURYA PRAKASH MEMORIAL PUBLIC SCHOOL, SANAWAL
DIST. BALRAMPUR-RAMANUJGANJ
WALK IN INTERVIEW
TEACHERS -TGT&PGT 9th TO 12th CLASSES
For Eng./Phy./Chem./Maths/ Accounts/ Social Sci. Comp.Sci./ Sports Teacher
M.A/M.Com/M.Sc/B.Sc CS/ BCA Degree or Diploma in Music /B.PED /M.PED or equivalent degree
Librarian /Lab Instructor
B.Lib.Sc./Certi.or Diploma in Lab technique.
Office Clerk
Graduate and Diploma in Computer Application.
Security Guard/ Sweeper/ Gardner-10th /12th Pass
Teaching staff must be proficiency in English, persuing B.Ed can also apply. Interested candidate attend Walk-in-Interview on 11-5-2024, Saturday at School Campus at 11-30 AM with passport size photo, photocopy of mark-sheet along with all Originals Certificates. Min. 03 year work experience.
Ph.: 9617770543, 9827979297, email id: spmphs2008@gmail.com

#### शॉपिंग मॉल

आवश्यकता है- VPS सुपर बाजार . भाठागांव रायपुर में काम करने हेतु अनुभवी युवक युवती और इस काम के अनुभव और जानकारी रखने वाले कर्मचारियों की आवश्यकता है कृपया अपने अपने ओरिजनल आधार कार्ड फोटो और अपने नाम के सभी परिचय पत्र के साथ VPS में आकर मिले . VPS SUPER BAZAR . VPS पता , पूजा ज्वेलर्स के ठीक सामने जय कल्याण कॉम्प्लेक्स भाठागांव रायपुर . 8109 199 199.(RO-M)

#### सेल्समैन/सेल्सगर्ल

आवश्यकता है- रेडीमेड कपड़े की दुकान हेतु लड़के-लड़कियां एवं सेल्समैन-सेल्सगर्ल की आवश्यकता है वेतन योग्यता अनुसार संपर्क करें:- भागचंद आनंदराम, मटका लाईन, गोलबाजार, रायपुर मोबाइल नंबर:- 9329103178.(RO-2675)

#### खाना मिस्त्री

आवश्यकता है- फैक्ट्री मेस कैंटीन में खाना मिस्त्री, रोटी मिस्त्री, किचन हेल्पर, काउन्टर में खाना देने एवं बर्तन धोने लड़कों की आवश्यकता है। रहने खाने की सुविधा। पता- बिलासपुर 9993334937, 8871824812.(RO-BSP)

#### डिजाइनर/बैकऑफिस

आवश्यकता है- एम.जे. मार्केटिंग को आवश्यकता है- ग्राफिक्स डिजाइनर-1, सुपरवाईजर -5, बैकऑफिस-3, डिलीवरी बॉय -20 रहने की सुविधा उपलब्ध है। पता- जीत कोल्ड स्टोर के पास, दुर्गा पेट्रोल पम्प के पीछे गोंदवारा, रायपुर (C.G.) संपर्क हेतु- 07748084442, 7999826631, 7509865451.(RO-2676)

#### टेलर

आवश्यकता है- एक अनुभवी लेडीस गारमेंट्स टेलर और कटिंग मास्टर की आवश्यकता है वेतन 15000 से शुरू सम्पर्क करें- 8200827236, 9827198700.(RO-BSP)

#### ड्रायवर

आवश्यकता है- तेलीबांधा रायपुर के पास टाटा ऐस और ऑटोमेटिक कार चलाने के लिए अनुभवी ड्राइवर व टाटा ऐस में चलने और अन्य हमाली कार्य के लिए लड़कों की आवश्यकता है संपर्क:- 9754160228.(RO-1212)

आवश्यकता है- विज्ञापन वेन (टाटा एस) चलाने हेतु अनुभवी ड्राइवरों की आवश्यकता है जो नशा न करता हो उम्र 30 - 45 वर्ष वेतन- 10,000 से 15,000 रहने की सुविधा एवं 1 चपरासी 7000 - 9000 संपर्क:- 7974 351591, 8109946664. मां एड एजेंसी रायपुर(RO-3962)

#### आवश्यकता

आवश्यकता है- हेल्थ सेक्टर में करियर बनाएं , 8/10/12 वी फेल लड़के / लड़कियां ना हो निराश मेडिहब्स होम हेल्थ केयर से जुड़ कर कमाएं 8000 से 25000 प्रतिमाह + रहना फ्री रजिस्ट्रेशन हेतु संपर्क करें ऑफिस रायपुर : 7772011223.(RO-3914)

विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें
62638-18152

#### दुकान कार्य

आवश्यकता है- सोना चांदी दुकान में सामान बेचने स्टाफ की आवश्यकता है। पेमेंट 8000/- से 15000/- तक, माल बेचना सिखा दिया जाएगा, मार्केट में पश्चिम वाले को प्राथमिकता संपर्क :-सुरेश ज्वेलर्स हलवाई लाइन रायपुर समय 1 से 8 बजे तक। 9893994319.(RO-1449)

#### ऑफिस कार्य

आवश्यकता है- ऑफिस कार्य हेतु लड़कियों महिलाओं की आवश्यकता है उम्र 18 से 28 वर्ष सैलरी 5000 से 20000 तक कमाने का अवसर पता खम्हारडीह पुलिस स्टेशन के पास न्यू सेल्स टेक्स कॉलोनी रायपुर 9981898334, 7470490884.(RO-1198)

आवश्यकता है- छत्तीसगढ़ से बाहर आगरा में रहकर आफिस कार्य हेतु 10/12वीं ग्रेजुएट 18-28 वर्ष के अविवाहित लड़के चाहिए, वेतन 7000+ कमीशन+ बोनस रहना खाना पता- जयपुर हाउस कॉलोनी आगरा यूपी 9759466366.(RO-33779)

आवश्यकता है- ग्वालियर में रहकर ऑफिस कार्य, टेलीकालिंग हेतु 20 से 30वर्ष के लड़के चाहिए सैलरी 7000+ कमीशन+ बोनस से कमाए 15000 से 20000 पता- हरिओम कालोनी मुरार ग्वालियर (म.प्र.) 9575123961, 7024944405.(RO-33778)

#### सेल्समेन/कारीगर

आवश्यकता है- क्लॉथ स्टोर्स मे कार्य करने के लिए सेल्समेन/ गर्ल एवं टेलर (कारीगर)की आवश्यकता है संपर्क :-दिनेश फर्निशिंग जवाहर मार्केट पावर हाउस भिलाई मो.- 9893307471, 9425207474(आरो क्र.-462)

#### सिक्योरिटीगार्ड

आवश्यकता है- तत्काल सिक्योरिटी गार्ड की आवश्यकता है वेतन योग्यता अनुसार। PF, ESIC की सुविधा, रहने की व्यवस्था कम्पनी द्वारा सम्पर्क करें- रेंजिट सिक्युरिटी एण्ड कन्सलटेंसी प्राइवेट लिमिटेड शंकर नगर रायपुर 9165931618.(RO-BSP)

#### पैकिंग/लेबर कार्य

आवश्यकता है- चुस्की चाय में पैकिंग कार्य हेतु लेडिस/ लड़कियों की और लेबर कार्य हेतु पुरुष की जरूरत है। संपर्क करें एसबीआई एटीएम के सामने आकृति विहार अम्लीडीह रायपुर। मो. 7469980000, 07714075490.(RO-1189)

#### ड्रायवर/घरेलु कार्य

आवश्यकता है- घरेलू ड्राइवर (सैलरी 11000) व पेसेंट हेतु 24 घंटे महिला केयर टेकर की ( रहने खाने की सुविधा, सैलरी 10 हजार ) की आवश्यकता है अनुभवी सम्पर्क करें - 18/46, हर्षित विहार, फेस 3, रायपुर मो. 9630757513.(RO-4298)

#### अन्य

आवश्यकता है- Fraud कॉल से सावधान Airtel 5G कंपनी मे घरबैठे पार्ट/ फुलटाईम (SMS जॉब ) करके लड़के, लड़कियों , गृहणियां कमाए ( 18000-55000)/- महिना लैपटॉप +मोबाइल मुफ्त Call/ SMS/ WhatsApp/ करें - 07903284986.(RO-33)

### Astrology ज्योतिष

ज्योतिष - नारायण शास्त्री घर बैठे समाधान 7347259119 प्यार में धोखा, वशीकरण, सौतन दुश्मन छुटकारा लवमैरिज, रूठे मानना, ग्रहकलेश, किया कराया, दवाई ना लगना, कारोबार, प्रेमी पति संतान अनबन (समस्या कैसी भी जड़ से खत्म) 7347259119.(RO-12599)

हरिभूमि क्लासीफाईड

### Education शिक्षण

मेडिकल प्रवेश- 12वीं पास (बायो ) विद्यार्थियों व जनरल प्रैक्टिशनल चिकित्सको के लिए छत्तीसगढ़ नर्सिंग एक्ट के तहत पंजीयन व छत्तीसगढ़ शासन में पंजीयन के लिए मान्यता प्राप्त कोर्स में प्रवेश प्रारंभ है संपर्क करें:- संजीवनी कॉलेज ओमपरिसर, आर्यनगर दुर्ग (छ.ग.) 0788-4060006, 9893579048.(आरो क्र.-6059)

### Property प्रापर्टी

#### भूमि

भूमि बेचना है- दुर्ग अंजोरा- रायपुर भारतमाला हाईवे के नजदीक खिंझर में फार्म हाउस हेतु उपयुक्त 11000 sqft. प्लॉट मात्र 111/- फीट में उपलब्ध है। मो. न. 99931-35732.(आरो क्र.-455)

### आवश्यक सूचना

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (पैसे भेजने, कोई भी खर्च उठाने, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित) या किसी भी वादे-दावे पर अमल करने से पहले अच्छी तरह से जांच पड़ताल कर लें। पाठक पूर्ण जानकारी लेंवे व स्वविवेक से निर्णय लेकर ही लेन देन करें। किसी भी उत्पाद या सेवाओं के संबंध मे किए किसी भी विज्ञापनदाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि (प्रेस प्रबंधक व कर्मचारी) की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक, संपादक कर्मचारी और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाए किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

#### बेचना


बेचना है - शहर के मध्य टॉय एवं गिफ्ट की रनिंग अच्छी कमाई वाली दुकान का पूरा सेटअप बेचना है। दुकान किराए की है। संपर्क करें मोबाइल नंबर:- 8770768051.(RO-2673)







## Healthcare








विशेष: विश्व पेंगुइन दिवस, 25 अप्रैल

# कुशल तैराक और गोताखोर पक्षी पेंगुइन

**बच्चों के लिए पेंगुइन बहुत ही अनूठा पक्षी है। यह उड़ नहीं सकता लेकिन पानी में बहुत ही कुशलता से तैरना और गोता लगाना जानता है। इसकी चाल और अजीबो-गरीब आवाज हर किसी को लुभाती है। पेंगुइन की और कौन-सी बातें हैं, जो इस पक्षी को अनूठा बनाती हैं, जानो।**

जंतु जगत
शिखर चंद जैन

पेंगुइन की गिनती दुनिया के सुंदर और अनूठे पक्षियों में होती है। इसके पंख नहीं, फ्लिपर्स होते हैं, जो कुछ-कुछ हमारे हाथों जैसे काम करते हैं। ये फ्लिपर्स कैटवॉक करने में इनकी मदद करते हैं, साथ ही शरीर का संतुलन बनाए रखते हैं। बच्चों, जानो पेंगुइन से जुड़ी और भी बातें-

**होती हैं कई प्रजातियां:** पेंगुइन की कई प्रजातियां होती हैं। हाल ही में अंटार्कटिका में एक बेहद दुर्लभ किस्म का सफेद पेंगुइन देखा गया। इस पेंगुइन को शुरू-शुरू में जीव वैज्ञानिकों ने जब देखा था तो इसे एक अजीब बत्तख का नाम दिया था। कुछ ने इन्हें मैगेलेनिक पेंगुइन का नाम दिया था।



**शानदार तैराक :** पेंगुइन पक्षी उड़ते नहीं बल्कि चलते और तैरते हैं। ये बर्फ पर पेट के बल फिसलते हुए अठखेलियां भी करते हैं। पेंगुइन पानी में तैरने से पहले हवा में ऊंची छलांग लगाते हैं। कई प्रजातियों के पेंगुइन तो हवा में 6 से 9 फीट तक की छलांग लगा सकते हैं। इससे इनके पंखों में जो हवा के बुलबुले होते हैं, वे निकल जाते हैं, पानी में तैरने की गति बढ़ जाती है। इनमें सबसे तेज तैराक गेंटुस पेंगुइन होते हैं, जो प्रति घंटे 20 मील तक तैर सकते हैं, जबकि आमतौर पर अन्य प्रजातियों के पेंगुइन की पानी में तैरने की गति 10 मील प्रति घंटे होती है।

**कुशल गोताखोर:** ज्यादातर पक्षियों में उड़ने की क्षमता होती है, क्योंकि इनकी हड्डियां खोखली होती हैं। वहीं पेंगुइन की हड्डियां ठोस और भारी होती हैं, इसलिए ये गहराई में गोता लगाने में भी सक्षम होते हैं। ऑस्ट्रेलियन अंटार्कटिक विभाग के वैज्ञानिकों ने अपने रिकॉर्ड में एंपरर प्रजाति के पेंगुइन को 1850 फीट की गहराई तक गोता लगाते हुए भी देखा है। पेंगुइन पानी के भीतर 15 से 22 मिनट तक रह सकता है।





**छिपने की कुदरती क्षमता:** पेंगुइन की पीठ पर काला रंग उनके समुद्र के भीतर छुपने में मददगार साबित होता है। जबकि सफेद पेट की वजह से इन्हें नीचे की तरफ देखना आसान होता है। काली पीठ इन्हें लेपर्ड सील जैसे शत्रुओं से बचाती है, जबकि इन्हें अपने शिकार जैसे मछली, स्क्विड, केकड़ों आदि से भी इन्हें छुपाती है। इससे इन्हें अपना शिकार करना आसान हो जाता है।

**खारा पानी पीने में सक्षम:** पेंगुइन आमतौर पर प्यास लगने पर ग्लेशियरों से पिघला हुआ बर्फीला पानी या झरनों का पानी पीना पसंद करते हैं। लेकिन ये समुद्र का खारा पानी भी आसानी से पी सकते हैं।

**रहते हैं झुंड में:** पेंगुइन कई बार दर्जनों या सैकड़ों नहीं बल्कि कभी-कभी तो हजारों की संख्या में एक साथ रहते हैं। वैज्ञानिक कई बार तो इनकी कॉलोनी या सामूहिक निवास का पता अंतरिक्ष से भी लगा लेते हैं, ऐसा इनकी काले रंग की बीट के कारण होता है। 2018 में वैज्ञानिकों ने एक द्वीप पर 1.5 मिलियन सदस्य संख्या वाली पेंगुइन की कॉलोनी का पता इसी तरह लगाया था। *

## बदलते हैं आवरण

**बच्चों,** जैसे सांप कुछ समय बाद अपनी केंचुली (त्वचा का आवरण) बदलता है, वैसे ही पेंगुइन का भी साल में एक बार रिनोवेशन हो जाता है। यानी उनके सारे पंख झड़कर दोबारा नए चमकदार पंख आ जाते हैं। इसमें दो से तीन हफ्ते का समय लगता है। पेंगुइन के दांत नहीं होते हैं, इसकी बजाय उनके मुंह में हमारे मसूड़े की तरह के मांसल स्पाइन होते हैं, जिनकी मदद से यह मछलियों को निगलते हैं। बच्चों, कुछ पेंगुइन प्रजातियां जो लुप्तप्राय हो चुकी हैं, वे 5 फुट से भी ज्यादा लंबाई की होती थीं। हाल ही में मिले जीवाश्म से पता चलता है कि कभी पेंगुइन सीधे खड़े होने पर 5 फुट 10 इंच लंबे इंसान के बराबर तक होते थे।





# अनोखी है किताबों की दुनिया

विश्व पुस्तक दिवस / सरस्वती रमेश

किताबों का हमारे जीवन में बहुत महत्व है। ये ज्ञान का भंडार होती हैं। किताबें हमें अनेकानेक विषयों की गहन जानकारी देकर हमारे ज्ञान को बढ़ाती हैं। इसलिए लोगों में पढ़ने की रुचि जगाने के लिए यूनेस्को ने 1995 में विश्व पुस्तक दिवस मनाने की घोषणा की। तब से हर साल यह 23 अप्रैल को मनाया जाता है। बच्चों, आओ जानते हैं, किताबों का हमारे जीवन में क्या महत्व है।

**किताबों का महत्व :** किताबों से मिले ज्ञान से बड़ा से बड़ा काम किया जा सकता है। किताबें पढ़ने से हमें संबंधित विषय की वृहत जानकारी मिलती है, जिससे रिसर्च और कोई नई खोज की जा सकती है। सिर्फ विज्ञान के क्षेत्र में नहीं, जीवन के हर क्षेत्र में किताबों से मिला ज्ञान हमारे बहुत काम आता है। डॉक्टर, इंजीनियर, वैज्ञानिक बनने के लिए किताबी ज्ञान की जरूरत पड़ती है। इसलिए हम सब को ज्ञान-विज्ञान से भरी किताबें जरूर पढ़नी चाहिए। साथ ही अपने दोस्तों को भी किताबें पढ़ने के लिए प्रेरित करना चाहिए।



**मिलती हैं नई जानकारियां :** किताबों की दुनिया अद्भुत और अनोखी होती है। विज्ञान, इतिहास, भूगोल के साथ अन्य विषयों की जानकारी मिलती है। किताबें पढ़ने से नई-नई जानकारियां मिलती हैं। नई तकनीक पता चलती है। किताबों में महान लोगों के अच्छे विचार पढ़कर जीवन में आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलती है। किताबें पढ़कर हमें मुश्किल हालात से निकलने के रास्ते भी मिलते हैं। किताबों मे सिर्फ ज्ञान की बातें ही नहीं, किस्से-कहानियां भी होती हैं, जो हमारा मनोरंजन तो करती ही हैं, हमें अच्छी सीख भी देती हैं।

**कॉमिक्स और पत्रिकाएं:** किताबों और पत्र-पत्रिकाओं ने हमें अनेक प्रेरक नायक दिए हैं। कॉमिक्स में ऐसे कैरेक्टर दिए हैं, जो हमें साहसी बनाते हैं। ऐसे भी कैरेक्टर से हमारा परिचय हुआ, जो हमें हंसाते हैं। हंसी-हंसी में बहुत कुछ सिखा भी जाते हैं। इसी तरह बच्चों को अपने लिए निकलने वाली पत्रिकाएं पढ़कर भी बहुत कुछ सीखने-जानने का अवसर मिलता है।

**शेयर करके पढ़ें किताबें:** हम बहुत सारी किताबें एक साथ खरीदकर नहीं पढ़ सकते, इसलिए किताबें एक-दूसरे से शेयर करके पढ़ें। इससे हमें विविध विषयों पर किताबें पढ़ने को मिल जाएंगी। मिल-बैठकर पढ़ने या किताबें शेयर करके पढ़ने से सभी दोस्तों को अधिक से अधिक विषयों पर किताबें पढ़ने को मिल जाएंगी। साथ ही किताबों के किस्से-कहानियों से मिली सीख को अपने जीवन में उतारकर हम तमाम तरह की मुश्किलों से बच सकते हैं।

**सबसे अच्छी दोस्त:** किताबों को इंसान का सबसे अच्छा दोस्त कहा जाता है, क्योंकि ये हमारा ज्ञानवर्धन करके हमें पग-पग पर सही राह दिखाती हैं, सफलता का मार्ग प्रशस्त करती हैं। जिस तरह भोजन हमारे शरीर के विकास के लिए जरूरी है, उसी तरह हमारे मानसिक विकास के लिए किताबें बहुत जरूरी हैं। किताबें हमारे सोचने-समझने की क्षमता को बढ़ाती हैं। अच्छे-बुरे का भेद बताती हैं। जब हम किसी बात से परेशान हों तो ये किताबें ही होती हैं, जो तरह-तरह के किस्सों से हमारा मन बहलाती हैं। इतना ही नहीं, किताबों में हमारी परेशानियों और समस्याओं का हल भी मिलता है। तो बच्चों, इस तरह किताबें हैं ना हमारी सबसे अच्छी दोस्त! *

## जीके क्विज-100

1. हाल ही में पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करने वाली एक मात्र महिला भारतीय वेटलिफ्टर कौन हैं?
2. राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस कब मनाया जाता है?
3. पिछले दिनों भारतीय वायुसेना ने कौन-सा 10 दिवसीय मेगा युद्धाभ्यास किया?
4. हाल ही में ज्यूडिथ सुमिनवा किस अफ्रीकी देश की पहली महिला प्रधानमंत्री बनीं?
5. मध्य प्रदेश के राज्यपाल का क्या नाम है?
6. तेहरान किस देश की राजधानी है?
7. सौरमंडल का सबसे गर्म ग्रह कौन-सा है?
8. किस गैस को 'लाफिंग गैस' भी कहा जाता है?
9. पक्षियों का अध्ययन विज्ञान की किस शाखा में किया जाता है?
10. 'आईन-ए-अकबरी' पुस्तक किसने लिखी थी?



**बच्चों, जीके क्विज-100 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें balbhoomihb@gmail.com पर मेल कर सकते हो।**

**जीके क्विज 99 का सही उत्तर :** 1. आयरलैंड, 2. क्रिस्टीना पिस्जकोवा (चेक रिपब्लिक), 3. सामवेद, 4. कल्हण, 5. आर.के. शंमुखम शेट्टी, 6. 22 अप्रैल, 7. कार्ल लैंडस्टीनर, 8. विशाखापत्तनम,9. जिनेवा (स्विट्जरलैंड), 10. एस. सोमनाथ

**जीके क्विज 99 का सही उत्तर भेजने वाले :** येणु-धमतरी, सरबजीत-करनाल, तृषा-रायपुर, कबीर-हिसार, हर्ष-भिवानी, नमिता-जांजगीर, तानिया पटेल-धमतरी, गोपाल-दुर्ग, प्रियांशु-जींद, आस्था-भोपाल, प्रिंस-जबलपुर

## हंसगुल्ले



**चिंटू :** तुम हमेशा अपनी जेब में नीबू क्यों रखते हो?
**मिंटू :** दुश्मनों के 'दांत खट्टे' करने के लिए।
-रोशनी, भोपाल

**टीचर :** मोबाइल की खोज किसने की?
**नैंसी :** सर, मेरी मम्मी ने।
**टीचर :** क्या ..!
**नैंसी :** सर, कल मेरे पापा का मोबाइल नहीं मिल रहा था, मम्मी ने ही खोजकर उनको दिया था।
-आयुष, कोंडागांव

**मम्मी :** दूध को खराब होने से बचाने के लिए क्या उपाय करना चाहिए?
**नव्या :** इसे पी लेना चाहिए।
-अदिति, रोहतक


**रोहन :** तुम्हें पता है, बूंद-बूंद से ही सागर बनता है।
**सोहन :** (होंठों पर जीभ फिराते हुए) और बूंदी-बूंदी से लड्डू।
-मनन, दुर्ग

कहानी
अंजना मनोज गर्ग

विशेष: पृथ्वी दिवस, 22 अप्रैल

**भोलू अपने पापा-मम्मी के साथ शहर में बने नए पार्क में घूमने गया। वहां मजे से टहला। थक कर जब वह पार्क की हरी घास पर बैठा तो घास ने उसे डांट दिया। घास ने ही नहीं डांटा, पेड़-पौधों और यहां तक कि झील के पानी ने भी डांटा। आखिर इन सब ने भोलू को डांटा क्यों?**

# भोलू का अपना घर



भोलू बहुत खुश था। उसके पापा ने उससे प्रॉमिस किया था कि कल संडे को वह उसे शहर में बना नया पार्क दिखाने ले जाएंगे। आज वह मम्मी से पैसे लेकर खूब सारी टॉफियां, चॉकलेट और चिप्स के पैकेट खरीद लाया ताकि वहां पार्क में घूम-घूम कर खा सके, फुल एंज्वॉय करे। कल सुबह पार्क में जाने के लिए उसने पूरी तैयारी कर ली। रात वह जल्दी सो गया, क्योंकि पार्क जाने के लिए सुबह-सुबह घर से जल्दी निकलना था।

अगले दिन संडे को भोलू, पापा-मम्मी के साथ पार्क में था। वहां सब कुछ बहुत ही लुभावना था। पार्क के चारों तरफ फूलों से लदे पौधे, घनी शाखाओं वाले बड़े-बड़े वृक्ष लगे हुए थे। पूरे पार्क में नरम, मुलायम घास उगी हुई थी। वहां लगे झूलों में बड़े मजे से बच्चे झूल रहे थे। पार्क में एक छोटी-सी झील भी थी, जिसमें लोग बोटिंग कर रहे थे। भोलू को वहां बहुत मजा आ रहा था।

पापा के साथ पार्क घूमते हुए भोलू ने चॉकलेट निकाली और उसे खाकर उसका खाली रैपर वहीं पौधों के नीचे डाल दिया। यह देख पापा ने उसे टोका, 'नहीं भोलू बेटा, ऐसे कचरा नहीं फैलाते। तुम इस खाली रैपर को अपनी जेब में रख लो। बाद में जहां तुम्हें डस्टबिन दिखे, उसमें डाल देना।'

'अरे पापा, यह कोई अपना घर है क्या? आप बेकार ही परेशान हो रहे हैं।' भोलू ने लापरवाही से जवाब दिया। कुछ देर बाद वह झील के पास पहुंचा, वहीं एक किनारे बैठकर उसने चटपटे नमकीन का पैकेट निकाला और खाकर उसका रैपर जमीन पर फेंक दिया। पापा ने फिर टोका तो उसने वही शब्द दोहरा दिए, 'क्या पापा, यह कोई अपना घर है क्या?' भोलू पूरे पार्क में जी भर के घूमा। उसने जहां-तहां कचरा फैला दिया। थक कर वह ज्यों ही एक जगह नरम घास पर बैठा, त्यों ही उसे जोर से कुछ चुभा। उसने देखा, घास नुकीली होकर चुभ रही है। घास गुस्से से बोली, 'तुम्हारा घर है क्या, जो यहां बैठ रहे हो?'

भोलू घबराया-सा झील की तरफ भागा। वहां बैठना चाहा तो झील का पानी गुस्साया, 'खबरदार! जो यहां बैठे, तुम्हारा घर है क्या?' भयभीत भोलू ने जब एक पेड़ के नीचे खड़ा होना चाहा तो पेड़ ने भी गुस्से में अपनी लंबी शाखाओं से उसे दूर झटक दिया और बोला, 'यहां क्यों खड़े हो, यह तुम्हारा घर है क्या? भागो यहां से।'

भोलू को महसूस हुआ जैसे पूरा पार्क, झील, पेड़-पौधे, घास सभी चिल्ला कर उससे कह रहे हैं, 'यह तुम्हारा घर है क्या? यह पार्क तुम्हारा घर है क्या?'

तभी मम्मी भोलू के कमरे में आईं। उन्होंने देखा वह नींद में भी बड़बड़ा रहा था, 'यह तुम्हारा घर है क्या.. यह तुम्हारा घर है क्या...?'

मम्मी ने झिंझोड़ कर भोलू को जगाया, 'क्या हुआ बेटा, कोई सपना देख रहे हो क्या?'

भोलू ने उठकर अपनी मम्मी को सपने की पूरी बात बताई। उसने मम्मी से पूछा, 'पार्क में सभी पेड़-पौधे बार-बार क्यों कह रहे थे कि यह पार्क तुम्हारा घर है क्या?'

मम्मी ने डरे हुए भोलू के सिर पर प्यार से हाथ फेरा और बोलीं, 'बेटा, जब तुमने चॉकलेट और दूसरे खाली रैपर वहीं पार्क में फेंक दिए और कहा कि यह कौन-सा मेरा घर है। बस वही बात पलट कर पेड़-पौधों ने तुमसे कही, यह तुम्हारा घर है क्या? बेटा तुम पार्क इसीलिए गए थे कि वहां अच्छा लगेगा। लेकिन तुम वहां गंदगी फैला रहे थे। यह भी बोल रहे थे, क्या अपना घर है क्या? यह कौन-सी बात हुई, अपना घर साफ रखो और बाहर सब जगह गंदगी फैलाओ। बेटा क्या पृथ्वी के पेड़-पौधे और घास की हरियाली अपनी नहीं है? तुम पार्क को सार्वजनिक स्थल मानकर पराया समझ कर वहां गंदगी फैला रहे थे। इसलिए ही तो वहां पेड़-पौधों, झील, घास सबको तुम्हारे ऊपर गुस्सा आया कि जब यह पार्क तुम्हारा घर नहीं है तो तुम यहां सैर या आराम कैसे कर सकते हो?'

भोलू को मम्मी की बात बहुत अच्छी तरह समझ में आ गई थी। वह बोला,'मम्मी, आप सही कह रही हैं। मैंने कितनी बड़ी गलती की। आज जब आप लोगों के साथ पार्क जाऊंगा, तो कचरे के लिए एक थैली भी साथ ले जाऊंगा। सारा कचरा उस थैली में भर लूंगा, पार्क में बिल्कुल भी गंदगी नहीं फैलाऊंगा। वह भी तो मेरा ही घर है ना। पार्क क्या, पूरी पृथ्वी हमारे घर जैसी है। इसे साफ-सुथरा रखना हमारी जिम्मेदारी है।'

मम्मी को इस बात की खुशी हुई कि भोलू को बात समझ में आ गई है कि पूरी पृथ्वी उसके अपने घर के समान है, उसे स्वच्छ रखना उसकी जिम्मेदारी है। *

कविता
दिनेश विजयवर्गीय



## हम सबकी हैं जान किताबें

जन-मन की पसंद किताबें
ज्ञान का भंडार किताबें।
शब्दों का संसार यह रचती
शब्दों का है मान किताबें।
जीवन में उजियारा लाती
होती ज्ञानी गुणी किताबें।
सदा मित्र-सा साथ निभाती
जीवन मुस्काती खूब किताबें।
छोड़ मोबाइल पढ़ें किताबें
देती ऐसा संदेश किताबें।
जीवन को आनंदित करती
मनोरंजन की शान किताबें।
रंग-बिरंगी चित्रों वाली
बच्चों के मन भाए किताबें।
पुस्तक मेलों में मन मुस्काती
हम सबकी है जान किताबें

## रंग भरो-148

**रंग भरो-148** में दिए गए चित्र को तुम लोगों ने बहुत अच्छे से रंगकर हमें भेजा। उनमें से चुना गया सबसे अच्छा चित्र हम यहां प्रकाशित कर रहे हैं। उसे रंगकर भेजने वाले बच्चे के चित्र के साथ कुछ अन्य बच्चों के नाम और चित्र भी प्रकाशित कर रहे हैं।





पलक, धमतरी



यशिका, बिलासपुर



सुयश, बिलासपुर



लक्षित, रोहतक



कल्पित, रोहतक

### इनके भी चित्र रहे प्रशंसनीय

दिव्यांशी-भिलाई, अथर्व-बिलासपुर, राजन-हिसार, नाज-दिल्ली, मनीष-अंबिकापुर, धीरज-महेंद्रगढ़, यश-बालोदा बाजार, पूनम-जींद, अमित-कांकेर, अस्मिता-कटनी, राकेश-दुर्ग, रति-धमतरी, अंकित-भोपाल, दिवाकर-करनाल, रानी-कोरिया



भावन्या, भिलाई

## रंग भरो 149



बच्चों, पृथ्वी दिवस के अवसर पर एक बच्चा पेड़ के पास बैठकर, पृथ्वी और पर्यावरण में उसके योगदान के लिए 'थैंक यू' बोल रहा है। इस प्यारी-सी तस्वीर को मनचाहे रंगों से रंग कर हमें भेजो। जिस बच्चे का चित्र सर्वश्रेष्ठ होगा, उसे हम बालभूमि में प्रकाशित करेंगे। चित्र के साथ अपनी फोटो, अपना और शहर का नाम हमें इस पते पर भेजो- संपादक- फीचर, हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सेंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली- 110035 या ई-मेल आईडी balbhoomihb@gmail.com पर मेल करो।

## चित्र पूरा करो

बच्चों, यहां एक अधूरा चित्र और उसके बगल में चार कटआउट्स दिए गए हैं। तुमको इन कटआउट्स को सही जगह लगाकर चित्र पूरा करना है।




उत्तर : 1D, 2C, 3A, 4B

# उत्तराखंड में बनी 11 दवाओं के सैंपल फेल, बाजार से वापस मंगाई

## सीडीएससीओ की रिपोर्ट पर एक्शन

एजेंसी ▶▶| हरिद्वार



उत्तराखंड में बनी 11 दवाओं के सैंपल जांच में फेल पाए गए हैं। जिस पर राज्य के खाद्य संरक्षा एवं औषधि प्रशासन (एफडीए) विभाग ने इन दवाओं को बनाने वाली नौ कंपनियों के दवा निर्माण लाइसेंस निलंबित कर दिए हैं। साथ ही यह दवाएं बाजार से भी वापस मंगा ली गई हैं। दुनिया के कई देशों में भारत की दवाएं फेल पाए जाने के बाद केंद्र सरकार ने दवाओं की निगरानी बढ़ा दी है। इसके तहत केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय हर महीने दवाओं की आकस्मिक जांच करा रहा है। जिसके तहत केंद्रीय दवा मानक नियंत्रण संगठन (सीडीएससीओ) की ओर से देशभर की निर्माण इकाईयों में नियमित सैंपलिंग की जा रही है। पिछले मार्च के महीने में देशभर में 931 सैंपलों की जांच की गई। इसमें 864 सैंपल सही पाए गए। जबकि 66 फेल हुए, वहीं एक सैंपल मिस ब्रांडेड पाया गया। सीडीएससीओ ने मंगलवार को इस बाबत ड्रग अलर्ट जारी किया है। इनमे उत्तराखंड में बनी 11 दवाओं के सैंपल भी मानकों पर खरे नहीं उतरे हैं।

### इन दवाओं के सैंपल फेल

दून की एसवीपी लाइफ साइसेंज में निर्मित डाइक्लोमाइन हाइड्रोक्लोराइड, जेंटामाइसिन व मिथाइल कोबालमिन इंजेक्शन, मैनकेयर लेबोरेटरीज की को-ट्रिमोक्साजोल सिरप, हरिद्वार की कैवेंडिश बायो फार्मा में निर्मित ओमेप्राज़ोल डोम्पेरिडोन टैबलेट, टेक्निका लैब्स और फार्मा की एसीक्लोफेनाक पैरासिटामोल सेराटियोपेप्टिडेज टैबलेट, जेनेका हेल्थकेयर की लेवोसालबुटामोल एम्ब्रोक्सोल गुइफेनसिन सिरप, मैस्कोट हेल्थ सीरीज की लैक्टिक एसिड बेसिलस टैबलेट, स्काईमैप फार्मास्यूटिकल की मेटोप्रोजोल टैबलेट, जेबी रेमेडीज की ओफ्लाक्सासिन ओर्नीडाजोल टैबलेट, आर्किड बायोटेक की लैक्टोजर्म कैप्सूल।

# छात्रों को भगवा पहनकर आने से रोका तो स्कूल में भीड़ ने की तोड़फोड़



एजेंसी ▶▶| हैदराबाद

तेलंगाना के मंचेरियल जिले के एक मिशनरी मंडली के द्वारा स्कूल में भगवा रंग के कपड़े पहनकर आए छात्रों को रोक दिया गया था। लोगों की नाराज भीड़ ने ना सिर्फ स्कूल में तोड़फोड़ की, बल्कि कर्मचारियों के साथ भी मारपीट भी की। यह घटना 16 अप्रैल को उत्तरी तेलंगाना जिले के कन्नेपल्ली गांव में लक्सेटिपेट के सेंट मदर टेरेसा इंग्लिश मीडियम स्कूल में हुई। मंचेरियल के डीसीपी ने बताया कि स्कूल में एग्जाम चल रहे थे। पेपर के बाद प्रिंसिपल ने कहा कि वे वर्दी पहनकर आएं और अगर वे भगवाधारी कपड़े पहनना चाहतें हैं तो उन्हें इस बात की इजाजत लेनी होगी। इस बात पर लोग भड़क गए।

बाल्य रोगों व चुरना, दस्त (कृमि) के लिए विशेष लाभकारी
सुखौना टेबलेट
20 वर्षों से प्रसिद्ध
HMS देखकर खरीदें
94060-21769
घमंडी - दर्द का दुश्मन 25 दर्द की एक दवा
सिर दर्द, कमर दर्द, पसली दर्द या किसी भी अंग के आकस्मिक दर्द पर, दांत-दाढ़ के दर्द पर, चोट, मोच, सूजन पर, सर्दी- जुकाम पर, खांसी व श्वास (दमा) पर, न्यूमोनिया पर, गांठ (मांस की गांठ पड़ जाने पर), गिल्सी पर, टांसिल बढ़ने पर, कुलंग वात (सायटिका) पर, गठिया वात पर, चिकनगुनिया के दर्द पर, पेट फूलने पर, पेट दर्द व गैस पर, ताजे घाव का खून बंद करने के लिए, पके घाव के चारों और सूजन पर, खाज-खुजली पर, उठती हुई फुड़िया, बिस्कुटी आदि पर, खुर्रा पर, बिबाई फटने पर, बर्र काटने पर, बिच्छू काटने पर, थकावट पर असरकारक है।

### बवाल पर ममता बनर्जी का बीजेपी से सवाल

# रामनवमी के ठीक एक दिन पहले डीआईजी को क्यों हटाया गया?



एजेंसी ▶▶| कोलकाता

पश्चिम बंगाल के रायगंज में चुनाव प्रचार के दौरान राज्य की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने गुरुवार (18 अप्रैल) को आरोप लगाया किया कि बीजेपी ने पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद जिले में रामनवमी समारोह के दौरान हिंसा भड़काई। रायगंज में चुनावी रैली को संबोधित करते हुए ममता बनर्जी ने दावा किया कि झड़प से पहले एक पुलिस अधिकारी को मुर्शिदाबाद से हटा दिया गया था।

सीएम ममता बनर्जी ने कहा, “लोग रामनवमी की रैली में हथियार लेकर क्यों गए? बीजेपी से पूछता चाहती हूं कि रामनवमी के ठीक एक दिन पहले आपने डीआईजी को क्यों हटाया? क्या इस मंशा से कि रामनवमी के दिन लोग हुड़दंग कर सकें? मेरे पास लोगों के घायल होने की तस्वीर हैं। न्यूज एजेंसी पीटीआई की रिपोर्ट के मुताबिक सीएम ममता बनर्जी ने कहा, “मुर्शिदाबाद की घटना को पहले प्लान बनाकर फिर अंजाम दिया गया। मुर्शिदाबाद के डीआइजी को रामनवमी से एक दिन पहले हटा दिया गया ताकि बीजेपी हिंसा कर सके। मुर्शिदाबाद में बीजेपी के गुंडों ने पुलिसकर्मियों के साथ मारपीट की।

## बीजेपी ने ममता बनर्जी पर लगाए आरोप

श्चिम बंगाल में विपक्ष के नेता सुवेंदु अधिकारी ने मुर्शिदाबाद में बुधवार के जुलूस के दौरान हुई झड़प के लिए ममता बनर्जी को जिम्मेदार ठहराया। उन्होंने इस घटना की जांच केंद्रीय जांच एजेंसी से कराने की मांग की है। बीजेपी नेता सुवेंदु अधिकारी ने दावा किया कि ममता बनर्जी के कथित भड़काऊ भाषण के कारण मुर्शिदाबाद में हिंसा भड़की थी। उन्होंने एक्स (पहले ट्विटर) पर पोस्ट कर कहा, “सीएम के भड़काऊ भाषण के कारण पूरे पश्चिम बंगाल में अलग-अलग स्थानों पर रामनवमी के जुलूसों को बाधित किया गया और उस पर हमला किया गया। उपद्रवियों को आश्वासन दिया गया था कि कानून प्रवर्तन एजेंसियां उनके खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की जाएगी, क्योंकि सीएम के कारण उनके हाथ बंधे हुए थे। बंगाल बीजेपी प्रमुख सुकांत मजूमदार ने आरोप लगाया था कि रामनवमी के जुलूस पर टीएमसी कार्यकर्ताओं ने हमला किया। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि ममता बनर्जी ने अल्पसंख्यक वोटों को मजबूत करने के लिए जनता को उकसाया था।

हरिभूमि HEALTH CARE
छत्तीसगढ़ के मेडिकल विशेषज्ञ

सभी प्रकार के स्किन एवं बाल संबंधी समस्याओं का निदान, मुंहासे, झांई, झुर्रियों का इलाज, अनचाहे बालों हेतु लेजर ट्रीटमेंट
सिंघानिया स्किन केयर
36, प्रथम तल, गुरूकुल कॉम्प्लेक्स कालीबाड़ी, रायपुर 0771-4053311
Email:bsinghania111@yahoo.co.in
Makeover Skin, Hair & Aesthetic Cente
रानी सती मंदिर के पास, केनाल लिंकिंग रोड, रवीनगर, राजातालाब, रायपुर
मो. 94252-14479
0771-4020411
www.makeoverraipur.com
त्वचा व बाल संबंधी समस्याओं का इलाज

सुविधाएं : पी.एफ.टी. ब्रांकोस्कोपी स्लीप स्टडी
डॉ. राठौर चेस्ट क्लिनिक
दमा, टी.बी., छाती एवं एलर्जी रोग विशेषज्ञ
स्पेशलिस्ट : खासी, श्वांस, दमा, टी.बी., निमोनिया, एलर्जी फेफड़े का कैंसर, खर्राटे व नींद
गरचा कॉम्प्लेक्स, कचहरी चौक, जेल रोड, रायपुर
मो. 7999450384, 7042974029
समय : दोपहर 2.00 बजे से शाम 7.00 बजे तक (रविवार अवकाश)

कान, नाक, गला, एलर्जी एवं वर्टिगो (चक्कर) कोअब्लेशन एवं लेजर सर्जरी हॉस्पिटल
डॉ. जाऊलकर
ई.एन.टी. हॉस्पिटल
(ISO 9001-2000 Certified)
सेन्ट्रल एवेन्यू चौबे कालोनी प्रगति कॉलेज रायपुर (छ.ग.)
फोन: 0771-4044551
समय: सुबह 9.30 से 4.30 तक

मनोरोग नशा उन्मूलन एवं यौन रोग विशेषज्ञ
प्रभा मनोचिकित्सा क्लिनिक
मो. 9977247553
नया पता : शॉप नं. 119, प्रथम तल, लालगंगा मिडास, फाफाडीह, रायपुर
समय : सुबह 11.00 से शाम 5.00 बजे तक
सिरदर्द, मिर्गी, मानसिक तनाव, घबराहट, असामान्य व्यवहार, डिप्रेशन, शीर्ध पतन, आदि, हर माह के प्रथम रविवार को कवर्धा में 12.00 से 4.00 एवं 8.30 से 10.30 बेमेतरा में

उपलब्ध विशेषताएं
• लेप्रोस्कोपिक एवं जनरल सर्जरी
• जनरल मेडीसीन • ऑर्थोपेडिक्स
• जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी
• ऑन्कोलॉजी (सर्जिकल)
• गायनेकोलॉजी
अग्रवाल हॉस्पिटल
(मल्टीस्पेशियेलिटी सेन्टर)
जी.ईरोड, आर.के.सी. कॉम्पलेक्स के सामने, रायपुर (छ.ग. 492001)
फोन: +91-0771-4088107/108, ईमरजेंसी नंबर 9109187755, डॉ. सजन अग्रवाल - 9329101037
लेप्रोस्कॉपिक सर्जरी में सभी प्रकार की हार्निया, अपेन्डिक्स, पित की थैली, बच्चादानी आदि से संबंधित ऑपरेशन सभी तरह की कैंसर सर्जरी एवं कीमोथेरेपी की सुविधा उपलब्ध
OPD समय - शाम 4 से 6 बजे

डायबिटीज / शुगर संबंधी सभी समस्याएं, थायराइड, मोटापा, प्रेग्नेंसी डायबिटिस, फुलबॉडी चेकअप, डायबिटिक सेक्स रोग, नसों की सुन्नता।
डायबिटिक क्लीनिक
Dr. Satyajeet Sahu Advance Dibetes & Thyroid care centre
Diabetic Clinic
17, गुरूकुल कॉम्पलेक्स, कालीबाड़ी रायपुर,
समय - सुबह 10 से 5, शाम 6 से रात 9 बजे तक
Appointments No. 7724035770 9329004557 9303724304

अष्टविनायक हॉस्पिटल
बच्चों के सभी ऑपरेशन किये जाते हैं।
* आयुष्मान कार्ड / राशन कार्ड द्वारा ऑपरेशन संभव *
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.) 7987225800, 9301744425
बच्चों के विशेषज्ञ सर्जन
डॉ. रितेश रंजन
(MCH, पीडियाट्रिक सर्जन)

राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक वेलनेस सेंटर
(राज्य और शहर के प्रसिद्ध 22 सालों से क्षेत्र में अनुभवी)
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
(राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित)
विशेषज्ञ- वात, स्पाइन एवं पाइल्स केयर
मो. 9179455561, 9039050422
अशोक विहार, स्ट्रीट नो 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट सामने, पंडरी, रायपुर मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर

मोतियाबिंद
आयुष्मान कार्ड सुविधा
छोटी लाईन ब्रिज के पास, फाफाडीह, रायपुर 9644099925
SBH साईं बाबा नेत्र हॉस्पिटल

सत्यनारायण मेमोरियल हेल्थ केयर
डॉ. संजीव कुमार सिंह
एम.बी.बी.एस., डी.एन.बी. (इंटर्नल मेडीशीन)
मो. 9669109366, 7992636477
सोमवार से शनिवार- समय : शाम 5 बजे से रात 9 बजे तक
रविवार- सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक
इस्पेशलिटी
▫ मधुमेह ▫ हृदय से संबंधित रोग
▫ ब्लड प्रेशर से संबंधित
▫ थॉयराइड से संबंधित
ग्राउण्ड फ्लोर ऑर्बिट कॉम्प्लेक्स, सुन्दर नगर, रायपुर - 492001

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 7987119756, 9303508133

# हरिभूमि पाठक पुरस्कार योजना-2023 के विजेताओं के नाम

**दसवां पुरस्कार (लंच बॉक्स 260 नग) रायपुर संस्करण -** 1. भानुराम नायक पिता/ पति सवजी राम नायक ,डा.पुराना राजेंद्र नगर रायपुर 2. आरती नायक पिता/ पति स्वरुपपानंद नायक ,विकास नगर गुढ़ियारी रायपुर 3. शत्रुघ्न देवांगन पिता/ पति गोपाल देवांगन ,साईं मंदिर के पास शहीद भगत सिंह चौक रायपुर 4. डी.आदिनारायण पिता/ पति डी.शिम्हाद्री ,मौलीपारा तेलीबांधा रायपुर 5. मनोज कुमार यादव पिता/ पति रामजी यादव ,दर्री तालाब के पास भनपुरी रायपुर 6. मनोज कुमार साहू पिता/ पति तोरनलाल साहू ,रावतपुरा कॉलोनी फेस -1 भाठागाँव रायपुर 7. विजया शक्करपूड़े पिता/ पति स्व.चन्द्रशेखर शक्करपूड़े ,सुन्दर नगर अमरपुरी काली मंदिर के पास रायपुर 8. नन्दलाल जंघेल पिता/ पति जितुरम जंघेल ,सड्डू शिवम् सिटी रायपुर 9. भुनेस्वर कुमार सोनकर पिता/ पति बलिराम सोनकर ,सरोना रायपुर 10. प्रमोद कुमार पाण्डेय पिता/ पति स्व.गणेश प्रसाद पाण्डेय ,मंदिर हसौद 11. जनक नंदनी साहू पिता/ पति प्यारे लाल साहू ,साहू पारा फाफाडीह रायपुर 12. गजेन्द्र कुमार वर्मा पिता/ पति छेदन लाल वर्मा ,तर्रा मांढर रायपुर 13. पवन कुमार देवांगन पिता/ पति खेदु राम देवांगन ,बुधवारी बाज़ार बिरगांव रायपुर 14. घनश्याम श्रीवास पिता/ पति किशन श्रीवास ,मंदिर हसौद रायपुर 15. धीरज कुमार सिन्हा पिता/ पति चंद्रू लाल सिन्हा ,हनुमान वाटिका , भाठागाँव रायपुर 16. योगेश कुमार देवांगन पिता/ पति रिखी राम देवांगन ,खोरपा अभनपुर 17. डगलस बिशाल पिता/ पति बी.बिशाल ,तेलीबांधा अमलीडीह रायपुर 18. दिलेश्वर प्रसाद साहू पिता/ पति नाथू राम साहू ,सिलयारी धरसीवा रायपुर 19. दिलीप सिन्हा पिता/ पति आशाराम सिन्हा ,आदर्श नगर नेहरू चौक मठपारा रायपुर 20. संजय वर्मा पिता/ पति चन्द्रसेखर वर्मा ,कृष्णा चौक मंदिर हसौद 21. कमलेश कुमार सैनिक पिता/ पति स्व. महेंद्र कुमार सैनिक ,आमासिवनी रायपुर 22. हिमांशु वर्मा पिता/ पति संतोष कुमार वर्मा ,मोहदा तरपोंगी 23. संतोष कुमार धीवर पिता/ पति पालू राम धीवर ,सारागांव रायपुर 24. यशवंत पाटकर पिता/ पति पुरुषोत्तम पाटकर ,सकरी रायपुर 25. मुकेश कुमार पटेल पिता/ पति मनालाल पटेल ,भुरका रायपुर 26. मनोज कुमार साहू पिता/ पति राजेंद्र कुमार साहू ,बजरंग नगर गोगांव रायपुर 27. तुका राम निषाद पिता/ पति उदल राम निषाद ,विधान सभा आमासिवनी रायपुर 28. संतोष ब्रम्हदेव पिता/ पति भामचंद ब्रम्हदेव ,देवपुरी माना रोड रायपुर 29. दानेश्वर हरिहारानो पिता/ पति बद्री नारायण हरिहारानो ,दुर्गा चौक मंदिर हसौद 30. टोमेश कुमार साहू पिता/ पति तुका राम साहू ,प्रगति नगर ,रायपुर 31. विदेशी निषाद पिता/ पति खेलावन निषाद ,शिवाजी नगर दलदल सिवनी रायपुर 32. बसंत कुमार प्रजापति पिता/ पति कमल राम प्रजापति , टीला चंपारण रायपुर 33. मदन लाल सिन्हा पिता/ पति रामू राम सिन्हा ,जामगांव 34. जीवधन लाल धीवर पिता/ पति बाहरू राम धीवर ,चरौदा आरंग 35. ईश्वरी प्रसाद साहू पिता/ पति स्व.पी.आर.साहू ,बर्गुड़ी पारा आरंग वार्ड न.5, 36. तुलेश्वर चंद्राकर पिता/ पति लखन लाल ,रसनी थाना आरंग 37. आनंद देवांगन पिता/ पति गोपाल देवांगन ,आरंग 38. डेरहाराम धुरंधर पिता/ पति मोती राम ,आरंग 39. बहोरिकाराम चंद्राकर पिता/ पति आनंद चंद्राकर ,कुटेला नंदी चौक गोंडपारा रायपुर 40. तोमन लाल साहू पिता/ पति झाडूराम साहू ,कुस्मुन्द समोदा आरंग 41. भाऊ राम गेंडरे पिता/ पति ननकू गेंडरे ,मलौद सिलयारी रायपुर 42. सरिता पिता/ पति पुनीत राम , जंजगिरा मढ़ी रायपुर 43. वामन गोपाल नयक पिता/ पति प्रेम नारायण नायक ,गिरौद मांढर रायपुर 44. अजय कुमार वर्मा पिता/ पति पंचम लाल वर्मा ,गिरौद रायपुर 45. श्रीकांत तिवारी पिता/ पति स्व. रामकृष्ण तिवारी ,२८४ समता कॉलोनी रायपुर रायपुर 46. हाफिज खान पिता/ पति स्व.जाहिर खान ,सैलानी नगर संजय नगर रायपुर 47. सरिता सोनकर पिता/ पति संदीप सोनकर ,सोनकर पारा पुरानी बस्ती रायपुर 48. अंशिका सहोर पिता/ पति निखिल सहारे ,जनता कॉलोनी गुढ़ियारी रायपुर 49. अनुज कुमार डहरिया पिता/ पति स्व.भगवत डहरिया ,कोटा वार्ड 20 सतनामी पारा रायपुर 50. विवेक यादव पिता/ पति पन्नालाल यादव ,पुतिन कॉलोनी अमलीडीह रायपुर 51. उस्मान भाई पिता/ पति स्व.हामिद अली ,टाटीबंध रायपुर 52. अनुराधा साकरकर पिता/ पति स्व. कमल साकरकर ,विप्र नगर, रायपुरा रायपुर 53. हरिका साहू पिता/ पति नेतु कुमार साहू , डौकीडीह,जिला दुर्ग 54. दिनेश कुमार साहू पिता/ पति जगन लाल साहू , चिंगारी वार्ड न.1 ,जिला दुर्ग 55. राजीव बख्सी पिता/ पति स्व.रमाकांत बख्सी , एम.680 पदमनाभपुर ,जिला दुर्ग 56. संगीता मिश्रा पिता/ पति चंद्रकांत मिश्रा , दुर्गा चौक शंकर नगर ,जिला दुर्ग 57. अमित अग्रवाल पिता/ पति व्यास नारायण अग्रवाल , ब्राह्मण पारा ,जिला दुर्ग 58. प्रेमा साहू पिता/ पति जित कुमार साहू , चिखली,जेवर सिवरी ,जिला दुर्ग 59. अशोक कुमार प्रसाद पिता/ पति स्व. अयोध्या प्रसाद , शीतला पारा ,जिला दुर्ग 60. शैलेश कुमार श्रीवास्तव पिता/ पति शम्भू दयाल श्रीवास्तव , न्यू गया नगर वार्ड न.03 ,जिला दुर्ग 61. विजय दीक्षित पिता/ पति स्व. एस.डी.दीक्षित , पप्रोफ़ेसर कॉलोनी दीपक नगर ,जिला दुर्ग 62. मोगरा स्वर्णकार पिता/ पति तारकेश्वर प्रसाद स्वर्णकार , मोहन नगर वार्ड न. 13 ,जिला दुर्ग 63. शिवचरण साहू पिता/ पति भगेला राम साहू , गौर गौरी चौक राम नगर उरला रोड ,जिला दुर्ग 64. अनुसुईया निषाद पिता/ पति नेहरू राम , सडक न. 3 मॉडल टाउन ,जिला दुर्ग 65. गुंजन कुमार साहू पिता/ पति महेश कुमार साहू , युवा अंकुश चौक सतनामी पारा छावनी भिलाई ,जिला दुर्ग 66. अलोप कुमार भंडारी पिता/ पति स्व.फूल सिंह भंडारी , मरौदा सेक्टर भिलाई ,जिला दुर्ग 67. भूमिका साहू पिता/ पति प्रेमन लाल साहू , रामनगर मुक्तिधाम भिलाई ,जिला दुर्ग 68. टिकेश्वरी कोमिया पिता/ पति चित्तरंजन कोमिया , क्यू.न .-2/एल स्ट्रीट -18 सेक्ट.-5 ,जिला दुर्ग 69. एन सतीश पिता/ पति एन एलिअस , कैंप -1 सुंदर नगर भिलाई ,जिला दुर्ग 70. प्रगड सूर्य प्रभा पिता/ पति प्रगड चिरंजीवी बुलु , स्मृति नगर प्लाट न.-20 स्ट्रीट 13 ,जिला दुर्ग 71. कैलाश कुमार कुर्रे पिता/ पति विश्वनाथ कुर्रे , गाँव देव बलौदा वार्ड न. -31 ,जिला दुर्ग 72. चैत्रमण सोनार पिता/ पति हिरा बहादुर , जय हिन्द चौक पुरैना ,जिला दुर्ग 73. चित्रकांत सोनेरपिता/ पति लक्ष्मन कुमार सोनेर , जरवाय भिलाई -3 ,जिला दुर्ग 74. श्रेया नाईक पिता/ पति राजेश नाईक , क्वाटर न.26/ सड़क 17 सेक्टर -8 भिलाई ,जिला दुर्ग 75. सेवक राम साहू पिता/ पति देवप्रसाद साहू , अर्जुन नगर कैंप -1 भिलाई ,जिला दुर्ग 76. दिनेश निषाद पिता/ पति कार्तिक राम निषाद , बजरंग चौक जरवाय ,जिला दुर्ग 77. थॉमस पिता/ पति शीला , शंकर नगर छावनी वार्ड 40 ,जिला दुर्ग 78. भोज कुमार पिता/ पति स्व. आत्मा राम , ई.डब्लू.एस.700 आदित्य नगर ,जिला दुर्ग 79. नन्द कुमार नेताम पिता/ पति स्व. अन्कल्हू राम नेताम , राजीव किराना स्टोर के पास न्यू कृष्णा नगर सुपेला ,जिला दुर्ग 80. आदित्य शर्मा पिता/ पति राजेश शर्मा , व.न. -10 , शंकर नगर ,जिला दुर्ग 81. शंकर पाटिल पिता/ पति अरुण पाटिल , शंकर नगर ,जिला दुर्ग 82. जनक लाल चंद्राकर पिता/ पति स्व. दौवाराम चंद्राकर , ब्लाक नंबर-93, प्लाट नंबर-9,नेहरु नगर, पूर्व भिलाई ,जिला दुर्ग 83. कामता प्रसाद पिता/ पति स्व. राजू, आदर्श नगर, कैम्प-1, भिलाई ,जिला दुर्ग 84. सोमेश्वरधर दीवान पिता/ पति टिकेश्वर दीवान , चरौदा, फिंगेश्वर , जिला गरियाबंद 85. वेदराम पिता/ पति मनीराम , बिजली, बोरसी, जिला गरियाबंद 86. ओमप्रकाश साहू पिता/ पति शंकर लाल साहू , दर्री खुर्द, तरिघाट , जिला गरियाबंद 87. पुष्कर यादव पिता/ पति अर्जुन यादव , चरौदा, फिंगेश्वर, जिला गरियाबंद 88. हरिश्चंद्र तारक पिता/ पति मेहतर राम तारक , फुलझर,लोहरसी , जिला गरियाबंद 89. राजकुमार मराठा पिता/ पति आत्माराम मराठा , दर्रा,कसडोल , जिला बलोदा बाज़ार 90. रोहनलाल साहू पिता/ पति रामलाल साहू , पोंड पांडुका , जिला गरियाबंद 91. पूरण लाल यादव पिता/ पति ओंकार सिंह यादव , बंजारी ,बगौदा, जिला धमतरी 92. लुकेश्वर पिता/ पति थम्मन लाल , अवरी, जिला धमतरी 93. भान बाई साहू पिता/ पति लुकेश्वर साहू , अवरी, जिला धमतरी 94. दौलत राम ध्रुव पिता/ पति भंवर सिंह ध्रुव , बंजारी ,भाटागांव, जिला धमतरी 95. पुरुषोतम तिवारी पिता/ पति स्व. शन्तु प्रसाद तिवारी , वार्ड न.-04 थाना पारा बागबहरा , जिला महासमुंद 96. दीपेश कुमार साहू पिता/ पति कमल कुमार साहू , कोलियारी , जिला धमतरी 97. खरे राम साहू पिता/ पति स्व. राम जीवन साहू , बोडरा संभलपुर , जिला धमतरी 98. गैंदलाल साहू पिता/ पति पंचराम साहू , कुरमा तराई , जिला धमतरी 99. भेषज कुमार साहू पिता/ पति कांशी राम साहू , गातापार कोर्रा भाखरा , जिला धमतरी 100. भरत लाल साहू पिता/ पति अंजोर सिंह , सिलौटी , जिला धमतरी 101. लाल चंद साहू पिता/ पति स्व. केजू राम साहू , डोमा भाखारा , जिला धमतरी 102. ख़ुशी रानी मरकाम पिता/ पति रोहित कुमार मरकाम , कुकरेल, नगरी , जिला धमतरी 103. पूजा नेताम पिता/ पति जगदीश चंद नेताम , अघन नगर , जिला कांकेर 104. अशोक आशरानी पिता/ पति स्व.गुल्लुमल आशरानी , मंझापारा , जिला कांकेर 105. गजेन्द्र गुप्ता पिता/ पति स्व.भागीरथी गुप्ता , आमापारा सिनेमा चौक , जिला कांकेर 106. शैलेन्द्र ठोकने पिता/ पति केशव राव ठोकने , सिर्सिदा , जिला धमतरी 107. भारत लाल साहू पिता/ पति फूलचंद साहू , गुदगुदा , जिला धमतरी 108. कमल नारायण साहु पिता/ पति सालिक राम साहू , दर्रा ,कुरूद , जिला धमतरी 109. कृष्ण कुमार निषाद पिता/ पति शंकर लाल निषाद , मौरी कला , जिला धमतरी 110. गौकरण चंद्राकर पिता/ पति तामेश्वर चंद्राकर , अटंग, जिला धमतरी 111. गौरव सोनी पिता/ पति संतोष सोनी , महिमा सागर वार्ड धमतरी , जिला धमतरी 112. गीतिका साहू पिता/ पति सुरेन्द्र साहु , भटगांव ,गोकुलपुर , जिला धमतरी 113. धनसिंह नेताम पिता/ पति ब्रिज लाल नेताम , सिंचाई कॉलोनी रुद्री , जिला धमतरी 114. शैयद मखदूम अल्ली पिता/ पति शैयद महमूद अल्ली , सिहावा चौक धमतरी , जिला धमतरी 115. दिनेश्वरी साहू पिता/ पति पुष्पेन्द्र साहू , भाटा पारा चर्रा , जिला धमतरी 116. दीनानाथ देवांगन पिता/ पति कन्हैया लाल देवांगन , संजय नगर शिक्षक कॉलोनी , जिला धमतरी 117. संगीता संगतानी पिता/ पति स्व.राधेश्याम संगतानी , शंकर मंदिर के पीछे बस्तर वार्ड न.06 , जिला जगदलपुर 118. संतोष कुमार साहू पिता/ पति श्रीराम साहू , लुगे केरली छोटी , जिला धमतरी 119. जीवन लाल साहू पिता/ पति भूखन लाल साहू , करेली बड़ी मगरलोड , जिला धमतरी 120. रामअवतार साहू पिता/ पति सुकलुरम साहू , शुक्लाभाठा मगरलोड , जिला धमतरी 121. संतोष कुमार यदु पिता/ पति दुखु राम यदु , खम्हरिया , जिला बलोदा बाज़ार 122. खिलेंद्र कुमार साहू पिता/ पति राम लाल साहू , घिरघोल , जिला बलोदा बाज़ार 123. कांति लाल जैन पिता/ पति स्व.केवल चंद जी जैन , मेन रोड कोंडागाँव , जिला कोंडागाँव 124. जगदीश कुम्भकार पिता/ पति स्व.जुगुत राम कुम्भकार , ब्राह्मण पारा वार्ड कुम्हार पारा , जिला धमतरी 125. भुषण लाल साहू पिता/ पति जगत राम साहू , खैराभाठा , जिला महासमुंद 126. सी.भोई पिता/ पति स्व. देबो भोई , मकान न.2/6 हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी , जिला महासमुंद 127. सक्षम चंद्राकर पिता/ पति प्रशांत चंद्राकर , शंकर नगर चौक , जिला महासमुंद 128. तेजराम सेन पिता/ पति ब्रिजलाल सेन , बम्हनी , जिला गरियाबंद 129. संतोष चन्द्राकर पिता/ पति भिखारी राम चंद्राकर , छाती , जिला धमतरी 130. जगदीश पिता/ पति हर्द्वारिमल , वार्ड न. -4 थानखम्हरिया , जिला बेमेतरा 131. जनक राम साहू पिता/ पति रामलाल साहू , गाँव तर्रा सुरसाबंधा राजिम गरियाबंद , जिला गरियाबंद 132. डुमन दास गिलहरे पिता/ पति तुलसी दास गिलहरे , गोबरा नवापारा , जिला गरियाबंद 133. लुकेश कुमार साहू पिता/ पति कृषचंद साहू , मौरिकला , जिला गरियाबंद 134. आशा अग्रवाल पिता/ पति अजय अग्रवाल , अग्रसेन चौक डोंगरगढ़ , जिला राजनादगांव 135. कमलेश देशमुख पिता/ पति डी एल. देशमुख , बी. एस. वार्ड न.-19 डोंगरगढ़ , जिला राजनादगांव 136. चेतन सिंह ठाकुर पिता/ पति केशव सिंह ठाकुर , डोंगरगढ़ , जिला राजनादगांव 137. जीवन राम राठोड पिता/ पति स्व. रणछोड़ राठोर , शंकरपुर -07 राजनादगांव , जिला राजनादगांव 138. नईम बख्श गाजी पिता/ पति स्व. हाजी डॉ.के बी.गाजी , गाजी मार्ग , गौरी नगर राजनादगांव , जिला राजनादगांव 139. गुणेश यादव पिता/ पति मुरारी यादव , दीवान पारा वार्ड न. 25 , जिला राजनादगांव 140. रमेश कुमार साहू पिता/ पति पदुम साहू , बेलटिकरी , सुरगी , जिला राजनादगांव 141. मुकुंद राम साहू पिता/ पति स्व. लतखोर साहू , बसंतपुर, जिला राजनादगांव 142. राजेंद्र कुमार साहू पिता/ पति रामचंद साहू , दुर्गा किराना स्टोर मंदी चौक, जिला कुरूद 143. बबिता देवांगन पिता/ पति अजय कुमार देवांगन , पचरी पारा, जिला धमतरी 144. एमन सिंह ठाकुर पिता/ पति स्व. थान सिंह ठाकुर , पी.वी .डी कॉलोनी बालोद , जिला बालोद 145. मोहित राम सोरी पिता/ पति कुंवर सिंह सोरी , कसही डौंडी लोहार , जिला बालोद 146. महेंद्र पिता/ पति कली राम साहू , कुर्दी अर्जुनदा बालोद , जिला बालोद 147. किर्तन लाल उईके पिता/ पति स्व. बलदेव उईके , जेंवरतला अर्जुन्दा , जिला बालोद 148. सुनंदा सिन्हा पिता/ पति संतोष कुमार सिन्हा, ग्राम डाभा विकास खंड मगरलोड जिला धमतरी 149. टीकाराम मलहरे पिता/ पति राम प्रसाद मलहरे, खमरिया पोस्ट अर्जुनी जिला बलौदाबाज़ार 150. कृपाल साहू पिता/ पति बीरसिंग साहू, ग्राम गोबरा, पोस्ट चरमुडिया जिला धमतरी, **बिलासपुर संस्करण -** 151 पकंज देव भाराद्वाज, सेन्दरी बिलासपुर 152 गंगामती पटेल, दर्राभाठां, एन.टी.पी.सी. सीपत 153 सुरेश कुमार वर्मा, ग्रीन पार्क कॉलोनी रोहनी विहार 154 सौरभ गुप्ता, संजय नगर चांटीडीह बिलासपुर 155 रूद्र टंडन, पाठक किराना गली, विनोबा नगर बिलासपुर 156 रंग बहादुर, हेमू नगर तोरवा 157 विनोद कुमार कौशिक, म.नं. सी.-98 यदुनंदन नगर 158 वंश ओझा, कस्तुरबानगर सरकारी स्कूल के पास वाली गली 15 रानी दिपाली गंगोत्री, टिकरापारा दयालबंद 160 श्रीनिर्मल राव अम्बलकर, नूतन इंक्लेव कॉलोनी नूतन चौक 161 अप्पा राव मुले, विकासनगर 27 खोली 162 अकबर अली, अंजुम लेडिस टेलर्स भारत चौक मरी माई रोड तालापारा 163 योगेन्द्र शाडिल्य, एल.7 विनोबा नगर 164 दीपक पेशवानी, भगत कवंरराम नगर सिंधी कॉलोनी 165 कौशिल्या सिह, मंगल भवन भारतीय नगर ब्यापार विहार रोड 166 ईश्वरी महंत, हरदीबाजार कोरबा 167 ममता कुमारी, सोमवारी बजार बांकी मोंगरा 168 हिरालाल मलहोत्रा, डी.89 बाल्कोनगर हाउसिंग बोर्ड 169 भाग्य श्री, सोमवारी बाज़ार बांकी मोंगरा 170 कुमारी रश्मि देवांगन, एनटीपीसी टाउनशिप कोरबा 171 विजय कुमार धनवार, खरहरी मडवारानी कोरबा 172 प्रताप सिंह ठाकुर, न्यू शांतिनगर हाउसिंग बोर्ड बाल्को 173 नवल सिंह जगत, 135 गांव गा्रेकनई धौराभांठा कोरबा 174 नरेन्द्र सिंह ठाकुर, परसा भांठा वार्ड नं.41 बाल्को 175 उर्मिला देवांगन, बेलकछार बाल्को 176 ब्रजनाथ प्रसाद नामदेव, ब्रम्ह रोड त्रिपाठी क्लीनिक के पास, अंबिकापुर 177 श्रीमति रविना, वार्ड नं. 14 मानपुर सुरजपुर 178 रामध्यान सिंह, हर्ष किराना दुकान, अंबिकापुर 179 मो. सफि, नवागढ पावर हाउस कि पास 180 अजित कुमार राजवाडे, नवागढ वार्ड नं. 42 अंबिकपुर 181 नरेशचन्द चन्द्रा, मकान नं. - 98 हाउसिंग बोर्ड नमनाकला अंबिकापुर 182 आबिद अली अंसारी, रसुलपुर अंबिकापुर 183 लव सोनी, जरहापार खरौद नगर 184 विघा कुमार तिवारी, भीमा तालाब के पास जांजगीर 185 शैलेष कुमार चंदेल, चोरभंठठी जांजगीर 186 प्रियंका सोनी, वार्ड 7 खरौद नगर 187 हिना अग्रवाल, कुबेरपारा, नैला 188 नंद किशोर देवांगन, देवांगन पारा चाम्पा 189 श्रीमति स्मिता राठौर, चितरपारा जांजगीर 190 देवेन्द्र कुमार यादव, नया बाराद्वार 191 बापी कुमार चक्रवार्ती, वेस्ट चिरमिरी 192 कु. गुलशन, चरचा कॉलरी 193 निलाम्बर प्रसाद पटेल, 26-2400 केलो विहार रायगढ़ 194 कुमारी सरिता चौहान, कोकडी तराई किरोडीमल रायगढ 195 टेकलाल चौहान, कोसमपाली 196 बलराम बरेठ, करही कॉलोनी मुंगेली 197 पंची कुलमित्र, गुरूद्वारा चौक लोरमी 198 नरेन्द्र कुमार, सिंगसरिया आजादनगर तखतपुर 199 गणेश यादव, बुधवारीपारा वार्ड नं.6 रतनपुर 200 रोशन पात्रे, वार्ड नं.8 बिल्हा, **भोपाल संस्करण -** 201. देवेन्द्र सिंह चौहान पिता कमल सिंह, राजीव नगर सेमराकलां, भोपाल 202. ज्ञानसिंह चोलकर पिता मुकंद राय चोलकर, एफ-29, अर्जुन नगर, भोपाल 203. सुनील जैन पिता मनोज जैन अशोकनगर 204. श्रीमती सुनीता साहु, शिव बिहारी कॉलोनी 205. हर्षित जैन पिता संजीव जैन, गुर्जर कॉलोनी, गुना, **जबलपुर संस्करण -** 206. सौरभ अग्रवाल, भुआ बिछिया मंडला 207. बुद्ध लाल, श्री रामलाल ठोडा भुआ बिछिया मंडला 208. दिव्यांश गर्ग, श्री दिलीप गर्ग भुआ बिछिया मंडला 209. अंशुल शुक्ला, श्री शिव कुमार शुक्ला मिश्रा मोहल्ला इंद्रपुरी कॉलोनी पन्ना 210. मोनाली श्रीवास्तव, श्री महेश कुमार श्रीवास्तव पोस्टऑफिस के पास छपारा जिला सिवनी, **रोहतक संस्करण -** 211. मुलख राज सुपुत्र श्री भगवानदास गांव आंवल फिलहाल न्यू राजेंद्र कौलोनी रोहतक 212. प्राची सुपुत्री विरेंद्र पुराना बस स्टैंड, भिवानी 213. संगीता पत्नी मनीष गांव बत्वा, कनी, कोसली, रेवाड़ी 214. सुभाष पेंटर सुपुत्र सुजान सिंह बुडाना रोड, नारनौंद हिसार 215. राजेंद्र कुमार सुपुत्र श्री घनश्याम सिंह नई बस्ती, गली नं. 3, बहादुरगढ़, झज्जर 216. श्री गोपाल किराना स्टोर , माता गेट, चौक गेट ,विक्की 217. प्रशांत शर्मा सुपुत्र दीपक शर्मा जटवाड़ा मोहल्ला, लंबी गली, बहादुरगढ़, झज्जर 218. सुनिता पत्नी देव कुमार 2168 नेहरू कॉलोनी रोहतक 219. राजेंद्र मलिक सुपुत्र रामकिशन खाण्डा खेड़ी, हांसी हिसार 220. सुरेश चंद्र शर्मा सुपुत्र श्री राम शर्मा गांव व डा. चिठवाना रेवाड़ी 221. रामबिलास सैनी सुपुत्र श्री मोहर सिंह सैनी वार्ड नं.2ए सिनेमा रोड महेंद्रगढ़ 222. विक्की सुपुत्र बिरेंद्र सिंह गांव कनीना तहसील कनीना महेंद्रगढ़ 223. अंजू पत्नी आलोक खेरवाल महेंद्रगढ़ 224. सत्यवान सुपुत्र एडवोकेट श्री कृष्ण यादव शंकर कॉलोनी, महेंद्रगढ़ 9, 225. राहुल सुपुत्र भगवान सिंह रहानिया कॉलानी, वार्ड नं. 15, वार मेमरियल पार्क झज्जर 226. नफे सुपुत्र मेहरसिंह गांव बामनौली, बहादुरगढ़, झज्जर 227. राजेंद्र सिंह सुपुत्र रामसिंह गांव पलड़ा तहसील बेरी, झज्जर 228. नरेश कुमार सुपुत्र गोकल चंद गांव ढाणी राजू, हांसी, हिसार 229. रोहित सुपुत्र मनजीत पता खरक पुनिया वार्ड नं. 3, तहसील बरवाला जिला हिसार 230. पंकज सुपुत्र सतपाल सिंह 172/13 हनुमान कॉलोनी, रोहतक 231. परवीन सुपुत्र राधेश्याम 777/22 झंग कॉलोनी, रोहतक 232. सतबीर सुपुत्र करतार सिंह लक्ष्मी नगर, रोहतक रोड, जींद 233. रामस्वरूप सुपुत्र श्री लालू राम गांव बुडाना, नारनौंद, हिसार 234. प्रीतम कुमार सुपुत्र सरूप सिंह गांव व डा. साल्हावास, मातनहेल, झज्जर 235. सोनू सुपुत्र रामावतार विजय नगर, रोहतक 236. भतेरी देवी पत्नी धर्मवीर सिंह सांगवान, टी प्वाइंट, गली नं.9, रामगोपाल कॉलोनी, रोहतक 237. बेदपाल सुपुत्र श्री धर्मबीर गांव व डा. सुबाना झज्जर 238. हरीराम अग्रवाल सुपुत्र रामेश्वर दयाल पता मुसेपुर, रेवाड़ी 239. इन्द्रजीत सुपुत्र मोहन लाल गांव गुढ़ा तहसील कनीना महेंद्रगढ़ 240. सतीश कुमार सुपुत्र प. उमराव गांव पलड़ा तहसील बेरी, झज्जर 241. श्री सचिन सुपुत्र श्री कर्मवीर, वार्ड नं. 3, गांव तिगडाना, भिवानी 242. श्री शेर सिंह सुपुत्र श्री स्व. श्री रामस्वरूप, गांव हुसैनपुर, वी.वी. आश्रम, रेवाड़ी 243. श्री प्रेम कुमार सुपुत्र श्री हरीकिशन, बवानी खेड़ा, वार्ड नं. 14, तह. बवानी खेड़ा, भिवानी 244. श्री ईश्वर सिंह चोपड़ा सुपुत्र श्री चंद्र सिंह चोपड़ा गली नं. 6, लाजपत नगर, खरकड़ी फाटक, भिवानी 245. श्रीमती सारिका यादव, धर्मपत्नी श्री सत्यजीत, गांव नहाड, कनीना, तह. कोसली, महेन्द्रगढ़ 246. श्रीमति संजू कुमारी पत्नी श्री विजय कुमार, गांव व डा. कादमा, तह. बाढ़डा, भिवानी 247. श्री करतार सिंह सुपुत्र श्री निहाल सिंह, प्रेम नगर, भिवानी 248. श्री महाबीर सिंह सुपुत्र श्री बलसिंह, म.नं. 605/25, आर्य नगर, सोनीपत 249. श्री विष्णुदेव आर्य सुपुत्र श्री पोकर दास, म.नं. 537/9, नियर आर्य गर्ल्स स्कूल, सुदामा नगर, सोनीपत 250. श्री महासिंह सुपुत्र श्री जीत राम, म.नं. 1106, गली नं. 1, मालवीय नगर, सोनीपत 251. श्री सत्यजीत सुपुत्र श्री सत्यवीर, गांव नहाड, कनीना, तह. कोसली, महेन्द्रगढ़ 252. श्री मानसिंह एक्स. सरपंच सुपुत्र श्री कर्ण सिंह, गांव व पो. नगंली गोधा, तह. मनेठी, रेवाड़ी 253. श्री यश सुपुत्र श्री राजेश्वर, गांव सिसवाल, तह. आदमपुर, हिसार 254. श्री रजनीश कुमार सुपुत्र श्री महावीर प्रसाद मुदगिल, गली नं. 2, कैलाश नगर, रेवाड़ी रोड, तह. नारनौल, महेन्द्रगढ़ 255. श्रीमती इंद्रावती पत्नी श्री रघबीर, गांव, बल्ला, कनीना, तह. कोसली, महेन्द्रगढ़ 256. श्री ओम सिंह सैनी सुपुत्र श्री ज्ञानीराम सैनी, सैनी टी स्टाल मूगलपुरा सब्जी मंडी, तह. गोहाना, सोनीपत 257. श्री अनिल सिंगला सुपुत्र श्री देवीराम, म.नं. 945/30, विकास नगर, ककरोई रोड, सोनीपत 258. श्री सचिन सुपुत्र श्री अनिल कुमार, 751/13, बसंत टेलीविजन वाली गली, गांव सोनीपत 259. श्री कृष्ण चन्द सुपुत्र धारा सिंह, केकर हेयर ड्रैसर, नियर बस स्टैंड, उकलाना, हिसार 260. श्री सत्यवीर सिंह सुपुत्र श्री नत्थु राम यादव गांव सुधरना, तह. कोसली, रेवाड़ी।

सांत्वना पुरस्कार की सूची अगले अंक में देखें

## आईपीएल पाइंट टेबल

| टीम | मैच | जीते | हारे | अंक |
|---|---|---|---|---|
| राजस्थान | 7 | 6 | 1 | 12 |
| कोलकाता | 6 | 4 | 2 | 8 |
| चेन्नई | 6 | 4 | 2 | 8 |
| हैदराबाद | 6 | 4 | 2 | 8 |
| लखनऊ | 6 | 3 | 3 | 6 |
| दिल्ली | 7 | 3 | 4 | 6 |
| मुंबई | 7 | 3 | 4 | 6 |
| गुजरात | 7 | 3 | 4 | 6 |
| पंजाब | 7 | 2 | 5 | 4 |
| बेंगलोर | 7 | 1 | 6 | 2 |

ऑरेंज कैप



विराट कोहली
361 रन
बेंगलोर

पर्पल कैप



जसप्रीत बुमराह
13 विकेट
मुंबई

बाउंड्री मीटर
979 चौके
575 छक्के

## चैंपियंस लीग के सेमीफाइनल्स में पहुंचा रियल मैड्रिड

एजेंसी ▶▶| मैनचेस्टर

रियल मैड्रिड ने मैनचेस्टर सिटी को पेनल्टी शूटआउट में 4-3 से हराकर चैंपियंस लीग फुटबॉल के सेमीफाइनल्स में प्रवेश कर लिया। इसके साथ ही रियल मैड्रिड ने रिकॉर्ड 15वां खिताब जीतने की दिशा में अगला कदम रख दिया। इस हार के साथ ही सिटी का लगातार दो चैंपियंस लीग खिताब जीतने वाली पहली इंग्लिश टीम बनने का सपना भी टूट गया। निर्धारित समय तक स्कोर 1-1 से बराबर था। मैड्रिड के लिए रौड्रिगो ने 12वें मिनट में गोल किया जिए 76वें मिनट में केविन डि ब्रूने ने उतार दिया था। अब सेमीफाइनल्स में मैड्रिड का सामना बायर्न म्युनिख से होगा जिसने आर्सनल को 1-0 से और औसत के आधार पर 3-2 से हराया।



## खबर संक्षेप



### पंत की गतिशीलता टीम के लिए अच्छा संकेत

**अहमदाबाद।** इंग्लैंड के पूर्व कप्तान केविन पीटरसन का मानना है कि गुजरात टाइटंस के खिलाफ आईपीएल के मैच में ऋषभ पंत की गतिशीलता उनके और भारतीय टीम प्रबंधन के लिए टी20 विश्व कप से पहले अच्छा संकेत है। पंत ने इस मैच में दो कैच लपके, एक स्टम्पिंग की और 16 रन भी बनाए। दिल्ली कैपिटल्स ने गुजरात टाइटंस को छह विकेट से हराया और पंत को उनकी विकेटकीपिंग के लिए 'प्लेयर आफ द मैच' चुना गया। जून में होने वाले टी20 विश्व कप में पंत भारतीय टीम में विकेटकीपर की जगह के लिए प्रबल दावेदार हैं।

### हैदराबाद के लिए तैयारी शुरू कर दी है : होप्स

**अहमदाबाद।** दिल्ली कैपिटल्स के गेंदबाजी कोच जेम्स होप्स ने कहा कि शुरुआती झटकों से उबरने के बाद अब उनकी टीम सनराइजर्स



हैदराबाद जैसी 'मालगाड़ी' के खिलाफ अगले मैच की तैयारी में जुटी है। दिल्ली ने गुजरात टाइटंस को बुधवार को खेले गए मैच में 89 रन पर समेटने के बाद छह विकेट से जीत दर्ज की। अब दिल्ली को लगातार तीन मैच अपने मैदान अरुण जेटली स्टेडियम पर खेलने हैं। सनराइजर्स ने आईपीएल में दो बार टूर्नामेंट के इतिहास के सर्वोच्च स्कोर का रिकॉर्ड बनाया।

### पेरिस ओलंपिक में स्वर्ण जीत सकता है भारत

**नई दिल्ली।** भारतीय महिला हॉकी टीम की पूर्व कप्तान प्रीतम रानी सिवाच को यकीन है कि पुरुष टीम पेरिस ओलंपिक में अपने पदक का रंग बदलकर स्वर्ण जीत सकती है।



आठ बार की चैंपियन भारतीय टीम ने 41 साल के इंतजार को खत्म करके टोक्यो ओलंपिक में कांस्य पदक जीता था। सिवाच ने कहा, 'भारत के पास कुछ बेहद प्रतिभाशाली खिलाड़ी हैं जो मैच जिताने में सक्षम हैं।

आईपीएल
सूर्यकुमार ने खेली 78 रन की आक्रामक पारी

# मुंबई की तीसरी जीत, पंजाब 9 रन की हार से नौवें स्थान पर खिसका

एजेंसी ▶▶| मुल्लांपुर

मुंबई इंडियंस ने इंडियन प्रीमियर लीग टी20 मैच में गुरुवार को यहां पंजाब किंग्स को बेहद रोमांचक मुकाबले में नौ रन से हराया। मुंबई ने सूर्यकुमार यादव की 53 गेंद में 78 रन की आक्रामक पारी से सात विकेट पर 192 रन बनाने के बाद पंजाब को 19.1 ओवर में 183 रन पर आउट कर दिया। इस जीत से मुंबई सात मैच में तीन जीत से सातवें पायदान पर पहुंच गया जबकि सात मैचों में पांचवीं हार के बाद पंजाब नौवें स्थान पर खिसक गया।

पंजाब की टीम ने 14 रन तक चार विकेट गंवा दिया था लेकिन आशुतोष शर्मा और शशांक सिंह (41 रन) ने ताबड़तोड़ बल्लेबाजी से टीम को जीत कर दहलीज तक पहुंचा दिया था। आशुतोष (61 रन) ने अपनी पारी में सात शानदार छक्के और दो चौके लगाए। उन्होंने आठवें विकेट के लिए हरप्रीत बराड़ (21) के साथ 32 गेंद में 57 रन की साझेदारी की।

शशांक ने भी तीन अहम साझेदारियां कर पंजाब के लिए मंच तैयार किया। उन्होंने पांचवें विकेट के लिए हरप्रीत सिंह (13) के साथ 28 गेंद में 35, जितेश शर्मा (नौ) के साथ छठे विकेट के लिए 15 गेंद में 28 और आशुतोष के साथ 17 गेंद में 34 रन जोड़े। मैन ऑफ द मैच बुमराह के अलावा गेराल्ड कोएत्जी ने भी तीन विकेट लिए। आकाश मधवाल, कप्तान हार्दिक पंड्या और श्रेयस गोपाल को एक-एक सफलता मिली।



### रोहित ने खेला 250वां मैच

*मुंबई के लिए सूर्यकुमार ने अपनी पारी में सात चौके और तीन छक्के लगाने के साथ अपना 250वां आईपीएल मैच खेल रहे रोहित शर्मा के साथ दूसरे विकेट के लिए 57 गेंद में 81 और तिलक वर्मा के साथ 28 गेंद में 49 रन की साझेदारी की। रोहित ने 25 गेंद की पारी में दो चौके और तीन छक्के लगा कर 36 रन बनाए जबकि तिलक ने 18 गेंद पर नाबाद 34 रन की पारी में दो चौके और इतने ही छक्के मारे।*



### लखनऊ के सामने चेन्नई के गेंदबाजों की कठिन चुनौती

**लखनऊ।** लखनऊ सुपर जाइंट्स अपने घरेलू मैदान पर शुक्रवार को इंडियन प्रीमियर लीग के मैच में उतरेगी तो उसके सामने चेन्नई सुपर किंग्स के धारदार गेंदबाजी आक्रमण का सामना करने की कठिन चुनौती होगी। रुतुराज गायकवाड़ की कप्तानी और महेंद्र सिंह धोनी की प्रेरणा वाली चेन्नई टीम ने पिछले दो मैच जीते हैं जबकि केएल राहुल की लखनऊ टीम को लगातार दो पराजय झेलनी पड़ी है। लखनऊ के बल्लेबाज अपेक्षा के अनुरूप प्रदर्शन नहीं कर सके हैं और देखना होगा कि बेहतरीन फॉर्म में चल रहे चेन्नई के गेंदबाजों का सामना वे कैसे करते हैं।

स्कोर बोर्ड

| मुंबई इंडियंस | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| किशन का बराड़ बो रबाडा | 08 | 08 | 1 | 0 |
| रोहित का बराड़ बो कुरेन | 36 | 25 | 2 | 3 |
| सूर्यकुमार का सिंह बो कुरेन | 78 | 53 | 7 | 3 |
| तिलक वर्मा नाबाद | 34 | 18 | 2 | 2 |
| पंड्या का बराड़ बो हर्षल | 10 | 06 | 0 | 1 |
| डेविड का कुरेन बो हर्षल | 14 | 07 | 2 | 1 |
| शेफर्ड का शशांक बो हर्षल | 01 | 02 | 0 | 0 |
| नबी रन आउट (हर्षल) | 00 | 01 | 0 | 0 |

अतिरिक्त : 11, कुल : 20 ओवर में 192/7
गेंदबाजी : लिविंगस्टोन 2-0-16-0, अर्शदीप 3-0-35-0, रबाडा 4-0-42-1, हर्षल 4-0-31-3, कुरेन4-0-41-2, बराड़ 3-0-21-0.

| पंजाब किंग्स | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| कुरेन का किशन बो बुमराह | 06 | 07 | 1 | 0 |
| सिंह का किशन बो कोएत्जी | 00 | 01 | 0 | 0 |
| राइली रुसो बो बुमराह | 01 | 03 | 0 | 0 |
| लिविंगस्टोन का एवं बो कोएत्जी | 01 | 02 | 0 | 0 |
| हरप्रीत का एवं बो गोपाल | 13 | 15 | 2 | 0 |
| शशांक का तिलक बो बुमराह | 41 | 25 | 2 | 3 |
| जितेश पगबाधा मधवाल | 09 | 09 | 1 | 0 |
| आशुतोष का नबी बो कोएत्जी | 61 | 28 | 2 | 7 |
| बराड़ का नबी बो हार्दिक | 21 | 20 | 2 | 1 |
| हर्षल पटेल नाबाद | 01 | 04 | 0 | 0 |
| रबाडा रन आउट (नबी/ किशन) | 08 | 03 | 0 | 1 |

अतिरिक्त : 21, कुल : 19.1 ओवर में 183/10
गेंदबाजी : कोएत्जी 4-0-32-3, बुमराह 4-0-21-3, मधवाल 3.1-0-46-1, हार्दिक 4-0-33-1, गोपाल 2-0-26-1, शेफर्ड 2-0-20-0.

खास खबर

## कैंडिडेट्स शतरंज : गुकेश ने खेला ड्रॉ, प्रज्ञानानंदा और गुजराती हारे



**टोरंटो।** ग्रैंडमास्टर डी गुकेश कैंडिडेट्स शतरंज टूर्नामेंट के 11वें दौर में शीर्ष वरीयता प्राप्त फेबियानो कारुआना से ड्रॉ के बाद संयुक्त दूसरे स्थान पर खिसक गए जबकि भारत के ही आर प्रज्ञानानंदा और विदित गुजराती को पराजय का सामना करना पड़ा। प्रज्ञानानंदा को अमेरिका के हिकारू नकामूरा और गुजराती को रूस के इयान नेपोम्नियाश्चि ने हराया। अन्य मुकाबलों में फ्रांस के फिरोजा अलीरजा ने अजरबैजान के निजात अबासोव को हराया। टूर्नामेंट में अब तीन दौर ही बचे हैं और नेपोम्नियाश्चि लगातार तीसरी बार खिताब के प्रबल दावेदार लग रहे हैं। रूस पर प्रतिबंध लगा होने से वह फिडे के ध्वज तले खेल रहे हैं। उन्होंने 11 में से सात अंक लेकर एकल बढ़त बना ली। कारुआना, नकामूरा और गुकेश उनसे आधा अंक पीछे हैं। प्रज्ञानानंदा के 5.5 और गुजराती के पांच अंक हैं। महिला वर्ग में चीन की झोंग्यी तान को एकल बढ़त मिल गई है जबकि उनकी हमवतन टी लेइ दूसरे स्थान पर हैं। भारत की आर वैशाली ने शीर्ष वरीयता प्राप्त रूस की अलेक्जेंड्रा गोरियाश्किना को हराया जबकि कोनेरू हम्पी ने बुल्गारिया की नूरगुल सलीमोवा को मात दी।

## बीसीसीआई ने 12,000 कैंसर और थैलेसीमिया रोगियों की मेजबानी की

**अहमदाबाद।** भारतीय क्रिकेट बोर्ड ने बुधवार को यहां गुजरात टाइटंस और दिल्ली कैपिटल्स के बीच खेले गए इंडियन प्रीमियर लीग मैच के दौरान 12,000 कैंसर और थैलेसीमिया रोगियों की 'विशेष आमंत्रित' के रूप में मेजबानी की। कैंसर और थैलेसीमिया के बारे में जागरुकता बढ़ाने के अभियान में बीसीसीआई सचिव जय शाह ने रक्त दाताओं और रक्तदान शिविर आयोजकों के साथ ''विशेष आमंत्रितों'' का स्वागत किया। बताया गया, 'यह असाधारण पहल कैंसर और थैलेसीमिया से पीड़ित लोगों के सामने आने वाली चुनौतियों के बारे में जागरुकता बढ़ाने में काफी मददगार होगी।

### पेरिस ओलंपिक कोटा हासिल करने की चुनौती

**बिश्केक।** भारत के 17 पहलवान शुक्रवार से यहां शुरू हो रहे एशिया ओलंपिक क्वालीफायर के जरिए पेरिस खेलों का कोटा हासिल करने के लिए चुनौती पेश करेंगे। इस प्रतियोगिता में फ्रीस्टाइल, महिला और ग्रीको-रोमन में कुल 36 कोटा स्थान दांव पर होंगे। भारतीय पहलवान सिर्फ एक स्पर्धा को छोड़कर सभी भार वर्ग में कोटा हासिल करने की कोशिश करेंगे। महाद्वीपीय क्वालीफायर में स्वर्ण पदक, रेपेचज या कांस्य पदक के लिए मुकाबला नहीं होगा। प्रत्येक ओलंपिक भार वर्ग में दोनों सेमीफाइनल के विजेता पेरिस खेलों के लिए अपने देशों के लिए कोटा अर्जित करेंगे।

## कोको ने क्वार्टर फाइनल में बनाई जगह, जीती राडुकानू

एजेंसी ▶▶| स्टटगार्ट

अमेरिका की कोको गॉ ने हमवतन साचिया विकेरी को 6-3, 4-6, 7-5 से हराकर पोर्शे ग्रां प्री टेनिस के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया। विश्व रैंकिंग में 134वें स्थान पर काबिज विकेरी ने 19 ब्रेक प्वाइंट बनाए लेकिन सात को ही भुना सकी। दुनिया की तीसरे नंबर की खिलाड़ी गॉ ने मैच में 15 दोहरी गलतियां की लेकिन तीसरे सेट में पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए जीत दर्ज की।

पहले दौर में गॉ को बाय मिला था। अब उनका सामना झेंग किनवेन और मार्टा कोस्टियुक के बीच होने वाले मैच के विजेता से होगा। दूसरी



वरीयता प्राप्त एरिना सबालेंका भी अगले दौर में पहुंच गई जब उनकी करीबी मित्र और प्रतिद्वंद्वी पाउला बाडोसा तीसरे सेट में स्कोर 3-3 पर रहने के बाद पैर की चोट के कारण रिटायर हो गई। उस समय दोनों ने एक एक सेट जीत रखा था। एम्मा राडुकानू ने एंजेलिक कर्बर को पहले दौर में 6-2, 6-1 से हराया। वहीं ओंस जबाउर ने रूस की एकातेरिना अलेक्जेंड्रोवा को 2-6, 6-3, 7-6 से मात दी।

## चमारी 195 रन पर नाबाद, महिला क्रिकेट में सर्वोच्च स्कोर बनाने वाली तीसरी खिलाड़ी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

श्रीलंका महिला क्रिकेट टीम के खिलाफ कप्तान चमारी अट्टापट्टू ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ नाबाद 195 रन की पारी खेलकर वनडे क्रिकेट में नया इतिहास रच दिया। वह श्रीलंका की पहली महिला क्रिकेटर बनीं, जिन्होंने टीम के सर्वाधिक व्यक्तिगत स्कोर बनाया। इसके अलावा महिला वनडे क्रिकेट में तीसरी सर्वाधिक व्यक्तिगत रन बना बनाने वाली खिलाड़ी बनीं। चमारी अट्टापट्टू ने भारत की ऑलराउंडर दीप्ति शर्मा का रिकॉर्ड ध्वस्त कर दिया।

श्रीलंका की महिला टीम और दक्षिण अफ्रीका की महिला टीम के बीच तीन मैचों की वनडे सीरीज का आखिरी मुकाबला 17 अप्रैल को खेला गया। बुधवार को खेले गए मुकाबले में 6 विकेट के साथ जीत दर्ज श्रीलंका ने वनडे सीरीज 1-1 से बराबर कर ली। साउथ अफ्रीका ने पहले बल्लेबाजी करते हुए लौरा वोलवार्ड के नाबाद 184 रन की मदद से 302 रन बनाए थे। श्रीलंका टीम की कप्तान ने ऐतिहासिक पारी खेलते हुए यह टारगेट हासिल कर लिया।



वनडे में सर्वोच्च व्यक्तिगत स्कोर

| खिलाड़ी | रन | खिलाफ | वर्ष |
|---|---|---|---|
| अमेलिया केर | 232* | आयरलैंड | 2018 |
| बेलिंडा क्लार्क | 229* | डेनमार्क | 1997 |
| चमारी अट्टापट्टू | 195* | द.अफ्रीका | 2024 |
| दीप्ति शर्मा | 188 | आयरलैंड | 2017 |
| लौरा वोलवार्ड | 184* | श्रीलंका | 2024 |




## छह साल की उम्र में तक्षवी वघानी ने रचा इतिहास, स्केटिंग में बनाया विश्व रिकॉर्ड

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

- गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में नाम दर्ज
- लोएस्ट लिम्बो स्केटिंग में 25 मीटर की दूरी तय की

अहमदाबाद की तक्षवी वघानी ने छह वर्ष की उम्र में ऐसा कारनामा कर डाला है जिससे उनकी चर्चा भारत ही नहीं पूरे विश्व में हो रही है। उन्होंने छोटी सी आयु में कुछ ऐसा किया जिससे उनका नाम गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में दर्ज हो गया। तक्षवी ने लोएस्ट लिम्बो स्केटिंग में 25 मीटर से अधिक का विश्व रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया है। इसी के साथ उन्होंने न सिर्फ अपना नाम रोशन किया बल्कि पूरे देश को गौरवान्वित किया।

तक्षवी ने लोएस्ट लिम्बो स्केटिंग में कमाल करते हुए अपना नाम गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में दर्ज कराया है। इसकी पुष्टि करते हुए गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड ने एक वीडियो साझा किया है जिसमें छह साल की तक्षवी को स्केटिंग करते देखा जा रहा है। वीडियो पोस्ट करते हुए लिखा गया, '25 मीटर से अधिक की लोएस्ट लिम्बो स्केटिंग।' पिछले साल 10 मार्च को यह रिकॉर्ड ब्रेकिंग उपलब्धि हासिल की गई थी।



### घुटने की चोट के कारण मुरली ओलंपिक से बाहर

**नई दिल्ली।** लंबी कूद के दिग्गज खिलाड़ी मुरली श्रीशंकर ट्रेनिंग के दौरान घुटने की चोट के कारण पेरिस ओलंपिक से बाहर हो गए हैं और उन्हें सर्जरी करानी पड़ेगी जिसके कारण वह पूरे 2024 सत्र में नहीं खेल पाएंगे। एशियाई खेलों और राष्ट्रमंडल खेलों के रजत पदक विजेता श्रीशंकर ने 2023 एशियाई एथलेटिक्स चैंपियनशिप में 8.37 मीटर के प्रयास से रजत पदक जीतते हुए पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई किया था। इस 25 वर्षीय खिलाड़ी को शंघाई/सुझोउ और दोहा में क्रमश: 27 अप्रैल और 10 मई को लगातार दो डाइमंड लीग प्रतियोगिता के साथ अपने सत्र की शुरुआत करनी थी लेकिन मंगलवार को ट्रेनिंग के दौरान उन्हें चोट लगी और उनका ओलंपिक में हिस्सा लेने का सपना टूट गया।

IN THE DEBTS RECOVERY TRIBUNAL JABALPUR AT (H.No.797-II, "Shantikunj" South Civil Lines), JABALPUR
ORIGINAL APPLICATION NO.174 OF 2022 Exh. No.....
BANK OF INDIA ... APPLICANT
VERSUS
JAI NARAYAN TIWARI ... DEFENDANTS
To,
1. Mr. Jay Narayan Tiwari son of Shri Jhumak Lal Tiwari (Borrower), resident of Plot No. 604, Near Sai Mandir Chowk, Sunder Nagar, Raipur, District Raipur (C.G.)
2. Mr. Abhishek Tiwari son of Mr. Jay Narayan Tiwari (Guarantor), resident of Plot No. 606, Near Sai Mandir Chowk, Sunder Nagar, Raipur, District Raipur (C.G.)

SUMMONS

Whereas, O.A. No. 174 of 2022 was listed before the Hon. Presiding Officer on 04.04.2022.
Whereas, the Hon. Tribunal is pleased to issue summons/notice on the said application under Section 19(4) of the Act, (OA) filed against you recovery of debts of Rs. 1,27,12,314.41.
In accordance with sub-section (4) of Section 19 of the Act, you the defendants are directed as under:
(i) To show cause within thirty days of the service of summons as to why relief prayed for should not be granted.
(ii) To disclosed particulars of properties or assets other than properties and assets specified by the applicant under Serial No. 3A of the Original Application.
(iii) You are restrained from dealing without disposing of secured assets or such other assets and properties disclosed under Serial No.3A of the Original Application pending hearing and disposal of the application for attachment of properties.
(iv) You shall not transfer by way of sale, lease or otherwise, except in the ordinary course of business any of the assets over which security interest created and/or other assets and properties specified or disclosed under Serial No.3A of the Original Application without the prior approval of the Tribunal.
(v) You shall be liable to account for the sale proceeds realised by sale of secured assets or other assets and properties in the ordinary course of business and deposit such sale proceeds in the account maintained with the bank of financial institutions holding security interest over such assets.
(vi) You are also directed to file the written statement with a copy thereof furnished to the applicant and to appear before 3/7/2024 at 10.30 a.m. failing which the application shall be heard and decided in your absence.
Given under my hand and the seal of this Tribunal on this 27th day of March 2024.
Signature of the Officer
Authorised to issue summons

FORM NO. 14
[See Regulation 33(2)]
OFFICE OF THE RECOVERY OFFICER - I/II
DEBTS RECOVERY TRIBUNAL JABALPUR
797/2, Shanti Kunj, South Civil Lines, Jabalpur- 482001 (M.P.)
DEMAND NOTICE
NOTICE UNDER SECTIONS 25 TO 28 OF THE RECOVERY OF DEBTS & BANKRUPTCY ACT, 1993 AND RULE 2 OF SECOND SCHEDULE TO THE INCOME TAX ACT, 1961.
RC/78/2023 17.04.2024
BANK OF BARODA
Versus
MANIRAM THAKUR
To,
(CD 1) MANIRAM THAKUR
SUKDAS THAKUR HN 43, BANARAS PUJARIPARA, TEH-BAKAWAND, JAGDALPUR, DIST-BASTAR (C.G.)-494223
(CD 2) SUKDAS THAKUR
H N 43, BANARAS PUJARIPARA, VILL-BHEJRIPADAR, TEH-BAKAWAND, JAGDALPUR, DIST-BASTAR (C.G.)-494223
(CD 3) SAMPAT SINGH THAKUR
H NO 20, PUJARIPARA, VILL-GHARLOHANGA, TEH AND DIST-BASTAR (C.G.)-494223
This is to notify that as per the Recovery Certificate issued in pursuance of orders passed by the Presiding Officer, DEBTS RECOVERY TRIBUNAL JABALPUR in OA/493/2019 an amount of Rs 1057377.25 (Rupees Ten Lakhs Fifty Seven Thousands Three Hundred Seventy Seven And Paise Twenty Five Only) along with pendentelite and future interest @12% Simple Interest Yearly w.e.f. 30/03/2019 till realization and costs of Rs 13000 (Rupees Thirteen Thousands Only) has become due against you (Jointly and severally/ Fully/Limited).
2. You are hereby directed to pay the above sum within 15 days of the receipts of the notice, failing which the recovery shall be made in accordance with the Recovery of Debts Due to Banks and Financial Institutions Act,1993 and Rules there under.
3. You are hereby ordered to declare on an affidavit the particulars of yours assets on or before the next date of hearing.
4. You are hereby ordered to appear before the undersigned on 22/07/2024 at 10:30 a.m. for further proceedings.
5. In addition to the sum aforesaid, you will also be liable to pay:
(a) Such interests as is payable for the period commencing immediately after this notice of the certificate/execution proceedings.
(b) All costs, charges and expenses incurred in respect of the service of this notice and warrants and other processes and all other proceedings taken for recovering the amount due.
Given under my hand and the seal of the Tribunal, on this date: 17/04/2024
SEAL
Recovery Officer-II
Debts Recovery Tribunal, Jabalpur

# शिशुपाल शोरी समेत कांग्रेस के कई नेताओं ने थामा भाजपा का दामन

## 700 ने किया मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के सामने भाजपा में प्रवेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

कांकेर के पूर्व विधायक शिशुपाल सोरी सहित सैकड़ों राजनीतिक व सामाजिक कार्यकर्ताओं, जनप्रतिनिधियों ने कांग्रेस से इस्तीफा देकर भाजपा प्रवेश में किया। लोकसभा के लिए प्रथम चरण में होने जा रहे बस्तर लोकसभा में मतदान से ठीक एक दिन पहले बस्तर में कांग्रेस को बड़ा झटका लगा है। प्रदेश में भाजपा प्रवेश का सिलसिला लगातार जारी है। भाजपा प्रवेश उत्सव में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने नवप्रवेशी भाजपा सदस्यों को भाजपा का दुपट्टा पहनाकर उनका भाजपा परिवार में स्वागत किया।

कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में प्रवेश कार्यक्रम में गुरुवार को जिन लोगों ने भाजपा की सदस्यता ली है, उनमें प्रमुख रूप से कांग्रेस के दिग्गज नेता शिशुपाल सोरी, विजय गुरु की सुपुत्री प्रियंका गुरु, चंद्रप्रकाश वाजपेई, कांग्रेस की बिलासपुर लोकसभा की जिम्मेदारी संभाल रहे, संतोष कौशिक, दंतेवाड़ा से जिला पंचायत उपाध्यक्ष सुभाष सुराना,शरद रण सिंह सहित 700 से ज्यादा लोगों ने भाजपा प्रवेश में किया।




### छत्तीसगढ़ कांग्रेस में अब चला चली की बेला : साय

इस अवसर पर मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा, छत्तीसगढ़ कांग्रेस में अब चला चली की बेला है। पतझड़ की तरह कांग्रेस रूपी वृक्ष को उनके नेता और कार्यकर्ता पार्टी को छोड़कर उसे ठूंठ में बदलने का काम कर रहे हैं। वैसे तो पूरे देश में यही आलम है। केंद्रीय राजनीति में भी कई दिग्गज नेता कांग्रेस छोड़ रहे हैं। श्री साय ने कहा कि छत्तीसगढ़ में लोकसभा चुनाव से पहले कांग्रेस के नेता एक-एक कर पार्टी छोड़ते जा रहे हैं। कांग्रेस में आम कार्यकर्ताओं की कोई पूछ-परख नहीं हो रही है। उल्टे अपनी व्यथा व्यक्त करने, बड़े नेताओं को खरी-खरी सुनाने, सरकार से लेकर संगठन तक मचाई गई लूट पर बोलने वालों को स्लीपर सेल तक कहकर अपमानित किया गया।

### कांग्रेस अब राष्ट्रहित की राजनीति करने वाला दल नहीं : साव

उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने कहा, कांग्रेस रूपी जहाज को अब डूबने से कोई नहीं बचा सकता, ऐसा कोई दिन नहीं जब कांग्रेस के दिग्गज कांग्रेस पार्टी नहीं छोड़ रहे हैं अब सभी को यह मालूम हो चल चुका है कि कांग्रेस राष्ट्रहित की राजनीति करने वाला दल नहीं रहा, कांग्रेस ने कई कार्य ऐसे किए हैं जो राष्ट्र का भारत का अपमान और अहित करने वाले हैं इसीलिए कांग्रेस के नेता राष्ट्रहित सर्वोपरि के उद्देश्य से आगे बढ़ रही भाजपा का दामन थाम रहे हैं। कार्यक्रम में भाजपा प्रदेश महामंत्री संजय श्रीवास्तव, विधायक धर्मजीत सिंह, प्रदेश कार्यालय प्रभारी नरेश गुप्ता ,प्रदेश प्रवक्ता केदार गुप्ता प्रदेश मीडिया सह प्रभारी अनुराग अग्रवाल सहित पदाधिकारी मौजूद रहे।

# वो देश जहां एक हिस्से में दिन तो दूसरे में होती है रात, एक शहर में तो कभी सूरज डूबता ही नहीं



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

आपको जानकर हैरानी होगी कि दुनिया का एक देश ऐसा भी जहां एक जगह दिन तो दूसरी जगह रात होती है। इस देश में 11 टाइम जोन हैं। ऐसे में देश में एक जगह सुबह का ब्रेकफास्ट तो दूसरी जगह डिनर हो रहा होता है। आपको सुनने में भले ही अजीब लग रहा होगा लेकिन इस देश में दिन और रात साथ-साथ होती है। ये धरती का इकलौता ऐसा देश है। जिसे हम दुनिया के सबसे ताकतवर देशों के रूप में भी जानते हैं। ये कोई और नहीं बल्कि रशिया है। आइए जानते हैं इसके पीछे का कारण । रूस शराब के शौकीनों के लिए भी जाना जाता है जो कई बार यहां के लोगों पर भारी भी पड़ चुका है और आज भी यहां शराब पीने वालों की संख्या बेतहाशा है।

### कैसे संभव है एक ही समय में दिन रात

जब रूस में आधा देश सोकर उठता है तब उस समय आधा देश सोने जा रहा होता है। रिपोर्ट्स की मानें तो हर साल मई से जुलाई तक लगभग 76 दिनों तक रूस आधी जगह पर दिन तो आधी जगह रात होती है। इसी कारण 'रूस को कंट्री ऑफ मिडनाइट सन' के नाम से भी जाना जाता है। रूस क्षेत्रफल की दृष्टि से दुनिया का सबसे बड़ा देश भी है। ऐसे में इस देश में कई ऐसी खास बातें हैं जो इसे दुनिया से अलग बनाती हैं।

### रूस की दिलचस्प बातें

बता दें कि वोदका का इस्तेमाल सबसे पहले रशिया में हुआ था, इसी वजह से इस देश को 'फादर ऑफ वोदका' भी कहा जाता है। साथ ही इस देश में पुरुषों के मुकाबले महिलाओं की संख्या ज्यादा है इसलिए यहां महिलाओं का वर्चस्व ज्यादा रहता है। यहां एक समय ऐसा भी था, जब रूस के लोग दाढ़ी ही नहीं रख सकते थे। इस नियम को तोड़ने पर भारी टैक्स लगता था।

## थाईलैंड में मनाया गया सोंगक्रन वॉटर फेस्टिवल



**नई दिल्ली।** थाईलैंड में सोंगक्रन वॉटर फेस्टिवल मनाया गया। इसे न्यू ईयर की शुरुआत के रूप में मनाया जाता है। यह फेस्टिवल 13 से 15 अप्रैल तक मनाया गया जिसमें की 13 अप्रैल को नेशनल हॉलिडे था। सोंगक्रन फेस्टिवल 150 साल से मनाया जा रहा है और थाई संस्कृति में पानी से लड़ाई का खास महत्व है। मान्यता है कि सोंगक्रन के दौरान पानी डालना शुभ होता है इसलिए लोग एक-दूसरे से पानी से लड़ाई करते हैं। लड़ाई में प्लास्टिक की बंदूकों का इस्तेमाल होता है। यह फेस्टिवल सफाई, श्रद्धा और सौभाग्य का प्रतीक है। इसमें बुद्ध की मूर्तियों पर साफ-सुगंधित पानी छिड़कते हैं।

# इन देशों में पहाड़ों पर लटकाए जाते हैं शव, परम्परा के साथ ही साथ अंधविश्वास




एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

दुनिया में ऐसे तीन देश हैं, जहां मृत शरीर के ताबूत को कब्रिस्तान में नहीं, बल्कि ऊंचे पहाड़ों पर लटकाया जाता है। लोगों का मानना है कि ऐसा करने से शव को लंबे समय तक सुरक्षित रखा जा सकता है। वहीं कुछ लोग इस परंपरा को सिर्फ इसलिए निभाते हैं, ताकि उनके बुजुर्गों के लिए स्वर्ग के द्वार खुल जाएं। हालांकि आज के युग में इसे अंधविश्वास ही कहा जाएगा लेकिन पिछले तीन हजार सालों से यह परम्परा इन देशों में निभाई जा रही है। आइए जानते हैं कि आखिर क्यों मृत शरीर को ताबूत में रखकर लटका दिया जाता था और इसके पीछे का कारण क्या है।

### चीन में 1000 से ज्यादा कॉफिन

चीन में आज भी यांग्त्जी नदी के किनारे कॉफिन मौजूद हैं। यहां पर मिग राजवंश के समय में बो समुदाय के लोग रहते थे। किसी समय यहां पर 1000 से ज्यादा कॉफिन हुआ करते थे। लेकिन अब इनकी संख्या कम होती जा रही है। हालांकि, अब बचे हुए कॉफिन को संरक्षित कर दिया गया है और अब ये चीन के प्रमुख पर्यटन स्थलों में से एक है। फिलीपींस में हैंगिंग कॉफिन्स सगाड़ा में देखे जा सकते हैं। कॉफिन से भरी ये जगह किसी डरावने सपने से कम नहीं है। आज भी यहां पर इस प्रथा का पालन किया जा रहा है।

### इंडोनेशिया पर पहाड़ों पर कॉफिन

इंडोनेशिया के सुलावेसी में कई कॉफिन पहाड़ की चोटी पर लटके देखे जाते हैं। इन्हें देखकर लोग आज भी नहीं समझ पाते कि इन्हें इतनी ऊंचाई पर आखिर लटकाया कैसे जाता है। आज भी रियल लाइफ में लोग ताबूत के पास जाने से डरते हैं। कहा जाता है कि जब शुरुआत में शरीर के ताबूत को पहाड़ों पर लटकाया जाता था, तो लोग इनके आसपास भटकने की भी हिम्मत नहीं जुटा पाते थे।




# जम्मू रघुनाथ मंदिर में होते हैं 33 करोड़ देवी-देवताओं के दर्शन

एजेंसी ▶▶| जम्मू

सनातन धर्म में भगवान श्री राम आस्था के प्रतीक हैं। जम्मू में स्थित रघुनाथ मंदिर में भगवान श्री राम के साथ-साथ माता सीता और लक्ष्मण जी के दर्शन होते हैं। रघुनाथ मंदिर में 07 ऐतिहासिक धार्मिक स्थल भी मौजूद हैं, जहां विभिन्न देव-देवताओं के दर्शन होते हैं। रघुनाथ मंदिर की एक विशेषता यह भी है कि इस तीर्थ स्थल पर 33 करोड़ देवी-देवताओं के दर्शन एक साथ हो जाते हैं। यहां आने वाले श्रद्धालु 33 करोड़ देवी-देवताओं के लिंगम के दर्शन होते हैं। साथ ही इस मंदिर एक कक्ष ऐसा भी है जहां सभी चार धाम अर्थात रामेश्वरम धाम, द्वारकाधीष धाम, बद्रीनाथ धाम और केदारनाथ धाम के दर्शन किए जा सकते हैं। रघुनाथ मंदिर का वर्ष 1835 में राजा गुलाब सिंह द्वारा शुरू कराया गया था। वहीं मंदिर का निर्माण कार्य राजा रणवीर सिंह के शासन काल में पूरा हुआ।







Honda Motorcycle & Scooter India Pvt. Ltd., Registered Office: Plot No. 1, Sector - 03, IMT Manesar, Distt. Gurugram, (Haryana) - 122050, India; Website: www.honda2wheelersindia.com; Customer Care: customercare@honda2wheelersindia.com

तस्वीर में दिखाया गया उत्पाद बाज़ार में उपलब्ध वास्तविक उत्पाद से भिन्न हो सकता है। उत्पाद में दिखाई गई एक्सेसरीज़ सामान्य उपकरण का हिस्सा नहीं हैं।

**Honda Exclusive Authorized Dealerships:** AARANG: V Shree Honda - 9993908971, 9893728947; ABHANPUR: Patel Honda - 9009328660; BAGBHARA: Sri Sai Honda - 7697767777; BALODA BAZAR: Kiran Honda - 7049518181, 8839950369; BASNA: Laxmi Honda - 9174137571; BEERGAON: Vishwanath Honda - 9300133077; PALARI: Shri Ram Honda - 8305759763; BEMETARA: Sri Rama Honda - 8827050000, 7824222521, 8827120000; BHAKARA: Nitesh Honda - 9907975628; BHATAPARA: Kiran Honda - 9111353292; BHILAI: Anaal Honda - 9589090022/26/29, 9589090024/27; Aan Honda (Nehrunagar) - 9826635600, 0788-4013336; BIJAPUR: Ansh Honda - 9424299203; CHARODA: Rahul Honda - 9827193194; CHARAMA: Neeraj Honda - 9425230052; CHUIKHADAN: Shri Radhey Honda - 9691692500; DALLIRAJHARA: Shri Subh Honda - 7748285747, 9406082344; Shri Subh Honda(Balod)- 9425564232, 9584077772; DHAMTARI: ShriShyam Honda - 07722-233255, 9827900750; DHARSIVA: R S.Honda - 9669880000; DONDEKHURD: Yash Honda - 9826146586; DONGARGARH: Gagan Honda - 9806869214; DURG: Shree Sairam Honda - 0788-4017246, 0788-4017740, 9827349450; Dharamsheela Honda (Dhamdha) - 9303035678; FINGESHWAR: Bangani Honda- 9425402966; GIDHORI: Subhkamana Auto -7389320271; GUNDERDEHI: Sapan Honda - 7354340000, 0788-2628333; GURUR: Baba Honda - 9827936712; JAGDALPUR: Waheguru Honda - 7587006395, 9425590501, 8435090001; KONDAGAON: Danteshwari Honda - 9294566660; SUKMA: Akash Honda - 9424287457, 7587341845; PHARASGAON: Shri Deo Honda - 9993861735; KANKER: Shivnath Honda - 8720008800, 9644059600; KASDOL: Laxmi Honda - 8871233553; KESHKAL: Chattishgarh Honda - 9993293467; KHAIRAGARH: Akshat Honda - 9406534734; KURUD: Shri Shyam Honda - 07705223590, 8817898279; MAGALOAD: Dewangan Honda - 9098136447; MAHASAMUND: Sri Aryan Honda - 8120070000, 08964022000; MANDIR HASAUD: Gurukripa Honda - 9827892427: NAGRI: Nahta Honda- 9424211105; NAWAGARH: Raja Honda - 9826067896; PAKHANJUR: Disha Honda - 6261666932, 9406453860, PANDUKA (GARIABAND): Shresth Honda - 8109902966; RAIPUR: A City Honda - 8871906000; G.K Honda - 8058254444, 9826142444; Grand Honda - 8889663336; Varun Honda - 9977248100; A City Honda (Bhatagaon) - 9644132000; A City Honda (Kalibadi) - 7828282600; Varun Honda (Fafadih) - 9617078000; GK Honda (Motibagh) - 8120730003; Hemant Honda (Nawapara, Rajim) - 9165460474; RAJIM: Gulab Honda - 8839708788; RAJNANDGAON: Anshdeep Honda - 07744-223100, 9425559359, 9303730201; Manraj Honda - 07744-223333, 8435999991, 8435999992; Rakesh Honda (Dongarhgaon) - 9893419781, 8815055550; Ashirwad Honda (Churiya) - 9826338415, 94242157777; Shyam Honda (Saragaon) - 8461930088; SEJBAHAR: R.S Honda - 9754123000; KHARORA: B.K Honda - 9867224777; TILDA: Agrawal Honda - 9424200104; UTAI: Ganpati Honda - 09926083389; AMBAGARH CHOWKI: Nihal Honda - 8719911000, 9165143484; SARAIPALI: Pukraj Honda - 8889798000.

**For Bulk/Institutional enquiries, please write us at: institutionalsales@honda2wheelersindia.com**

हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अनिल कुमार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से मुद्रित एवं हरिभूमि काम्पलेक्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा, संपादक (समन्वय) ब्रह्मवीर सिंह। RNI No. CHHHIN/2002/07457, फोन : 0771-4242222, e-mail:raipur@haribhoomi.com